# GORAKHPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 27-02-2023

# प्रापर्टी डीलर के विरूद्ध धोखाधड़ी का केस

खोराबार (एसएनबी )। धोखाड़ी करके जमीन बैनामा करने और चेक बाउंस होने के मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर खोराबार पुलिस ने बहरामपुर के एक प्रापर्टी डीलर के विरूद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ोखाड़ी का केस दर्ज करके जाँच पड़ताल में जुटी हुई है ।

**एसएसपी के निर्देश पर खोराबार पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

मिली जानकारी के अनुसार जनपद कुशीनगर हाटा के पोखर भिण्डा हलमुकाम गायत्रीपुरम कालोनी जंगल नकहा गोरखपुर निवासिनी ममता देवी पत्नी शैलेंद्र सिंह वर्ष 2014 में खोराबार थाना क्षेत्र के हल्का न0 1 बहरामपुर निवासी प्रापर्टी डीलर कमलेश यादव से बहरामपुर में जमीन ली थी । बैनामा के बाद उनको पता चला कि उक्त जमीन बिवादित है और मामला न्यायालय में लंबित है। भूमि का खारिज दाखिल नही हो पायेगा। काफी दिनों से प्रापर्टी डीलर रुपये देने के लिए दौड़ाता रहा। बीते 13 जनवरी को पीड़िता ने थाने पर तहरीर दिया। उस दौरान प्रापर्टी डीलर पीड़िता को चेक दिया और कहा कि दो दिन में चेक क्लियर हो जाएगा । महीनों बीतने के बाद भी जब चेक क्लियर नहीं हुआ तो पीड़िता ने एसएसपी को प्रार्थना-पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई । एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने प्रॉपर्टी डीलर कमलेश यादव पुत्र रामकेवल यादव के खिलाफ धारा 406, 420 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज मामले की जांच कर रही है।

# शांतिपूर्ण ढंग से मनायें त्योहार

**सोनबरसा (एसएनबी)।** चौरीचौरा क्षेत्र के सोनबरसा बाजार मे स्थित पुलिस चौकी पर चौरीचौरा के एस एस आई शिवराज सिंह व सोनबरसा चौकीप्रभारी विशाल कुमार उपाध्याय के नेतृत्व मे रविवार शाम को होली व शबेबरात त्योहार के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक हुई और पुलिस के जवानों ने सोनबरसा बाजार व रामपुर बुजुर्ग मे पैदल फ्लैगमार्च कर जनमानस को सुरक्षा का एहसास दिलाया।

इस दौरान बैठक मे एस आई विपीन विहारी, कान्स्टेबल प्रदीप कुमार, पियूष कुमार, राहुल कुमार,निलेश कुमार सोनबरसा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धर्मेन्द्र प्रजापति, बेलवा खुर्द ग्रामप्रधान जावेद अली, रामूडिहा ग्राम प्रधान रविप्रताप सिंह, विश्वम्भरपुर ग्राम प्रधान जनार्दन गुप्ता, छपरा मंसूर ग्राम प्रधान दीपक कुमार, बैकुण्ठपुर ग्रामप्रधान उपेन्द्र सिंह, रामपुर बुजुर्ग ग्रामप्रधान वेदप्रकाश पासवान सहित ग्रामसभा व चौराहे के तमाम लोग उपस्थित रहें।

# हत्या के प्रयास में फरार चल रहे दो आरोपित गिरफ्तार

**भटहट।** पिपराइच पुलिस हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे दो आरोपितों को रविवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के चिउटहा गांव निवासी अश्वनी पुत्र राम रतन तथा भिसवा गांव निवासी ओमप्रकाश के खिलाफ कुछ दिन पहले धारा 307 के तहत थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। दोनों अभियुक्त काफी दिनों से फरार चल रहे थे।

# वृद्ध की हत्या के मामले में तीन पर मुकदमा

बड़हलगंज (एसएनबी )। क्षेत्र के विमटी दुबे गांव निवासी 70 वर्षीय लालमनि प्रसाद की पिटाई के दौरान गिरकर हुई मौत के मामले में पुलिस ने तीन के विरूद्ध हत्या व मारपीट का केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीओ जगत नारायण कन्नौजिया ने बताया कि तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। मामले में भीम आर्मी पार्टी के कार्यकर्ताओं की दखल के बाद हरकत में आयी पुलिस ने रविवार की सुबह 11.15 बजे तीन व्यक्तियों विमुटी गांव निवासी अमन दुबे, मयंक दुबे व मुकेश दुबे के विरुद्ध मृतक के नाती आशीष की तहरीर पर धारा 302, 323, 504, 506 व अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

रविवार को मृतक लालमनि का शव पीएम के बाद विमुटी गांव पहुंचा। उसके बाद मुक्तिपथ पर अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सीओ, कोतवाल सहित पुलिस फोर्स मौजूद रही।



बाबा गंम्भीर नाथ प्रेक्षागृह में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में एडीजी अखिल कुमार, डीआईजी जे. रविन्द्र गौड़, एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई व अन्य के साथ में उपस्थित नवनियुक्त अभ्यर्थी। फोटो : एसएनबी

# गोरखपुर रेंज को मिले 392 सब इंस्पेक्टर

गोरखपुर (एसएनबी)। रविवार को गोरखपुर रेंज को 392 नए सब इंस्पेक्टर मिल गए। रेंज के मिले सभी 392 नए सब इंस्पेक्टर को एडीजी अखिल कुमार ने रविवार को ईमानदारी से राज्य की सुरक्षा करने का संकल्प दिलाकर नियुक्तिपत्र सौंपा।

इसमें गोरखपुर से 133, देवरिया से 138, कुशीनगर से 55 और महराजगंज से 56 सब इंस्पेक्टर्स के अलावा पीएसी में 9 प्लाटून कमांडर और एक अग्निशमन विभाग में सेकेंड अधिकारी पद पर चयनित अभ्यर्थी शामिल थे।

**पीएम ने भी दी बधाई**

वर्चुअल संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी नए सब इंस्पेक्टर्स को बधाई देते हुए कहा कि आपको सरकार वर्दी और डंडा देगी लेकिन आपको दिल से काम लेना होगा।

## पीएम और सीएम ने भी वर्चुअली बढ़ाया उत्साह





ऑनलाइन संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**सीएम योगी ने बढ़ाया हौसला**

प्रधानमंत्री के संबोधन से पहले योगी राज बाबा गंभीरनाथ के प्रेक्षागृह में नए सब इंस्पेक्टर्स को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार भरोसा दिलाती है कि वह पुलिस का दबदबा कायम रखेगी। इस पर उपस्थित नए सब इंस्पेक्टर्स ने जोश के साथ हामी भरी और पूरा हाल तालियों से गूंज पड़ा। इस मौके पर आईजी/डीआईजी रेंज जे रविन्द्र गौंड, एसपी सिटी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई, एसपी क्राइम इन्दू प्रभा सिंह, एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह समेत समस्त सर्किल के सीओ मौजूद रहे।

**एडीजी जोन अखिल कुमार ने संकल्प दिलाकर सौंपा अपाइंटमेंट लेटर**

## जानलेवा हमला का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। चिलुआताल पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले मे फरार चल रहे प्रदुम्न चौहान पुत्र राजू चौहान निवासी जंगल बेनीमाधव न0 2 मोहरीपुर थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपित को आईपीसी की धारा 323, 504, 506, 308, 325 के तहत कोर्ट में पेश की जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# उमेश पाल हत्याकांड के शूटर्स के नेपाल भागने का शक

## इंडो- नेपाल बार्डर पर हाई अलर्ट

गोरखपुर (एसएनबी)। प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड में शामिल 4 हमलावरों की पहचान हो गई है। हमले में शामिल बाहुबली अतीक अहमद का बेटा असद, अतीक का करीबी बमबाज गुड्डू मुस्लिम, अरमान और मोहम्मद गुलाम की पहचान की गई है। चारों प्रयागराज के ही रहने वाले हैं। हमले में कुल 7 लोग शामिल थे। यूपी के एडीजी लॉ एंड आर्डर प्रशांत कुमार व अन्य अधिकारियों ने प्रयागराज में डेरा जमाया है।

प्रयागराज पुलिस और एसटीएफ ने मुस्लिम बोर्डिंग से तीन शूटरों को उठाया है। हत्या में आरोपित माफिया अतीक अहमद का बेटा असद और कुछ और शूटर पुलिस की पकड़ से दूर हैं। उठाए गए शूटरों से पुलिस टीम को पूर्वांचल के रास्ते असद और अन्य शूटरों के नेपाल भाग जाने की सूचना मिली है। जिसके बाद एडीजी लॉ एंड आर्डर ने शूटरों की गिरफ्तारी के लिए भारत- नेपाल सीमा पर भी हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। पूर्वांचल के सभी सीमाई जिलों में शूटरों की तस्वीरें भेज उनकी गिरफ्तारी के लिए कहा है। उक्त के क्रम में एडीजी जोन अखिल कुमार ने गोरखपुर जोन के सभी पुलिस कप्तानों को निर्देशित किया है। एडीजी का निर्देश जारी होते ही गोरखपुर समेत इंडो-नेपाल सीमा पर चेकिंग शुरू हो गई है। एडीजी अखिल कुमार ने बताया, प्रयागराज में हुए शूटआउट मामले शूटर्स की नेपाल भागे जाने की सूचना मिली है। अब तक शूटर्स की जो तस्वीरें सामने आई है, उसे लेकर भारत नेपाल सीमा के सभी जिलों, खासकर महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर और बहराइच समेत दूसरे जिलों के पुलिस अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया है। शूटर्स की गिरफ्तारी के लिए जोन भर में सघन अभियान चलाए जा रहे हैं। ताकि, वह किसी भी कीमत पर पुलिस को चकमा देकर नेपाल न पहुंचने पाएं। इसे देखते हुए सीमावर्ती जिलों में तलाशी अभियान और जांच की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बतादें कि प्रयागराज में बसपा विधायक रहे राजू पाल मर्डर केस के मुख्य गवाह उमेश पाल की शुक्रवार को हत्या कर दी गई। दो गनर को भी बदमाशों ने शूट कर दिया था।

**एडीजी ने तस्वीरें भेज जोन भर में शुरू कराई चेकिंग**

### बीती रात 1.30 बजे हत्यारोपित नीलम ने दी थी पुलिस को सूचना

# नकाबपोश मेरे पति व बच्चों को मार रहे साहब





मीडिया को जानकारी देते एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई, एसपी उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी, आरोपित महिला को ले जाती पुलिस तथा रोते-बिलखते परिजन।

■ अरुण त्रिपाठी/सत्य प्रकाश त्रिपाठी

■ गोरखपुर।

जिले में पति व बच्चों की हत्या करने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ती ही जा रही है। शाहपुर क्षेत्र की अर्चना यादव, कैंट क्षेत्र की सुषमा सिंह के बाद बीती रात सहजनवा के साहबगंज मोहल्ले में नीलम गुप्ता नाम की महिला ने अपने पति और दो मासूम सौतेले बेटों के सिर पर सोते समय पहले किसी वजनी चीज से प्रहार किया फिर उनका गला रेतकर हत्या कर दी। वारदात के बाद वह घर से भागी नहीं बल्कि शातिर दिमाग महिला ने एक झूठी कहानी गढ़ डाली लेकिन उसकी यह झूठी कहानी पुलिस के समक्ष ज्यादा देर नहीं टिक सकी। वह कुछ ही देर में पुलिस के सामने टूट गयी और हत्या की बात स्वीकार करते हुए घटनाक्रम की पूरी जानकारी दे दी।

बीती रात 1.30 बजे डायल 112 पर गोरखपुर पुलिस का फोन घनघनाने लगा। कॉल रिसीव करने पर पता चला कि कॉल सहजनवा थाना क्षेत्र के सहबाजगंज की महिला नीलम गुप्ता का है। नीलम ने पुलिस को बताया कि उसके घर में दो नकाबपोश बदमाश घुस आए हैं और वह उसके पति और बच्चों को मार रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। देखा तो कि कमरे में महिला का पति और उसके बेटे खून से लथपथ तड़प रहे थे। पुलिस तीनों को अस्पताल ले गयी जहां तीनों को मृत घोषित कर दिया गया। सुबह डाग स्क्वायड और फिंगर एक्सपर्ट्स की टीम भी मौके पर पहुंची। जिसके बाद घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया।

**हत्या के पूर्व पति को पिलाई शराब :** पुलिस पूछताछ में सामने आया कि शनिवार शाम को नीलम ने खुद पति को शराब लाने के लिए पैसे दिए थे। घर में खाना बनाया और खुद जमकर शराब पिलाई, जब पति अवधेश शराब के नशे में चूर होकर सो गया तो पहले उसके सिर पर डंडे से वार किया और फिर चाकू से उसका गला रेत दिया। इसके बाद एक-एक करके अपने दोनों सौतेले बेटों आर्यन व आरव उर्फ पीहू का गला रेत दिया। जिन्हें अस्पताल में मृत घोषित किया गया।

**सहजनवां मे पति व दो सौतेले बेटों की हत्या**

**सौतेली बेटी को रखैल बनाउंगा :** हत्यारोपित नीलम का कहना है कि वो अपने पति को नहीं मारती। मगर उसने झगड़े के दौरान कहा कि सौतेली बेटी को रखैल बनाउंगा। मेरे मरने के बाद मेरे बेटे इसे अपनी रखैल बनाएंगे। इसके बाद उसने मर्डर की प्लानिंग कर ली। क्योंकि उसको लगने लगा था कि उसकी बेटी की जिंदगी दांव पर लगी है। अब पुलिस ने बेटी को नानी के घर भेज दिया।

**तीन महीने पहले घर छोड़कर भाग गया था अवधेश :** अवधेश गुप्ता जिगना चौराहे पर गोलगप्पे की दुकान लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। करीब दो साल पहले उसकी पत्नी की कैंसर से मौत हो गई थी। पत्नी की मौत के बाद घर में दो मासूम बच्चों की परवरिश करने वाला कोई नहीं था, इसलिए साल भर पहले अवधेश ने संतकबीरनगर के मझगांवा की रहने वाली नीलम गुप्ता से मंदिर में शादी कर ली। गांव वालों के मुताबिक, नीलम का आए दिन पति से विवाद होता रहता था। जिससे तंग आकर नवंबर 2022 में अवधेश कुछ दिनों के लिए घर छोड़कर फरार हो गया था। उसके घर छोड़ने के बाद नीलम ने सहजनवा थाने में उसकी गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी।

**जायदाद, रुपए और गहने मांग रही थी नीलम :** परिवार के लोग बताते हैं कि अभी 10 दिन पहले ही अवधेश वापस घर लौटा था। अवधेश के घर लौटते ही पत्नी नीलम उससे 5 लाख रुपया, पहली बीवी के गहने व जायदाद भी अपने व बेटी के नाम करने की मांग रही थी। जिसे अवधेश ने देने से इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर घर में फिर से विवाद चल रहा था। शनिवार की रात उसने अपने पति और दो बेटों की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। मृतक पांच भाई में चौथे नम्बर का था।


**गुडवर्क टीम में शामिल रहे पुलिसकर्मी :** गुडवर्क टीम में सहजनवा थानाध्यक्ष नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव, एसआई जीतेंद्र निर्मल, एसआई विनय कुमार सिंह, आरक्षी श्रीप्रकाश यादव, आरक्षी अनुज कुमार सिंह, महिला आरक्षी सुनीता निषाद, एसआई मनीष यादव (प्रभारी स्वाट), हेका. राजमंगल, हेका. कमलापति व रवि चौधरी (स्वाट) गोरखपुर शामिल रहे।

**सौतेली बेटी पर गलत नीयत रखता था अवधेश :** एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि जब पूछताछ की गई तो पता चला कि महिला नीलम ने ही अपने पति और बेटों की हत्या की है। पुलिस ने महिला को अरेस्ट कर लिया। पूछताछ में सामने आया है कि महिला की एक बेटी है। जिस पर उसका पति अवधेश गलत नीयत रखता था। इस बात को लेकर परिवार में लगातार विवाद भी होता था।



## नियुक्ति पत्र

**गोरखपुर मंडल के 392 नवनियुक्त उपनिरीक्षकों को एडीजी अखिल कुमार ने रविवार को नियुक्ति पत्र दिया. योगीराज बाबा गंभीरनाथ के प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने उप निरीक्षकों को वर्चुअल रूप से संबोधित किया.**



# सहबाजगंज में छाया मातम, नहीं जले चूल्हे

GORAKHPUR (26 Feb): सहबाजगंज में तीन निर्मम हत्या ने मोहल्लेवासियों को झकझोर कर रख दिया. सुबह से ही लोग घटनास्थल पर भीड़ लगाए रहे. रविवार को पूरे मोहल्ले में मातम छाया रहा. किसी के घर का चूल्हा भी नहीं जला.



### जलाई थी बच्चों की ड्रेस

मोहल्ले के लोगों ने बताया कि आर्यन और आरव की सौतेली मां अक्सर बच्चों को प्रताड़ित करती थी. 2 माह पूर्व बच्चों ने स्कूल फीस जमा करने के लिए बोला तब नीलम ने नाराज होकर उनका स्कूल ड्रेस जला दिया था. माता पार्वती शिशु शिक्षा मंदिर स्कूल सहजनवां में आर्यन क्लास 2 और आरव 1 में पढ़ता था.आर्यन और आरव की मौत के बाद उनके दोस्त आयुष, सत्यम बार-बार उन्हें याद कर रो रहे हैं. दोनों बच्चों ने बताया कि आर्यन और आरव हमारे दोस्त थे. हम लोग एक साथ मैच खेलते थे. शनिवार की शाम को हम लोग मैच खेले थे. दोस्तों ने बताया कि आर्यन कह रहा था कि वो सोमवार को अपने ननिहाल संतकबीर नगर जाने वाला है. इसको लेकर वो काफी खुश था. साल 2022 में 9 मार्च को अवधेश और नीलम की शादी हुई थी. इस साल 9 मार्च को उनका एक साल पूरा होता.

### मोबाइल से सब डिलीट कर दिया

नीलम ने इस घटना को अकेले कैसे अंजाम दिया होगा? ये सवाल सबके मन में आ रहा है. साथ ही नीलम अच्छी कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल चलाती थी. घटना के बाद उसकी सारी डिटेल भी नीलम ने डिलीट कर दी है. फिलहाल नीलम का मोबाइल कब्जे लेकर पुलिस उसके नंबर का सीडीआर निकलवा रही है.

### 11 माह पहले हुई थी शादी

एसपी सिटी ने बताया, सहजनवां नगर पंचायत के वार्ड नंबर 5 सहबाजगंज निवासी अवधेश गुप्ता (35) की पहली पत्नी की तीन साल पहले कैंसर से मौत हो गई थी. अवधेश पांच भाइयों में चौथे नंबर पर था. सभी भाई अलग-अलग रहते हैं. पत्नी की मौत के बाद अवधेश को दो बेटे 7 साल का आर्यन और 6 साल के आरव की देखभाल में परेशानी होती थी. इसकी वजह से 11 महीने पहले अवधेश ने संतकबीर नगर जिले के महूली मझगांवा की रहने वाली 32 साल की नीलम गुप्ता से शादी कर ली.

### दूसरी थी शादी

नीलम की भी यह दूसरी शादी थी. उसकी भी पहले से एक बेटी है. नीलम के पहले पति बखिरा निवासी अखिलेश गुप्ता की साल 2012 में लेहड़ा देवी मंदिर जाते हुए सड़क हादसे में मौत हो गई थी.



### सौतेली बेटी पर गलत नीयत रखता था अवधेश

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि नीलम ने ये स्वीकार किया है कि उसने पति और बच्चों को मारा है. इसकी वजह उसने बताई है कि उसकी 12 साल की बेटी है. जिसपर पति अवधेश गलत नीयत रखता था. इस बात को लेकर परिवार में लगातार विवाद भी होता था. नीलम का ये भी कहना था कि उसकी बच्ची पहले पढ़ती थी, जब से उसने दूसरी शादी की थी तब से पति ने बच्ची की पढ़ाई भी छुड़वा दी थी. अवधेश अपनी प्रॉपर्टी का हिस्सा सिर्फ दोनों बेटों को देना चाहता था.

बड़हलगंज एरिया में भी पत्नी ने अपने प्रेमी से पति की हत्या कराई थी

# पवित्र रिश्ते पर कलंक

शाहपुर में एक महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर पति और बच्चे की हत्या की थी

## गोरखपुर में पहले भी मौत पर खत्म हुए पति पत्नी के रिश्ते, पुलिस के लिए बने चुनौती

gorakhpur@inext.co.in

i UPDATE

GORAKHPUR (26 Feb):सहजनवां में पति और 2 मासूम बच्चों की चाकू से गला रेतकर जान लेने वाली घटना ने गोरखपुर में हुई पहले की चर्चित घटनाओं की याद ताजा कर दी है. गोरखपुर के शाहपुर में एक महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर पति और बच्चे की हत्या की थी. इसी तरह बड़हलगंज एरिया में भी पत्नी ने अपने प्रेमी से पति की हत्या कराई थी. प्रेमी ने पति की हत्या कर शव के साथ सेल्फी भी ली थी. इन घटनाओं ने पति-पत्नी के पवित्र रिश्तों को शर्मसार किया था. ऐसी घटनाओं को रोकना हर बार पुलिस के लिए भी चुनौती बनती जा रही है. मनोचिकित्सकों का मानना है कि पति-पत्नी में मामूली विवाद अब बड़ा रूप लेता जा रहा है. कई मामलों में तो पहले एक दूसरे को देखना भी पसंद नहीं करते हैं. धीरे-धीरे यह दूरी बढ़ती जाती है और कोई एक बात चुभ जाती है तो रास्ते से भी हटाने से गुरेज नहीं करते हैं.

### बड़हलगंज में प्रेमी ने ली थी मर्डर की सेल्फी

CASE 01

बड़हलगंज निवासी गिरजेश उर्फ गोलू की पत्नी अनीता का अफेयर उसकी बहन के जेठ अमरजीत से चल रहा था. दोनों साथ रहने के लिए गिरजेश को रास्ते से हटाना चाहते थे. प्रेमिका के इशारे पर प्रेमी अमरजीत ने अपने मौसेरे भाई विशेषर पटेल और दोस्त दुर्गेश के साथ मिलकर 3 फरवरी 2023 की रात में गिरजेश उर्फ गोलू को पहले शराब पिलाई, फिर चाकू से उसका गला रेत कर हत्या कर दी. इसके बाद शव के साथ अमरजीत ने सेल्फी ली. उस सेल्फी को प्रेमिका को भी भेजी. इसमें अमरजीत के हाथ में चाकू था. गिरजेश का शव नीचे पड़ा था, उसकी गर्दन रेती हुई थी.

### शाहपुर में अर्चना ने हथौड़े से मारकर ली थी मासूम की जान





CASE 02

शाहपुर के बशारतपुर, अशोकनगर निवासी इंस्पेक्टर के मकान में 21 जनवरी को बिस्तर पर ओम प्रकाश की डेड बॉडी और बगल में उनके चार साल के मासूम का शव मिला था. बच्चे के शव के पास से खून से सना एक हथौड़ा भी मिला था. पत्नी अर्चना की सूचना पर पहुंची पुलिस को इस घटना को खोलने में काफी मशक्कत करनी पड़ी थी. अर्चना ने पुलिस को बताया कि रात में उसके पति लौटे तो बेटे संग सो गए. भोर में उसकी नींद खुली तो दरवाजा बाहर बंद था. उसने शोर मचाया तो कोई आवाज नही आई. पहली जांच में लूट की बात सामने आई. ओम प्रकाश की मां बागेश्वरी देवी की तहरीर पर पुलिस ने चेन, मोबाइल, नकदी लूट और मर्डर केस फाइल किया. तभी मां ने क्लू दिया कि उनके बेटे और बहू के ता ुकात ठीक नहीं थे. पुलिस ने जब सीडीआर खंगाला तो एक मोबाइल नंबर ट्रेस हुआ. लेकिन जिद्दी अर्चना न तो अपना मोबाइल फोन पुलिस को दे रही थी. न ही वह पति और बेटे के हत्या की गुत्थी सुलझाने में कोई सहयोग करने को तैयार हुई. बाद में जब पुलिस ने कड़ाई की तब अर्चना ने बताया कि उसने अपने फेसबुक फ्रेंड संग मिलकर पति और बेटे की हत्या की थी.

### कुटुंब बचाने के यह जरूरी

- परिवार के सभी सदस्यों को अपनी बातें रखने का अवसर दिया जाए और उन्हें सुना जाए.
- डेली एक समय ऐसा जरूर हो, जब परिवार के लोग एक साथ हंसी मजाक करें.
- घर पर जाते ही पति या पत्नी मोबाइल को दूर रखें.
- सीनियर्स को रोल मॉडल के रूप में आगे करें.
- परिवार में बड़ों का आदर करें और बच्चों को भी सिखाएं.
- शादी से पहले लड़के और लड़की की रजामंदी को भी शामिल करें.



"अपनी बात को शेयर न कर पाना खुद को अकेला समझना ये बहुत बड़ी वजह है कि लोग पवित्र रिश्ते को रास्ते से हटाने की सोच ले रहे हैं. लोग अब एक दूसरे से मिलना जुलना और बातचीत करने से भी कतरा रहे हैं. ऐसे में उनके मन की बात अंदर ही रह जा रही है. उनके अंदर ऐसी प्रवृति जन्म ले रही कि उन्हें कोई पंसद नहीं करता है.

**प्रो. सुषमा पांडेय,** पूर्व विभागाध्यक्ष, डीडीयूजीयू मनोविज्ञान विभाग

# गृहक्लेश, 'वो' और शराब की लत से रिश्तों में दरार

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (26 Feb): छोटी-छोटी बातों पर पति-पत्नी में अनबन होने पर परिवार न टूटे. आए दिन के क्लेश के चलते बच्चों पर इसका बुरा प्रभाव न पड़े. इस सोच को ध्यान में रखते हुए परिवारिक परामर्श केंद्र टूट रहे रिश्तों को जोड़ने का काम कर रही है. हालांकि पति और पत्नी के बीच की लड़ाई-झगड़े इस कदर बढ़ गए कि मामला हत्या तक पहुंच गया है. ऐसा शराब की लत की वजह से भी परिवार के रिश्तो में दरार आ रही है. गृहक्लेश और पति-पत्नी के बीच वो के आने से पारिवारिक विवाद बढ़े हैं. इस तरह के तीन से चार मामले डेली परामर्श केंद्र में आते हैं, जिसमें हर दिन एक से अधिक मामलों का काउंसलिंग के जरिए निस्तारण परामर्श केंद्र कर रही है. हालांकि कई मामले अनसुलझे भी हैं.



**110** केस औसतन हर माह पति-पत्नी के विवाद के आते हैं.

**90** परसेंट मामले 25 से 40 आयु वर्ग के बीच के हैं.

**11** लोगों की टीम (मनोविज्ञान के प्रोफेसर, चिकित्सक, समाजसेवी) परिवार परामर्श केंद्र में काम कर रही.

### मोबाइल पर करने से भी रिश्तों में भी दरार

महीने में करीब 110 पति और पत्नी के आपसी लड़ाई और झगड़े के आते हैं. दूसरी तरफ शराब की लत परिवारों को बर्बाद कर रही है. कई मामले ऐसे होते हैं शराब पीड़ितों से संबंधित रहते हैं. पुलिस के लाख प्रयास के बाद कहीं पति तो कहीं पत्नियां रिश्ता तोड़ रही हैं. शराब के अन्य मामलों में पुलिस ने सुलह कराकर रिश्तों को फिर से नई राह भी दी. शेष मामलों में मोबाइल से बात करना, आपसी कहासुनी पारिवारिक विवाद शामिल है. इसमें से लगभग 60 मामलों को निस्तारण परामर्श केंद्र में होता है.

### पति-पत्नी के बीच अंडरस्टैंडिंग

मनोवैज्ञानिक डॉ. विकास रंजन त्रिपाठी ने बताया कि पति-पत्नी का रिश्ता बहुत ही नाजुक होता है. दोनों में अगर अंडरस्टैंडिंग न हो, तो इस रिश्ते में दरार आते हुए देर नहीं लगती. कभी-कभी ऐसा होता है कि पति-पत्नी की आपसी समझ तो बहुत बेहतर होती है लेकिन उनके बीच परिवार के लोग दीवार खड़ी कर देते हैं. सास-ससुर, जेठ-जेठानी, देवर-देवरानी या ननद आदि से जुड़े मामले कई बार दोनों के बीच मतभेद के कारण बन जाते हैं. ऐसे में पति-पत्नी का रिश्ता जैसे घर की चारदीवारी में फंसकर रह जाती है. कभी-कभी तो रिश्तेदार अपना हित साधने और झूठे अहंकार के चक्कर में पति-पत्नी का रिश्ता तक खराब करने से गुरेज नहीं करते. उन्हें किसी के घर के टूटने की परवाह नहीं होती. ऐसे में आप दोनों को आसपास के लोगों से ज्यादा एक-दूसरे को समझकर गलत फहमियों को सुलझाना चाहिए.

### आपसी पारिवारिक मतभेद

त्रिपाठी ने बताया कि ज्यादातर मामले पति-पत्नी के आपसी लड़ाई और झगड़े के आते हैं. पति-पत्नी के आपसी पारिवारिक मतभेद होते हैं. उन्हें जोड़ने के लिए सामाजिक और कानून के बारे में बताते हुए उन्हें समझाने कर समस्याओं का समाधान किया जाता है. सबसे ज्यादा प्रॉब्लम उनकी गलत सोच की वजह है. सबसे ज्यादा क्रोध, एक दूसरे के सामने नीचा दिखाना और दबा कर रखने की है. इतना ही नहीं पति और पत्नी के आजादी में किसी तरह की बाधा पहुंचा सबसे बड़ा कारण है. यदि जहां पर सकारात्मक सोच रहती है तो पारिवारिक कलह होता है. रिश्ते में विश्वास, एक दूसरे को समान दृष्टि से देखा जाए तो इसका समाधान अपने आप निकल जाएगा.

# गोरखपुर में ट्रिपल मर्डर, बेरहम पत्नी ने पति और 2 बच्चों को मार डाला

**सहजनवां में महिला ने की वारदात, मारने के बाद खुद दी डॉयल 112 को सूचना**

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल.

FILE PHOTO





मासूम आर्यन-आरव.



अवधेश गुप्ता.

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (26 Feb):** एक सौतेली मां की करतूत ने सबको हैरान कर दिया है. सहजनवां के सहबाजगंज में शनिवार देर रात एक महिला ने अपने पति अवधेश गुप्ता (35) और दो सौतेले बेटों आर्यन (7) और आरव (6) का चाकू से गला रेत दिया. तड़पते पति और बच्चों के सामने ही बेखौफ महिला ने डॉयल 112 को सूचना भी दी. महिला ने पुलिस को बताया कि उसके घर में सिर पर साफा बांधे 3 बदमाश घुस आए हैं, वे उसके पति और बच्चों को मार-पीट रहे हैं. इस सूचना पर जब पुलिस पहुंची तो घर के अंदर पति और दो बच्चे खून से लथपथ मिले. पुलिस तीनों को गंभीर हालत में सीएचसी, जिला अस्पताल फिर मेडिकल कॉलेज लेकर गई. जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

## पहले चाकू से वार फिर डंडे से प्रहार

घटनास्थल पर सुबह पुलिस, डॉग स्क्वॉयड और फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई. घर पर सौतेली मां और उसकी 12 साल की बेटी बिल्कुल सुरक्षित मिले. इस पर पुलिस को शक हुआ तो महिला से सवाल-जवाब किया, जिसके बाद महिला टूट गई और उसने सारी हकीकत बयां कर दी. महिला ने बताया कि उसने पहले पति का गला रेता, फिर बच्चों के गले पर चाकू से हमला किया. इतना ही नहीं चाकू मारने के बाद पति और बच्चों के सिर पर कई बार डंडे से भी प्रहार किया, ताकि वे जिंदा ना बचें.

## नाली से निकाला चाकू

पुलिस ने महिला को अरेस्ट कर हत्या में यूज किए चाकू के बारे में पूछा तो महिला सबके सामने ही नाली में हाथ डालकर कुछ खोजने लगी. थोड़ी ही देर में उसने नाली से हत्या में यूज किया चाकू खोज निकाला. पुलिस ने तीनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

## आठ घंटे में खुलासा

सहजनवां पुलिस ने रात 2 बजे की घटना का 8 घंटे में खुलासा भी कर दिया. रविवार को पुलिस ऑफिस में एसपी सिटी और एसपी नॉर्थ ने मर्डर की पूरी घटना का खुलासा करते हुए अहम जानकारियां शेयर की.

## पति को शराब पिलाई

शनिवार को नीलम पर खून सवार हो गया था. उसने खुद अपने पति अवधेश को शराब पीने के लिए पैसे दिए. जब वो शराब पीकर सो गया. तब नीलम ने अवधेश का गला चाकू से रेता था. इसके बाद बच्चों को भी मार डाला. SEE PG 3

**आयोजन** | प्रेक्षागृह में एडीजी ने चयनित उप निरीक्षकों को संकल्प दिलाने के बाद दिया नियुक्तिपत्र, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने भी कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़कर बढ़ाया उत्साह

# गोरखपुर रेंज के 392 उप निरीक्षकों को मिला नियुक्तिपत्र

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गोरखपुर परिक्षेत्र के 392 नव नियुक्त उपनिरीक्षकों को एडीजी अखिल कुमार ने रविवार को राज्य की सुरक्षा और ईमानदारी से नौकरी करने का संकल्प दिलाकर नियुक्तिपत्र प्रदान किया। इसमें गोरखपुर से 133, देवरिया से 138, कुशीनगर से 55 और महराजगंज से 56 उप निरीक्षक शामिल थे। इसके अलावा पीएसी में नौ प्लाटून कमांडर तथा एक अग्निशमन विभाग के द्वितीय अधिकारी पद पर चयनित अभ्यर्थी को भी नियुक्ति पत्र दिया गया।



बाबा गम्भीरनाथ प्रेक्षागृह में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में एडीजी व अन्य अधिकारी।

इससे पूर्व योगी राज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में नव नियुक्त उप निरीक्षकों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार भरोसा दिलाती है कि वह पुलिस का दबदबा कायम रखेगी। इस पर उपस्थित नव नियुक्त उप निरीक्षकों ने जोश के साथ हामी भरी और पूरा हाल तालियों से गूंज उठा। सीएम के बाद वर्चुअल संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आपको सरकार वर्दी और डंडा देगी लेकिन आपको दिल से काम लेना होगा। इस मौके पर आईजी जे. रविन्द्र गौड़, एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई, एसपी क्राइम इन्दु प्रभा सिंह, एसपी दक्षिणी अरुण सिंह आदि रहे।

**01** सौ 33 उपनिरीक्षक गोरखपुर के रहे नियुक्ति पत्र पाने वाले

**55** उप निरीक्षक कुशीनगर और 56 महराजगंज के रहे शामिल

**09** प्लाटून कमांडरों को भी कार्यक्रम के दौरान दिया गया नियुक्ति पत्र

## जताई खुशी



टाटा कंपनी में प्राइवेट नौकरी करते हुए तैयारी की थी। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की उपस्थिति में मिले नियुक्ति पत्र मिला।
– हरेन्द्र यादव



वर्तमान में सिपाही के पद पर तैनात हूं। मेरी यह तीसरी नौकरी है जिसे मैंने क्वालीफाई किया है। नियुक्तिपत्र मिलने से खुश हूं।
– प्रेम प्रकाश पाण्डेय



बिना किसी कोचिंग घर पर रहकर तैयारी की थी। मुख्यमंत्री योगी ने अपने भाषण जो भी शिक्षाप्रद बातें कहीं उन्हें अपने जीवन में उतारने की पूरी कोशिश करूंगा।
– कृष्ण कुमार मिश्रा



रेलवे में नौकरी करने के दौरान खुद से तैयारी करके दरोगा भर्ती के लिए परीक्षा दी थी। गौरवान्वित हूं कि मुझे देश की सेवा करने का अब मौका मिल रहा है।
– विवेक सिंह

नीलम पुलिस से बोली- पति बेटी पर रखता था बुरी नजर इसलिए की हत्या, अवधेश की मां ने कहा-नीलम के कई लोगों से संबंध

# पति को 'पापी' बताने वाली नीलम के चरित्र पर भी सवाल

**खौफनाक**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। सहजनवा थानाक्षेत्र के वार्ड नं. 5 शहबाजगंज में 40 वर्षीय अवधेश गुप्ता और उनके दो बच्चों आर्यन तथा आरव की हत्या का जुर्म पत्नी नीलम ने कबूल कर लिया है। उसका कहना है कि उसकी 12 साल की बेटी पर अवधेश की बुरी नजर थी। हालांकि अवधेश की मां सुभावती देवी नीलम के चरित्र पर ही सवाल उठा रहीं हैं। उनका कहना है कि अपनी गलती छिपाने के लिए वह पति पर गलत आरोप लगा रही है। नीलम के कई लोगों से संबंध हैं। सम्पत्ति की लालच में उसने बेटे और नातियों की हत्या की है।

नीलम की गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई और एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि नीलम ने घटना को लूटपाट का रूप देने की कोशिश की थी। उसने शनिवार की रात करीब डेढ़ बजे डायल 112 पर फोन कर बताया कि उसके घर में चेहरा बांधे दो लोग घुस आए हैं वह उसके पति और बच्चों को मार रहे हैं।

पुलिस पहुंची तो नीलम पति और बच्चों से अलग दूसरे कमरे में थी। पुलिस जब उस कमरे में गई और खून से लथपथ मासूम बच्चों के साथ उनके पिता को देखा। पुलिस घायलों को अस्पताल ले गई लेकिन पहले अवधेश और बाद में बच्चों की मौत हो गई। पुलिस को छानबीन में नीलम पर संदेह हुआ। पूछताछ में उसने जुर्म कबूल कर लिया।

एसपी सिटी ने बताया कि नीलम ने पुलिस को बताया कि पहले पति से उसकी 12 साल की बेटी है। दूसरे पति अवधेश की उस बेटी पर बुरी नजर थी। इसलिए उसने उसकी हत्या कर दी। मासूम बच्चों की हत्या पर नीलम ने बताया कि बच्चों ने पिता की हत्या होते देख लिया था। बाद में वह इस हत्या का बदला लेते और संपत्ति में उसकी बेटी को कोई हिस्सा नहीं मिलता, इसलिए उसने उन्हें भी मार दिया।



सहजनवा थानाक्षेत्र के वार्ड नं. 5 शहबाजगंज में तीन लोगों की हत्या पर रोते-बिलखते परिजन।

### पांच भाइयों में चौथे नम्बर का था अवधेश गुप्ता

अवधेश गुप्ता पांच भाइयों में तीसरे नम्बर का था। वह पेंट पालिश का काम करता था। अवधेश की मां सुभावती देवी ने बताया कि नीलम के बुलाने पर ही वह दिल्ली से घर आया था। अवधेश की पहली पत्नी की वर्ष 2019 में कैंसर से मौत हुई थी। पहली पत्नी से सात साल का बेटा आर्यन और पांच साल का बेटा आरव थे।

### नीलम के पहले पति की सड़क हादसे में हुई थी मौत

नीलम के पहले पति की वर्ष 2012 में सड़क हादसे में मौत हो गई थी। लेहड़ा देवी मंदिर जाते समय कैम्पियरगंज में सड़क हादसा हुआ था। अवधेश की मां सुभावती का कहना है कि नीलम की गलत हरकतों से उसके पहले पति ने आत्महत्या की थी। लेकिन इसकी जानकारी उन लोगों को बाद में हुई। तब तक बेटे की दूसरी शादी हो चुकी थी।

### गला रेतने के साथ सिर पर भी किया था प्रहार

तीनों शवों का पोस्टमार्टम दो डॉक्टरों के पैनल ने किया। पोस्टमार्टम में सामने आया कि तीनों के सिर की हड्डी टूटी हुई थी। वहीं तीनों के गले पर धारदार हथियार से रेता गया था। परिवारीजनों ने शव का अन्तिम संस्कार कर दिया। पीएम रिपोर्ट के आधार पर अंदाजा लगाया जा रहा है कि नीलम ने पहले किसी डंडे या रॉड से उनके सिर पर प्रहार किया था। उसके बाद उसने एक-एक कर तीनों का गला रेता था। पीएम रिपोर्ट नीलम की पति और बच्चों के प्रति निर्दयता की कहानी बयां कर रही है।

### अवधेश की मां के आरोप



सुभावती

अवधेश की मां सुभावती ने बताया कि बच्चों की देखभाल के लिए धनघटा क्षेत्र के मझगांवा की नीलम से बेटे की कोर्ट मैरिज की थी। सुभावती का आरोप है कि नीलम के आधा दर्जन लोगों से संबंध है।

### ननिहाल गई बेटी

हत्या में गिरफ्तार नीलम को पुलिस ने रविवार को स्पेशल कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उसकी 12 साल की बेटी को ननिहाल के लोग साथ ले गए।

# हत्या से पहले अवधेश को खूब पिलाई थी शराब

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। पति और दो मासूम बच्चों की बेरहमी से हत्याके बाद भी नीलम के चेहरे पर कोई शिकन नहीं थी। वह पुलिस और मीडिया के सामने बेबाकी से बात कर रही थी। उसका कहना था कि पति की बेटी के प्रति गलत नीयत नहीं होती तो वह उसकी जान नहीं लेती। नीलम ने जब बच्चों का कत्ल किया तब बुरी तरह घायल अवधेश ने बचाने का प्रयास किया लेकिन वह उन तक पहुंच नहीं पाया और गिरकर दम तोड़ दिया।

नीलम ने अवधेश गुप्ता की पूरी प्लानिंग के साथ हत्या की है। ऐसे में इस घटना में किसी और के भी शामिल होने की आशंका जताई जा रही है हालांकि पुलिस ऐसी किसी आशंका से इनकार कर रही है। पुलिस का कहना है कि नीलम ने अवधेश की हत्या से पहले उसे खूब शराब पिलाई थी। शराब लाने के लिए उसने खुद अवधेश को पैसा दिया था। शराब के नशे में जब पति चूर हो गया और बिस्तर पर सोने चला गया तब नीलम ने अपना असली रंग दिखाया। उसने पहले डंडे से पति के सिर पर वार किया और फिर घर में मौजूद चाकू से उसने गला रेत दिया। अवधेश की चीख निकली तो बच्चे जग गए। नीलम बच्चों की तरफ दौड़ी और उनका एक के बाद एक कर उसने गला रेत दिया। अवधेश ने बच्चों को बचाने का प्रयास किया वह बिस्तर से उठकर उनके तरफ बढ़ने का प्रयास किया लेकिन वहां तक पहुंच नहीं पाया।



पुलिस की गिरफ्त में नीलम

- पिता ने बच्चों को बचाने का किया था प्रयास
- हत्या के वक्त घर में किसी और के भी होने की आशंका

### तीन हत्याओं में एक महिला के होने पर सवाल

पति और दो बच्चों की हत्या नीलम ने अकेले की है, इस पर सवाल उठ रहा है। नीलम का कहना है कि उसने यह सब स्वयं किया है पर आसपास के लोगों को यकीन नहीं हो रहा है। लोगों को लग रहा है कि नीलम के साथ कोई न कोई और जरूर शामिल था। पुलिस के आने से पहले नीलम ने उसे भगा दिया है। इस सवाल का जवाब पुलिस ने फोरेंसिक टीम के जरिये तलाशने का प्रयास शुरू कर दिया है।

### पत्नी से तंग आ तीन महीने पहले घर से भागा था अवधेश

गांव वालों के मुताबिक, नीलम का आए दिन पति से विवाद होता था। तंग आकर नवंबर 2022 में अवधेश घर छोड़ गया था। नीलम ने सहजनवा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बाद में पता चला कि वह दिल्ली में है और पेंट पालिश का काम करता है। परिवार के लोग बताते हैं कि 10 दिन पहले अवधेश वापस घर लौटा था। अब नीलम उससे पांच लाख रुपये और पहली बीवी के गहने मांग रही थी। इसे लेकर विवाद चल रहा था।

# प्रॉपर्टी डीलर समेत तीन पर जालसाजी का केस

खोराबार। कुशीनगर के पिपरा तिलला निवासी इंद्रावती देवी ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनके पति ने पुश्तैनी जमीन बेचकर खोराबार के जंगल सिकरी में आठ लाख रुपये जमीन के लिए शैलेन्द्र व जयराम को दिया था। तभी से ये लोग न रुपये दिए न जमीन दिए। खोराबार पुलिस ने तहरीर के आधार पर शैलेन्द्र, सौरभ और जयराम के खिलाफ केस दर्ज कर शैलेन्द्र को दबोच लिया।

# 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

गोरखपुर। आबकारी विभाग की ओर से चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान में रविवार को कच्ची एवं अवैध शराब के स्थलों पर छापेमारी हुई। आबकारी निरीक्षक अरविंद मिश्र और मिथलेश कुमार के नेतृत्व में पिपराइच थानाक्षेत्र के बेलाकांटा एवं नथुआ ग्राम में 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। इस मामले में प्रवर्तन टीम ने दो लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# सहजनवा में पति, दो सौतेले बेटों का किया कत्ल

**सनसनी**

सहजनवा , हिन्दुस्तान संवाद। गोरखपुर के सहजनवा क्षेत्र के सहबाजगंज में शनिवार देर रात एक महिला ने अपने पति और दो मासूम सौतेले बेटों की गला रेतकर और सिर पर वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपित महिला को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया है। महिला को जेल भेज दिया गया।

सहजनवा नगर पंचायत के वार्ड नम्बर पांच सहबाजगंज निवासी अवधेश गुप्ता (40) ने पहली पत्नी की मौत के बाद संतकबीरनगर जिले के धनघटा थाना क्षेत्र के मझगांवा निवासी नीलम से दूसरी शादी की थी। नीलम की भी यह दूसरी शादी थी। पहली शादी से उसे एक पुत्री है। वहीं अवेधश की पहली पत्नी से दो बच्चे आर्यन (7) और आरव (6) हैं। आरोप है कि पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। दोनों एक-दूसरे पर शक करते थे। अवधेश पेंट पालिश का काम करता था और कुछ दिन पहले ही घर आया था। आरोप है कि शनिवार की रात करीब डेढ़ बजे नीलम ने सोते वक्त पति अवधेश का चाकू से गला रेत दिया। पति की चीख से दोनों सौतेले बेटे जग गए। उसके बाद उन्हें भी चाकू मार दिया। > संबंधित खबरें P04



अवधेश गुप्ता (फाइल फोटो)



आर्यन (फाइल फोटो)



आरव (फाइल फोटो)

## पहले गुमराह किया फिर उगल दिया सच

गुमराह करने के लिए नीलम ने रात में ही 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी कि मुंहबांधे हुए दो लोग घर में घुस आए हैं। उसके पति और बच्चों के साथ मारपीट कर रहे हैं। पुलिस जब कमरे में दाखिल हुई तो अवधेश और उसके दोनों बेटे खून से लथपथ बिस्तर पर तड़प रहे थे। पुलिस तीनों को अस्पताल ले गई, जहां अवधेश को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घायल बच्चों ने मेडिकल कालेज में दम तोड़ दिया। कड़ाई से पूछताछ पर नीलम ने बताया कि पहले पति से पैदा हुई 12 साल की उसकी बेटी पर उसके दूसरे पति की बुरी नजर थी। इसलिए उसने उसकी जान ले ली। बच्चों ने ऐसा करते देख लिया, इसलिए उन्हें भी मार डाला।

- ट्रिपल मर्डर से इलाके में फैली सनसनी, पत्नी गिरफ्तार
- हत्या में इस्तेमाल चाकू बरामद पत्नी ने जुर्म कबूला

" आरोपी महिला को जेल भेज दिया गया है। महिला के मुताबिक उसका दूसरा पति उसकी बेटी पर बुरी नजर रखता था और प्रॉपर्टी में हिस्सा नहीं दे रहा था, इसलिए उसने पति और बच्चों की हत्या की है।

**कृष्ण कुमार बिश्नोई,** एसपी सिटी

# शूटरों की तलाश में जोन पुलिस अलर्ट

गोरखपुर। प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड में शामिल चार हमलावरों की पहचान होने के बाद उनकी तलाश को लेकर पुलिस अलर्ट हो गई है।

सीसीटीवी में हमले में शामिल अतीक अहमद का बेटा असद, अतीक का करीबी बमबाज गुड्डू मुस्लिम, अरमान और मोहम्मद गुलाम की पहचान की गई है। चारों प्रयागराज के ही रहने वाले हैं, हमले में कुल सात लोग शामिल थे। एटीएफ ने तीन शूटरों को उठा लिया है। पूछताछ के आधार पर अन्य शूटरों के पूर्वांचल के रास्ते नेपाल की तरफ भागे जाने की खबर मिली है। शूटरों की गिरफ्तारी के लिए भारत-नेपाल सीमा पर भी हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। पूर्वांचल के सभी सीमाई जिलों में शूटरों की तस्वीरें भेजकर उनकी गिरफ्तारी के लिए एडीजी अखिल कुमार ने गोरखपुर जोन के सभी पुलिस कप्तानों को निर्देशित किया है।

# तीन लोगों के विरुद्ध लूट व मारपीट का मुकदमा दर्ज

मुंडेरा बाजार : चौरी चौरा थाना क्षेत्र के ग्राम शिवपुर में एक हजार रुपये लूट के मामले में रविवार को प्रियंका देवी ने तहरीर देकर गांव के तीन लोगों के विरुद्ध लूट, मारपीट व एससी-एसटी का मुकदमा दर्ज कराया। महिला ने बताया कि उसके देवर फरुआही नृत्य करते हैं। उनके साथ तीन और सहयोगी है। शुक्रवार को सभी का कार्यक्रम था। देवर के एक सहयोगी को एक हजार रुपये देने जा रही थी। रास्ते में सचिन व जनार्दन ने मारपीट कर रुपये लूट लिए। आरोप लगाया कि शनिवार की सुबह गांव के अभिषेक ने फोन कर कहा कि सचिन के घर जाकर रुपये ले लो। देवर के साथ जाते समय आरोपित सचिन, जनार्दन व महेश ने मुझे और देवर को गाली देते हुए मारपीट कर मोबाइल छीन लिया। (जासं)

# बाइक समेत नकदी गायब सीसी कैमरे में कैद हुआ चोर

मझगांवा : गगहा थाना क्षेत्र के रकहट में शनिवार की रात दो घरों से नकदी समेत बाइक लेकर चोर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची 112 नंबर की पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को देखा। इसमें बाइक ले जाते एक चोर कैद है। रकहट के मुन्ना ने रविवार को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह कमरे में सोए थे। खूटी में टांगे गए पैंट में 10 हजार रुपये और एटीएम कार्ड रखा था, जो गायब हो गया। इसी गांव के जय कृष्ण पांडेय ने तहरीर में बताया कि उनके दरवाजे पर चार पहिया वाहन और और दो बाइक खड़ी थी। रविवार की सुबह उठने पर एक बाइक गायब थी। (जासं)

# दहेज उत्पीड़न की दो घटनाओं में 12 लोगों पर मुकदमा

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर**: दहेज उत्पीड़न की घटनाओं को लेकर बांसगांव व पिपराइच थाना पुलिस ने 12 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। बासगांव थाना क्षेत्र के ग्राम लोहरापार मायके में रह रही कुसुमलता ने तहरीर देकर पति समेत छह के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है।

महिला ने आरोप लगाया है कि उसकी शादी धस्का के मंजय कुमार से हुई थी। दहेज की मांग को लेकर ससुराल के लोग प्रताड़ित करने पर वह मायके चली आई। 24 फरवरी को मायके वालों के साथ वह ससुराल पहुंची। दोनों पक्षों के बीच विवाद को सुलझाने के लिए पंचायत हो रही थी। इसी दौरान पति, जेठ संजय कुमार, ससुर सुदेशी उर्फ दुल्ला, सास गुलैचा देवी, जेठानी सुमित्रा व देवर गोलबंद होकर मायके वालों पर हमला बोल दिए।

पिपराइच संवाददाता के अनुसारथाना क्षेत्र के ग्राम लुहसी निवासी प्रियंका ने रविवार को पति सनुज, ससुर जयराम, सास सरजौती समेत ननद व देवर पर मारपीट व दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया। पीड़ित महिला ने तहरीर में आरोप लगाया कि एक साल पहले उसकी शादी सनुज से हुई थी। मायके वालों ने ससुरालियों की मांग को पूरा किया था। ससुराल आने के बाद पति समेत अन्य ने और 50 हजार रुपये की मांग करते हुए प्रताड़ित करने लगे। 10 फरवरी को मारपीट कर ससुराल से भगा दिया।

## कूटरचित टिकट बनाने वाले गिरोह पर गैंगस्टर एक्ट

**जासं, भटहट**: कूटरचित टिकट बनाकर बेरोजगार युवकों को ठगने वाले गिरोह पर गुलरिहा थाना पुलिस ने रविवार को गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि आरोपित महराजगंज जिले के श्यामदेउरवा थाना के तरकुलवा निवासी अजीम उर्फ प्रिंस सिंह एवं छातीराम निवासी गुफरान के विरुद्ध यह कार्रवाई की गई है। दोनों आरोपित बेरोजगार युवकों को विदेश में रोजगार दिलाने और भेजने के नाम पर पैसा लेकर फर्जी टिकट देकर धोखाधड़ी करते थे। 14 नवंबर 2022 को तरकुलहां के महफूजुर्रहमान ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था।

# शूटरों की तलाश में छापेमारी, नेपाल सीमा पर अलर्ट

**जासं, गोरखपुर** : प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड में शामिल हमलावरों की पहचान होने के बाद उनकी तलाश में एसटीएफ के साथ ही पुलिस ने छापेमारी तेज कर दी है। पुलिस मुख्यालय से निर्देश मिलने के बाद जोन की पुलिस हाई अलर्ट पर है। नेपाल व बिहार राज्य की सीमा पार करने वालों की पूरी सतर्कता के साथ सघन जांच की जा रही है। हत्याकांड में शामिल जिन लोगों की पहचान हो गई है, थानेदारों को उनकी तस्वीर भी भेजी गई है। पुलिसकर्मियों से कहा गया है कि बदमाश खतरनाक हैं, इसलिए तैयारी के साथ चेकिंग करें।

उमेश पाल की हत्या में शामिल शूटर व साजिश रचने वालों के पूर्वांचल के रास्ते नेपाल व बिहार भाग जाने की सूचना पुलिस अधिकारियों को मिली है। पुलिस मुख्यालय से निर्देश मिलने के बाद एडीजी जोन अखिल कुमार ने इनकी गिरफ्तारी के लिए भारत-नेपाल सीमा पर हाई अलर्ट जारी किया है। चिह्नित बदमाशों का फोटो लेकर थानेदार के साथ ही एसएसबी व खुफिया एजेंसी के अधिकारी जांच कर रहे हैं।



सोनौली कस्बे में वाहनों की जांच करती पुलिस • जागरण

जिले की पुलिस को भी अलर्ट पर रखने के साथ ही थानेदारों को निर्देश दिए गए हैं कि अपने क्षेत्र के होटल, लाज व ढाबा की चेकिंग करने के साथ ही बाहरी लोगों की जांच कर लें। कोई संदिग्ध दिखता है तो पूरी सतर्कता से उसे हिरासत में लेने के साथ ही सूचना तत्काल अधिकारियों को दें।

**नेपाल से सटी है प्रदेश की 570 किमी सीमा** : उत्तर प्रदेश की 570 किमी सीमा नेपाल से सटी है। देश विरोधी गतिविधियों पर अंकुश लगाने और तस्करी रोकने के लिए एसएसबी व केंद्रीय एजेंसी के अलावा स्थानीय पुलिस भी जांच करती है। एडीजी जोन गोरखपुर अखिल कुमार को नेपाल सीमा की सुरक्षा-व्यवस्था का नोडल बनाया गया है।

**उमेश पाल हत्याकांड**

- **एडीजी ने थानेदारों को भेजी चिह्नित आरोपितों की फोटो**
- **पुलिसकर्मियों से कहा गया खतरनाक हैं बदमाश, तैयारी के साथ करें जांच**



"मुख्यालय के निर्देश पर नेपाल व बिहार सीमा के साथ ही जोन के सभी जिलों की पुलिस सघन जांच कर रही है। चिह्नित शूटर व घटना में शामिल अन्य लोगों के फोटो के साथ ही सीसी कैमरे का फुटेज सभी थानेदारों को भेजा गया है।

**अखिल कुमार**, एडीजी जोन

# गैर इरातदतन हत्या की कोशिश का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। चिलुआताल पुलिस ने गैर इरातदतन हत्या की कोशिश के आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान मोहरीपुर निवासी प्रद्युम्न के रूप में हुई। आरोपी पर मारपीट व गैर इरादतन हत्या की कोशिश की धारा में केस दर्ज है। आरोपी को पुलिस ने दोपहर बाद कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। ब्यूरो

# हत्या की कोशिश के दो आरोपियों को पकड़ा

भटहट। पिपराइच पुलिस ने हत्या की कोशिश में वांछित दो आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, चिऊटहा गांव निवासी अश्वनी तथा भिसवा गांव निवासी ओमप्रकाश के खिलाफ कुछ दिन पहले केस दर्ज किया गया था। दोनों अभियुक्त काफी दिनों से फरार चल रहे थे। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर रविवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# वृद्ध की मृत्यु के मामले में तीन लोगों पर हत्या का मुकदमा

**जासं महुआपार**: थाना क्षेत्र के विमुटी गांव में 70 वर्षीय वृद्ध लालमनि प्रसाद के मृत्यु के मामले में पुलिस ने तीन नामजद लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया। सीओ जगत नारायण कन्नौजिया ने बताया कि जल्द ही आरोपित गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

वृद्ध का शव पोस्टमार्टम के बाद रविवार को घर लाया गया। उधर, स्वजन शनिवार को तहरीर देकर गांव के अमन दूबे, मयंक दूबे और मुकेश दूबे पर लाठी डंडे से मारने का आरोप लगाया था। पुलिस मामले की जांच में जुटी थी। उधर, भीम आर्मी पार्टी के कार्यकर्ताओं की दखल के बाद पुलिस ने हत्या, मारपीट व अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया।

# रुपये देकर पिलाई शराब, नींद आने पर की हत्या

## रात में पति के घर लौटने के बाद सौतेले बेटों और पुत्री के साथ बैठकर महिला ने किया था भोजन

**जागरण संवाददाता, सहजनवां :** पति और सौतेले बेटों की जान लेने की योजना नीलम ने शनिवार शाम को ही बना ली थी। कमरे के कोने में चाकू व डंडा छिपाने के बाद चाट का ठेला लगाने वाले पति अवधेश के शाम को घर लौटने पर उसे शराब पीने के लिए यह कहते हुए रुपये दिए कि जल्दी आना, साथ में भोजन करेंगे।

शराब के नशे में रात नौ बजे अवधेश घर लौटा तो नीलम ने सौतेले बेटों, पुत्री शिवांगी के साथ भोजन किया। इसके बाद सभी अलग-अलग कमरों में सोने चले गए। रात 11:30 बजे तक नीलम कमरे के बाहर सीढ़ी पर बैठी रही। उसके बाद अवधेश को आवाज दी, तो वह उठकर बैठ गया। फिर बिना कुछ बोले नीलम कमरे से बाहर चली गई। एक घंटा बाद आई तो अवधेश गहरी नींद में था। इसके बाद घटना को अंजाम दिया और डायल 112 पर झूठी सूचना देकर पुलिस का इंतजार करने लगी।

**10 दिन पहले बेंगलुरु से आया था घर :** शादी के दो माह बाद ही नीलम से अवधेश का विवाद शुरू हो गया। शराब पीने और रुपये न देने की बात पर उनके बीच आए दिन मारपीट होती थी। कई बार नीलम ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को भी बुलाया था। काम के बहाने 12 दिसंबर, 2022 को अवधेश घर से बेंगलुरु भाग गया और मोबाइल फोन बंद कर लिया। खोजबीन के बाद 14 दिसंबर को नीलम ने सहजनवां थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। बाद में उसने फोन कर बेंगलुरु में होने की जानकारी दी। 16 फरवरी को घर लौटा तो पत्नी से फिर विवाद शुरू हो गया।

**कक्षा आठ पास है नीलम :** संत कबीर नगर जिले के महुली थाना क्षेत्र स्थित मरीन धर्मशाला उर्फ मझगांवा निवासी हरचू गुप्ता के एक बेटा और दो बेटियों में नीलम छोटी है। सहजनवां थाने पहुंचे हरचू ने बताया कि नीलम ने कक्षा आठ तक पढ़ाई की है। 13 वर्ष पहले उसकी शादी जगदीशपुर निवासी अखिलेश गुप्ता के साथ की थी। 2012 में लेहड़ा देवी मंदिर जाते समय दुर्घटना में अखिलेश की मृत्यु हो गई थी।

**यह और अन्य खबरें देखें–**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html



तिहरा हत्याकाण्ड : पति और सौतेले बेटों की हत्या के आरोप में गिरफ्तार नीलम गुप्ता को ले जाती पुलिस • जागरण

### खर्च चलाने को लिया था कर्ज, पत्नी मांग रही थी रुपये

सुभावती ने बताया कि नीलम की बुआ उनकी रिश्तेदार है। 2018 में अवधेश की पत्नी रेनू की टीबी से मृत्यु हो गई। कई रिश्ते आए, लेकिन अवधेश ने शादी नहीं की।



अवधेश की मां सुभावती • जागरण

आठ माह पहले रिश्तेदार ने बताया कि नीलम के पति की भी मृत्यु हो चुकी है उसकी भी एक बेटी है। बातचीत आगे बढ़ने पर दोनों की शादी हो गई। दूसरी शादी करने के बाद घर चलाने के लिए अवधेश ब्याज पर रुपये लेकर चाट का ठेला लगाने लगा। ब्याज और खर्च अधिक होने के कारण नीलम के साथ उसका विवाद होता था। सुभावती का आरोप है कि पति की मृत्यु के बाद नीलम का रिश्ता कई जगह तय हुआ, लेकिन टूट गया।

अवधेश को छोड़ने के लिए वह पांच लाख रुपये व गहने मांग रही थी। इतना ही नहीं आर्यन और आरव को समय से खाना नहीं देती। रोने पर पीटती थी। आसपास के लोग चोरी छिपे बुलाकर दोनों को खिलाते थे।

## मां के पकड़े जाने पर शिवांगी ने तोड़ी चुप्पी

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** पति व सौतेले बेटों की हत्या नीलम ने बेटी शिवांगी की आंखों के सामने की। किसी को बताने पर ऐसा ही हश्र करने की धमकी देकर उसे चुप करा दिया। शिवांगी इस कदर सहम गई कि पुलिस के सामने भी मुंह नहीं खोला। तीन घंटे तक मां की बताई कहानी सुनाती रही। पुलिस ने जब नीलम के पकड़े जाने की सूचना दी और उसकी स्वीकारोक्ति का वीडियो दिखाया, तब शिवांगी ने चुप्पी तोड़ी।

शिवांगी ने बिलखते हुए बताया कि मम्मी (नीलम) जब पापा (अवधेश) का गला रेत रही थीं तब उसकी आंख खुल गई। उसने देखा, पापा उठने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन मां सीने पर बैठ गई और चाकू से गला रेतने के बाद सिर पर डंडे से तब तक प्रहार किया जब तक उन्होंने प्रतिक्रिया बंद नहीं कर दी। इसके बाद बिस्तर पर सो रहे आर्यन और आरव का गला रेता, फिर डंडे से प्रहार कर उन्हें भी बेहोश कर दिया। किसी को कुछ बताने पर मुझे भी जान से मारने की धमकी देने लगीं। इसलिए उसने वही बताया जो मां ने कहा था। डर की वजह से थाने के लाकअप में बैठी नीलम से भी शिवांगी नहीं मिली। दोपहर में थाने पहुंचे नाना हरचू गुप्ता के साथ वह ननिहाल चली गई।

**एक ही चिता पर जले पिता व दो पुत्रों के शव :** सहजनवां : स्वजन, रिश्तेदार और पुलिस की मौजूदगी में कालेसर स्थित राप्ती नदी किनारे मोक्षधाम में रविवार को एक ही चिता पर पिता और दोनों पुत्रों का अंतिम संस्कार हुआ। अवधेश के छोटे भाई सोनू ने मुखाग्नि दी। उसकी आंखों से आंसू नहीं रुक रहे थे। रिश्तेदारों ने समझा-बुझाकर कर शांत कराया।

**सौतेले बेटों को न मिले संपत्ति, इसलिए ली जान :** अवधेश को पिता की मृत्यु के बाद बंटवारे में थोड़ी भूमि मिली थी। इसी भूमि पर उसने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिली सहायता से तीन कमरे का मकान बनवाया था। पुलिस के यह पूछने पर कि सौतेले बेटों को क्यों मारा, उसने जवाब दिया कि पति की संपत्ति उनको न मिले, इसलिए जान ले ली। घटना को लेकर उसे कोई पछतावा नहीं है।

**पांच भाइयों में चौथे नंबर का था अवधेश :** सहजनवां निवासी मेल्हू के पांच पुत्रों में अवधेश चौथे नंबर का था। सबसे बड़ा बेटा कन्हैया लाल पेंट पालिश का काम करता है और पत्नी-बच्चों के साथ ससुराल में बरेली रहता है। दूसरा नंदलाल परिवार के साथ नेपाल में रहता है। तीसरा मोहन लाल विदेश में है, उसकी पत्नी व बच्चे महराजगंज में रहते हैं। पांचवां सोनू गांव में किराना की दुकान चलाता है और मां सुभावती के साथ रहता है।

## सूदखोरों के हत्या करने के आरोप पर उड़े पुलिस के होश

**जासं, सहजनवां :** पुलिस के पहुंचने पर नीलम ने सूदखोरों पर हत्या करने का संदेह जता सनसनी फैला दी। उसने बताया कि कई लोगों से अवधेश ने ब्याज पर रुपये लिए थे। वह लोग प्रताड़ित करते थे। संदेह है कि सूदखोरों ने चाकू से गला रेतने के बाद डंडे से प्रहार किया है। यह सुनते ही पुलिसकर्मियों के होश उड़ गए। एसपी नार्थ ने आसपास के थानों की फोर्स बुलाकर नीलम ने जिनके ऊपर संदेह जताया, हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। तीन घंटे बाद स्थिति साफ होने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली। सूदखोरों ने केवल अवधेश और उसके दो पुत्रों पर ही हमला क्यों किया, जबकि कमरे में नीलम व बेटी शिवांगी भी मौजूद थी। इसको लेकर एसपी नार्थ मनोज अवस्थी व सहजनवां थानेदार नितिन रघुनाथ ने नीलम से कई बार सवाल पूछे, लेकिन वह यह कहते हुए टालती रही कि हमलावर कह रहे थे, महिलाओं को नहीं मारना है। इस पर पुलिस ने ब्याज पर रुपये देने वाले एक युवक और संदेह के आधार पर कई अन्य को हिरासत में ले लिया। फोरेंसिक टीम की जांच में किसी बाहरी व्यक्ति के न आने की पुष्टि होने पर महिला पुलिसकर्मियों ने बेटी सम पिता व भाई को भी जेल भेजने की बात पर वह टूट गई। वह घर के बाहर नाले की तरफ गई। नाले के अंदर से घटना में इस्तेमाल चाकू पुलिस को बरामद कराया।



नीलम के पिता हरचू • जागरण

**मकान मालिक की पुत्री को किया था अगवा :** खलीलाबाद के तेनुआ की रेनू से पहली शादी होने के बाद अवधेश उसे दिल्ली ले गया था। किराए पर कमरा लेकर रहता था। दिल्ली में ही आर्यन व आरव का जन्म हुआ। तीन वर्ष पहले मकान मालिक की लड़की को अगवा कर वह गोरखपुर ले आया था। शहर के मोहनापुर में किराए पर कमरा लेकर उसके साथ रहता था। पत्नी व मां के दबाव बनाने पर कुछ दिन बाद युवती को उसके पिता के पास दिल्ली भेज दिया।

**पड़ोसियों से नहीं थे अच्छे संबंध :** सहजनवां स्थित अवधेश के मकान के पास कई मकान है, लेकिन पड़ोसियों से नीलम के संबंध अच्छे नहीं थे। वह किसी से भी बात नहीं करती थी और तीनों बच्चों को घर से बाहर नहीं जाने देती थी।

**ससुर का दावा, लोन लेना चाहता था अवधेश :** नीलम के पिता हरचू गुप्ता ने सहजनवां थाना पुलिस को बताया कि बेटी ने मर्जी से अवधेश के साथ शादी की थी। परिवार के लोग रिश्ते के विरुद्ध थे। वह नहीं चाहते थे कि बेटी की दूसरी शादी हो। तीनों बच्चों के साथ अवधेश दो बार ससुराल आया था और रात में रुका भी था। नीलम ने बताया था कि अवधेश उसके नाम पर ऋण लेना चाह रहा है वह विरोध करती थी।

# नियुक्ति पत्र पाकर 392 पुलिसकर्मियों के चेहरे खिले

## बाबा गंभीर नाथ प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का हुआ वर्चुअल संबोधन





उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती प्रोन्नति बोर्ड की ओर से चयनित पुलिस कर्मियों को रविवार को बाबा गंभीर नाथ प्रेक्षागृह में नियुक्ति पत्र दिया गया। इस दौरान एडीजी अखिल कुमार, आईजी जे रविन्द्र गौड़, एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अमर उजाला

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** एडीजी अखिल कुमार के हाथों रविवार को नियुक्ति पत्र पाकर 392 पुलिसकर्मियों के चेहरे खिल गए। सभी को सुरक्षा और ईमानदारी से नौकरी करने का संकल्प दिलाकर प्रोत्साहित किया गया।

392 में से गोरखपुर से 133, देवरिया से 138, कुशीनगर से 55 व महराजगंज से 56 के साथ पीएसी में नौ प्लाटून कमांडर व एक अग्निशमन विभाग में द्वितीय अधिकारी पद पर चयन हुआ।

इसके पूर्व योगि राज बाबा गंभीरनाथ के प्रेक्षागृह में नव नियुक्त उप निरीक्षकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल संबोधित करते हुए कहा कि सरकार वर्दी और डंडा देगी, लेकिन दिल से काम आपको करना है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार भरोसा दिलाती है कि वह पुलिस का दबदबा कायम रखेगी। इस पर उपस्थित नव नियुक्त उप निरीक्षकों ने जोश के साथ हामी भरी और पूरा हाल तालियों से गूंज पड़ा।

आईजी जे रविंद्र गौड़, एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई, एसपी क्राइम इंदु प्रभा सिंह, एसपी साउथ मौजूद थे।



योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में वीडियो संदेश देते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।



अधिकारियों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को लखनऊ से संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

# बुजुर्ग की मौत के मामले में तीन पर हत्या का केस दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

**घिल्लूपार/बड़हलगंज।** क्षेत्र के विमटी दुबे गांव में लालमनि प्रसाद (70) की मौत मामले में अमन दुबे, मयंक दुबे और मुकेश दुबे के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सभी को हत्या, मारपीट और धमकी देने का आरोपी बनाया। आरोप है कि घर के युवक के मजदूरी पर न जाने पर आरोपियों ने पीटकर हत्या की थी।

जानकारी के मुताबिक, गांव के आरोपियों ने मजदूरी करने के लिए आशीष को बुलाया था। आशीष द्वारा मजदूरी करने से मना करने पर आरोपियों ने शुक्रवार की रात नौ बजे उसके घर पर चढ़कर मां व बहन को गाली देने लगे। इस बीच परिवार के बुजुर्ग बाबा लालमनि प्रसाद उन लोगों को गाली देने से मना किए, जिस पर आरोपियों ने पिटाई कर दी और फिर उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा था।

सीओ गोला जगत कन्नौजिया ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही। जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# एक हजार की लूट में तीन के खिलाफ केस

अमर उजाला ब्यूरो

**चौरीचौरा।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत शिवपुर में शुक्रवार को हुई एक हजार रुपये की लूट के मामले में केस दर्ज किया गया। शिवपुर की प्रियंका ने तहरीर में लिखा है कि देवर राम फरुआही नाच करते हैं, उनके साथ तीन और सहयोगी हैं।

शुक्रवार को सभी चारों लोगों का कार्यक्रम था। देवर के एक सहयोगी का एक हजार रुपये देने जा रही थी। तभी रास्ते में सचिन व जनार्दन में मारपीट कर रुपये लूट लिए।

## बांधकर मारने पीटने और मोबाइल फोन लूटने का आरोप

शनिवार सुबह गांव के ही रहने वाले अभिषेक ने फोन कर बताया कि सचिन के घर जाकर अपने रुपये ले लो।

जब देवर के साथ रुपये लेने गई तो सचिन निषाद, जनार्दन निषाद व महेश ने देवर को व मुझे गाली देते हुए बांधकर मारा पीटा और देवर का मोबाइल फोन भी छीन लिया।

पुलिस केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# विदेश भेजने के नाम पर जालसाजी करने वालों पर गैंगस्टर

**गोरखपुर।** गुलरिहा पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर जालसाजी करने के दो आरोपियों पर गैंगस्टर का केस दर्ज कर लिया। डीएम की अनुमति के बाद गुलरिहा थाने की पुलिस ने गिरोहबंद करने की कार्रवाई की है।

जानकारी के मुताबिक, महराजगंज के श्यामदेउरवा के तरकुलवां निवासी अजीम खां और गुफरान पर गैंगस्टर का केस दर्ज किया गया है।

अजीम पर चार और गुफरान पर दो मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस दोनों आरोपियों पर कार्रवाई की कोशिश शुरू कर दी थी। अब जाकर गैंगस्टर लगाया गया। ब्यूरो

# जालसाजी कर जमीन हड़पने के आरोपी पर मुकदमा दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

खोराबार। धोखाधड़ी करके जमीन बैनामा करने व चेक बाउंस मामले में पुलिस ने एक युवक पर केस दर्ज कर लिया।

गायत्रीपुरम निवासी ममता देवी पत्नी शैलेंद्र सिंह ने तहरीर में लिखा है कि बहरामपुर निवासी कमलेश यादव ने बहरामपुर स्थित एक जमीन को 20 मार्च 2014 को ममता के नाम बैनामा कर दिया। खारिज दाखिल के दौरान ममता को जानकारी मिली कि उक्त जमीन लेडी प्रसंन कौर ट्रस्ट के नाम हैं। विवादित होने के कारण न्यायालय में मुकदमा लंबित हैं। जिससे खारिज दाखिल होना असंभव हैं। 13 जनवरी 2023 को ममता ने इस संबंध में खोराबार थाने पर तहरीर दी।

15 फरवरी को खोराबार थाने पर कमलेश यादव ने उक्त धनराशि के भुगतान के लिए ममता को एक चेक दिया जो बाउंस हो गया। उसके बाद ममता ने एसएसपी को शिकायती पत्र दिया। एसएसपी के आदेश पर खोराबार पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।

# शूटरों के नेपाल भागने की आशंका पर जांच शुरू

**प्रयागराज हत्याकांड : एडीजी ने गोरखपुर और नेपाल सीमा से जुड़े सभी जिलों के एसपी को किया अलर्ट**

गोरखपुर। प्रयागराज के शूटरों के नेपाल भागने की सूचना पर एडीजी अखिल कुमार ने अलर्ट जारी किया है। गोरखपुर सहित नेपाल सीमा से जुड़े सभी एसपी को पत्र जारी कर बॉर्डर पर चेकिंग बढ़ाने को कहा गया। एडीजी ने वायरल वीडियो को भी पुलिस ग्रुप में भेजा है, ताकि शूटरों को चेकिंग करने वाले पहचान लें।

एडीजी अखिल कुमार के मुताबिक, प्रयागराज में हुए हत्याकांड मामले शूटरों की नेपाल भागे जाने की सूचना मिली है। अब तक शूटर्स की जो तस्वीरें सामने आई हैं, उसे लेकर भारत-नेपाल सीमा के सभी जिलों, खासकर महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर और बहराइच समेत दूसरे जिलों के पुलिस अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया है।

शूटरों की गिरफ्तारी के लिए जोन भर में सघन अभियान चलाए जा रहे हैं। ताकि, वह किसी भी कीमत पर पुलिस को चकमा देकर नेपाल न पहुंचने पाएं। इसे देखते हुए सीमावर्ती जिलों में तलाशी अभियान और जांच की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। ब्यूरो

# मारपीट और दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

**खोराबार।** क्षेत्र के रजही के रमसरिया टोला निवासी लक्ष्मी की तहरीर पर खोराबार पुलिस रविवार को उसके पति राजू निषाद के खिलाफ मारने पीटने, धमकी देने तथा दहेज उत्पीड़न के मामले में मुकदमा दर्ज कर विवेचना कर रही है।

जानकारी के अनुसार, लक्ष्मी के चार बच्चे हैं। परवरिश के लिए पति उसे खर्च नहीं देता है। वह किसी तरह मजदूरी करके बच्चों का पालन पोषण करती हैं। खर्चा मांगने पर लक्ष्मी को धमकी देते हुए गाली देने के साथ मारता पीटता है। पुलिस मामले में केस दर्ज किया है। ब्यूरो

# त्योहारों में अशांति फैलाने पर होगी कार्रवाई

**पिपराइच।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा बंधू की अध्यक्षता में रविवार को पिपराइच थाने में पीस कमेटी की बैठक हुई। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने कहा कि त्योहारों पर अशांति फैलाने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने त्योहारों के मद्देनजर संभावित समस्याओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि होली मेल जोल, भाईचारे तथा खुशी भरे रंगों का त्योहार है। दूसरे धर्म की भावनाओं का भी ध्यान दें।

क्षेत्राधिकारी चौरीचौरा मानुष पारिक ने कहा कि त्योहारों के दौरान कोई असामाजिक तत्व अगर खलल डालता है तो पुलिस उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। थानाध्यक्ष से सभी होलिका दहन स्थल पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था लगाने का निर्देश दिया। संवाद

DEORIA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 27-02-2023

रा० सहारा दि० 27/02/22

# पीस कमेटी की बैठक

**बनकटा (एसएनबी)।** हिंदुओ के महापर्व होली तथा मुस्लिम भाईयों के पर्व शव ए बारात को आपसी भाईचारा प्रेम और सद्भाव के बीच सकुशल सम्पन्न कराने के लिए रविवार को बनकटा थाना परिसर में थानाध्यक्ष बरजोर सिंह ने क्षेत्र के सम्मानित दोनों समुदायों प्रधानों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि होली का पर्व खुशी,मस्ती और उल्लास का पर्व है। उन्होंने कहा कि होली के हुड़दंग में सड़कों पर सावधानी पूर्वक वाहन चलाएं दारू पीकर वाहन तो बिल्कुल न चलाएं। होली पर्व पर शराब की तस्करी रोकने के लिये पुलिस ने व्यापक इंतजाम किए गए है उन्होंने लोगों से अराजक तत्वों पर नजर रखने की भी अपील किया।

बैठक में मुख्य में मुख्य रूप से उपनिरीक्षक लवकुश कुमार रिद्वन सिंह ,बिजेंद्र यादव दीवान राजेश कुमार सिंह गणेश यादव ग्राम प्रधान विवेक राय अख्तर अली दुर्गेश कुमार अरविंद कुमार विद्यानंद मिश्र दिनेश यादव धर्मेंद्र प्रसाद जनार्दन यादव बैजनाथ मिश्र निजामुद्दीन खलील चंद्रशेखर आजाद आदि लोग मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान दि० 27-2-23

# महिला से रेप की कोशिश, केस दर्ज

देवरिया। टहलने के लिए शाम को निकली महिला के साथ एक व्यक्ति खेत की तरफ खिचकर रेप करने की कोशिश करने लगा। महिला के शोर मचाने पर आस पास के लोग आए तो धमकी देते हुए फरार हो गया। पीड़िता की तहरीर पर मदनपुर पुलिस ने छेड़खानी और धमकी देने का केस दर्ज किया।

मदनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाई है कि 24 फरवरी 2023 की शाम को घर से टहलने के लिए निकली थी। इसी बीच गांव का एक व्यक्ति जो पद में भसुर लगता है।

हिन्दुस्तान दि० 27-02-23

# छह लोगों पर मारपीट व बलवा का मुकदमा दर्ज

देवरिया, निज संवाददाता। बीच सड़के से बाइक को हटाने के लिए कहने पर कुछ लोगों ने मिलकर एक युवक की पिटाई कर दी। मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद सहित छह पर मुकदमा दर्ज किया है।

गौरीबाजार थाना क्षेत्र के बर्दगोनिया गांव के रहने वाले अनुप निषाद पुत्र दिनेश निषाद ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि शनिवार की शाम को चार पहिया से देवरिया से घर जा रहा था। सुदामा चौराहा पहुंचने के बाद कुछ लोगों के साथ शिव निषाद पुत्र मुनीब निषाद सड़क के बीच में बाइक खडा.कर दिया था, जिसको हटाने के लिए कहने पर गाली-गलौज करने लगा। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। शाम को सात बजे शिव निषाद अपने भाई मुनीब निषाद व चार अन्य के साथ अपने गांव के सामने वाहन को रोक कर गाड़ी से बाहर खींच कर पिटाई कर दी। शोर करने पर आसपास के लोगों ने जान बचाई। जिसकी सूचना पुलिस को दी।

हिन्दुस्तान दि० 27-2-23

# दो स्थानों से वाहन चोरी होने पर केस

देवरिया। जिले के दो स्थानों से वाहन चोरी होने का पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। खुखुन्दू थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव के रहने वाले अनिल कुमार गुप्ता पुत्र रमेश प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 23 फरवरी को सुबह नौ बजे अपनी कार सोनूघाट चौराहे पर महुआनी मार्ग पर खड़ा कर सामान लेने चला गया। वापस आने पर वाहन नहीं था। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

उधर बरहज में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। बरहज थाना क्षेत्र के नन्दना वार्ड के रहने वाले सुनील वर्मा पुत्र जयनरायन वर्मा ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि 18 फरवरी 2022 को अपने दरवाजे पर चार पहिया खड़ा किया था।

हिन्दुस्तान दि० 27-02-23

# सलेमपुर से भगाई गई किशोरी एमपी से बरामद

सलेमपुर, हिन्दुस्तान संवाद। कोतवाली क्षेत्र के नगर की भगाई गई एक किशोरी को कोतवाली पुलिस ने मध्यप्रदेश से दो दिन पूर्व बरामद कर युवक को गिरफ्तार कर किया है। पुलिस ने रविवार को बरामद किशोरी को मेडीकल परीक्षण को भेज गिरफ्तार युवक को न्यायालय अभिरक्षा में भेज दिया।

मध्यप्रदेश के जिला रायसेन के थाना सुल्तानपुर निवासी दिलीप दस माह पूर्व किसी कार्य से सलेमपुर आया था। उसी दौरान युवक ने नगर की रहने वाली एक किशोरी को प्रेमजाल में फंसा लिया और बहला फुसलाकर कर मध्यप्रदेश भगा ले गया। जानकारी होने पर पिता ने इस मामलें कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। किशोरी के पिता के तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ केस दर्ज दोनों को तलाश कर रही थी। परिजनों ने किशोरी के मध्यप्रदेश में होने की सूचना व पता बताई तो कोतवाली पुलिस मध्यप्रदेश के लिए रवाना हो गई। मध्यप्रदेश के थाना सुल्तानपुर के पुलिस की सहयोग से सलेमपुर की किशोरी को रायसेन से बरामद कर युवक को गिरफ्तार कर सलेमपुर ले कर रविवार को पहुंची। पुलिस ने इस मामलें में न्यायिक कार्रवाई कर बरामद किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला महिला अस्पताल भेज दिया। वहीं गिरफ्तार युवक को न्यायालय अभिरक्षा में भेज दिया।

हिन्दुस्तान दि० 27.02.21

# कबूतरबाज पर धोखाधड़ी का केस

बरहज। विदेश भेजने के नाम पर बरहज पुलिस ने एक कबूतरबाज के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। न्यायालय के आदेश पर यह कार्रवाई हुई। आरोपी ने पीड़ित से विदेश में नौकरी दिलवाने के नाम पर 90 हजार रुपया लिया था। नौकरी न मिलने पर युवक ने पुलिस से शिकायत की थी। कार्रवाई न होने पर न्यायालय में वाद दायर किया था।

थाना क्षेत्र के भइया बिजौली गांव के रहने वाले अमरजीत ने न्यायालय में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया था कि कुशीनगर जिले के कसया थाना के सिरसिया गांव के रहने वाले जोखू प्रसाद पुत्र छट्टू प्रसाद ने विदेश में नौकरी दिलवाने के नाम पर 90 हजार रुपया लिया था। मेडिकल बनवा कर दो साल का बीजा देकर 20 दिसंबर 2016 को फ्लाइट से भेज दिया। वहां जोखू के बताने के अनुसार कोई काम नहीं मिला।

हिन्दुस्तान दि० 27-02-23

# घर में घुसकर हमला करने पर सात के विरुद्ध केस

- न्यायालय के आदेश पर बरहज थाने की पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा
- बरहज थाना क्षेत्र के कोटवां मल्लाह टोली का मामला

बरहज, हिन्दुस्तान संवाद। घर में घुसकर मारपीट करने पर पुलिस ने सात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। न्यायालय के आदेश पर बरहज पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। 26 मई 2021 को घटना हुई थी।

थाना क्षेत्र के मेहियवां गांव के रहने वाले दुर्गा प्रसाद पुत्र महेन्द्र यादव ने न्यायालय को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि 25 मई को कोटवां मल्लाह टोली अपने दूसरे पर पशुओं को चारा खिला रहा था। रात करीब आठ बजे को राजन निषाद, गुदरी निषाद, गुंजन निषाद पुत्र हीरालाल निषाद आपस में किसी बात को लेकर विवाद कर रहे थे। वहां पर झगड़ा करने से मना करने पर अगले दिन सुबह छह बजे कोटवा मल्लाह टोली के रहने वाले गोलबंदी कर चन्दन व चंचल पुत्र मानिकचन्द, मानिकचन्द, मुन्ना व सुरेश पुत्र हरिलाल, रतन पुत्र सुरेश तथा विनोद पुत्र मेवालाल ने गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। बीच-बचाव में आए चाचा रामआशीष को भी मारपीट कर घायल कर दिया। जान बचाने के लिए वहां स्थित झोपड़ी में चला गया। उसमें भी घुसकर पिटाई कर दी। उसके बाद झोपड़ी उजाड़ने व जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। जिसकी सूचना पुलिस को दी।

# एसडीएम ने नवीन परती से अतिक्रमण हटवाया



**बरियारपुर।** तरकुलवा थाना क्षेत्र के मुजहना गांव में रविवार को तहसील प्रशासन ने नवीन परती की भूमि से अतिक्रमण हटवाया। इसको लेकर प्रशासन की आरोपियों से तीखी बहस हुई। बाद में अधिकारियों के समझाने पर आरोपियों ने प्रशासन से अतिक्रमण हटाने में मदद की। इस दौरान बड़ी संख्या में राजस्व कर्मी व पुलिस मौजूद रही। शासन के निर्देश पर नवीन परती की जमीन से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को तरकुलवा के मुजहना गांव में एसडीएम सदर सौरभ सिंह, तहसीलदार आनंद नायक, नायब तहसीलदार और लेखपाल पुलिस बल के साथ पहुंचे। यहां वर्षों से नवीन परती की भूमि से अवैध कब्जा हटाने जाने लगा। संवाद

# एमआरएफ सेंटर का निर्माण कार्य शुरू

भटनी, हिन्दुस्तान संवाद। नगर पंचायत की ओर से बनाए जा रहे एमआरएफ केन्द्र का निर्माण कार्य रविवार को प्रशासन की मौजूदगी में शुरु हुआ। रविवार को निर्माण कार्य शुरु होते ही गांव की महिलाएं मौके पर पहुंचकर विरोध करने लगीं। ईओ मंगला प्रसाद की सूचना पर उपजिलाधिकारी सलेमपुर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर लोगों को शान्त कराया। ग्रामीणों का आरोप था कि इस केन्द्र के निर्माण से गांव में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ सकता है।



निर्माण केन्द्र पर मौजूद राजस्व विभाग सहित अधिकारियों की टीम। ● हिन्दुस्तान

नगर पंचायत की ओर से एमआरएफ केन्द्र के लिए बभनौली ग्राम पंचायत में जमीन का चिन्हांकन हुआ। ग्रामीण गांव में एमआरएफ सेंटर को लेकर विरोध करने लगे। ग्रामीणों का आरोप था कि इस केन्द्र के खुलने से बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ेगा। रविवार को नगर पंचायत की ओर से मौके पर कार्य शुरु कराते ही गांव की महिलाएं एकत्रित होकर विरोध करने लगीं। सूचना पर एसडीएम अरुण कुमार, नायब तहसीलदार डॉ भागीरथी, नायब तहसीलदार भटनी गोपालजी, खुखुन्दू तथा भटनी पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। विरोध कर रहे ग्रामीणों को अधिकारियों ने समझाकर शान्त कराया।

करीब 39 लाख की लागत से बन रहे इस सेंटर पर गीला तथा सूखे कचरे को अलग कर उपयोग में लाया गया। नायब तहसीलदार, सलेमपुर, डॉ भगीरथी ने बताया कि ग्रामीणों को भ्रमित किया जा रहा है। यह केन्द्र बस्ती से काफी दूरी पर भी है। इसको लेकर लोगों के मन फैली भ्रान्तियों को मौके पर पहुंचकर दूर किया गया।

दैनिक जागरण दि० 27-2-23

# मारपीट करने पर नौ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

जासं, देसही देवरिया : महुआडीह पुलिस ने गौनरिया में युवक की पिटाई मामले में नौ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित बुद्धिसेन प्रसाद की तहरीर पर हरखोली टोला के दिनेश सिंह, गोपाल सिंह, अमित सिंह व छह अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

दैनिक जागरण दि० 27-02-23

# साथियों की आंखों से छलक पड़े आंसू, माहौल हुआ गमगीन

जासं, देवरिया: आरपीएफ सिपाही सुधीर कुमार सिंह की मृत्यु से उनके साथियों में उदासी छाई थी। सभी हादसे से मर्माहत थे। उन्हें विश्वास नहीं हो रहा था कि कर्तव्य पालन के दौरान उन्होंने अपने साथी को हमेशा के लिए खो दिया। पोस्टमार्टम हाउस पर वाराणसी से पहुंचे स्वजन की आंखों से आंसू छलक पड़े। आरपीएफ जवानों ने उन्हें ढांढस बंधाया। वाराणसी के रहने वाले आरपीएफ सिपाही सुधीर कुमार सिंह की मृत्यु की जानकारी होने पर पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के सीनियर आरपीएफ कमांडेंट डा. अभिषेक कुमार, असिस्टेंट कमांडेंट उग्रसेन सिंह सदर रेलवे स्टेशन के आरपीएफ पोस्ट पर पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद सिपाही के शव को आरपीएफ पोस्ट पर लाया गया, जहां गार्ड आफ आनर दिया गया। इसके पूर्व सिपाही के पिता तेज बहादुर सिंह के अलावा अन्य स्वजन इंद्र बहादुर सिंह, जंग बहादुर सिंह, विजेंद्र कुमार व सुशील कुमार वाराणसी से पहुंचे। शव का पंचनामा तैयार करने के बाद पोस्टमार्टम कराया गया।

- पोस्टमार्टम हाउस पर वाराणसी से पहुंचे स्वजन को आरपीएफ जवानों ने ढांढस बंधाया
- सीनियर आरपीएफ कमांडेंट डा. अभिषेक व असिस्टेंट कमांडेंट उग्रसेन सिंह सदर रेलवे स्टेशन पहुंचे



पोस्टमार्टम हाउस पर स्वजन से वार्ता करते आरपीएफ के जवान ● जागरण

### बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

आरपीएफ सिपाही सुधीर कुमार सिंह की मृत्यु से बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। पुत्री काव्या दस वर्ष व पुत्र डेढ़ माह का है। बच्चे व पत्नी वंदना सिंह वाराणसी मे रहती हैं।

दैनिक जागरण दि० 27-02-23

# हेतिमपुर टोल प्लाजा से पुलिस ने तीन गाड़ियों को कब्जे में लिया

जासं, देसही देवरिया: हेतिमपुर टोल प्लाजा पर कुशीनगर की तरफ से आ रही चारपहिया गाड़ी सवार व्यक्तियों व टोल प्लाजा के कर्मचारियों के बीच विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि गाली-गलौज व मारपीट होने लगी। महुआडीह थाने की पुलिस ने तीन गाडियों को कब्जे में ले लिया। अन्य लोगों को भी हिरासत में ले लिया। दोनों पक्षों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

दैनिक जागरण दि० 27-01-23

# प्रशासन ने हटवाया अतिक्रमण

**देवरिया :** जिला प्रशासन ने औद्योगिक क्षेत्र पुरवा में रविवार को बुलडोजर चलाया। जेसीबी से अवैध अतिक्रमण हटवाए गए। एक स्कूल की चहारदीवारी भी गिराई गई। इस मौके पर एडीएम वित्त एवं राजस्व नागेंद्र कुमार सिंह, एसडीएम सदर सौरव सिंह, डीसी उद्योग अभय कुमार सुमन, प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह आदि मौजूद रहे। (जासं)

दैनिक जागरण दि० 27.02.23

# अपहृत किशोरी मध्य प्रदेश से बरामद

जासं सलेमपुर: बीस माह पूर्व अपहृत किशोरी को कोतवाली पुलिस ने मध्य प्रदेश के रायसेन जिले से बरामद किया।

बरहज थाना के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनकी बेटी को सलेमपुर कस्बे की महिला नौकरी कराने के नाम पर रखी थी। एक व्यक्ति के यहां झाड़ू पोछा कराने के नाम पर गलत काम कराती थी। 30 अप्रैल 2021 का अपहरण हो गया। इस मामले में पुलिस ने संलाहाबाद वार्ड की मंजू पत्नी हरिहर प्रसाद के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। कोतवाली के एसआइ आनंद राव के नेतृत्व में पुलिस टीम मध्यप्रदेश के रायसेन पहुंची व किशोरी को बरामद किया।

दैनिक जागरण दि० 27-02-23

# भ्रष्ट कर्मियों पर एंटी करप्शन टीम की नजर

- भ्रष्टाचार निवारण संगठन की तरफ से सजा दिलाने के लिए होगी प्रभावी पैरवी, मांगा गया विवरण
- जिले में पिछले पांच वर्षों में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज हो चुके कई मामले

जासं, देवरिया: जिले में भ्रष्ट आचरण की शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है। ऐसे अधिकारियों व कर्मचारियों पर एंटी करप्शन टीम की नजर है। रिश्वत लेने के मामले में ट्रैप की कार्रवाई तेज की जाएगी। दर्ज अभियोग में सजा दिलाने के लिए प्रभावी पैरवी के साथ विभागीय कार्रवाई भी जल्द पूरी की जाएगी। भ्रष्टाचार निवारण संगठन मुख्यालय लखनऊ की तरफ से जिले के सभी विभागों के अधिकारियों से विवरण मांगा गया है।

जिले में रिश्वत लेने के कई मामले उजागर हो चुके हैं। वर्ष 2019 से लेकर अबतक करीब 12 मामलों में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमे दर्ज किए गए। अगस्त 2022 से लेकर अबतक चार कर्मचारियों को एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथों रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था, जिसमें लेखपाल, बिजली विभाग के कर्मचारी शामिल हैं। बीएसए व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हो चुका है। शासन की तरफ से भ्रष्टाचार निवारण संगठन के माध्यम से भ्रष्ट लोकसेवकों के विरुद्ध अभिसूचना संकलन करने व प्रभावी पैरवी के निर्देश दिए हैं। जिससे शासन की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस की नीति पर अमल हो सके। जिले के सभी विभागों के कर्मचारियों की सूचना मांगी गई है, जिसमें विभाग का नाम, कर्मचारी का नाम व पद, व्यक्तिगत आइडी, वर्तमान नियुक्ति, सेवा में आने की तारीख, मोबाइल नंबर सरकारी व व्यक्तिगत, ईमेल का पता, गृह जनपद, शिक्षा आदि शामिल है।

### अब ट्रैप करने की कार्रवाई होगी तेज

जिले में रिश्वत लेते हुए ट्रैप करने की कार्रवाई तेज होगी। ट्रैप से संबंधित मुकदमों की विवेचना गुणवत्तापूर्वक पूरा किया जाएगा। भ्रष्ट लोकसेवकों के विरुद्ध दर्ज अभियोग में पैरवी करते हुए सजा कराने व विभागीय कार्रवाई समय से पूर्ण कराया जाएगा।

**सभी विभागाध्यक्षों से कर्मचारियों का विवरण मांगा गया है। जिसे जल्द ही भ्रष्टाचार निवारण संगठन को भेज दिया जाएगा।**
**गौरव श्रीवास्तव, एडीएम प्रशासन**

देवरिया/आसपास जागरण

दैनिक जागरण दि० 27-02-23

# अराजकतत्वों पर होगी सख्त कार्रवाई

## शांति कमेटी की बैठक में सीओ ने होली पर्व को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की


सदर कोतवाली में शांति कमेटी की बैठक को संबोधित करते सीओ सिटी श्रीयस त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह (दाएं) • जागरण

जासं, देवरिया: सदर कोतवाली में रविवार को शांति कमेटी की बैठक हुई, जिसमें होली को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई। सीओ श्रीयश त्रिपाठी ने कहा कि त्योहार के दौरान अराजकतत्वों पर पुलिस की नजर रहेगी। यदि कोई खलल डालने की कोशिश करता है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह ने कहा कि त्योहार को मिलजुल कर मनाएं। इस मौके पर एसएसआइ रामचंद्र यादव, एसआइ अंकित अवस्थी समेत तमाम लोग मौजूद रहे। खुखुंदू संवाददाता के अनुसार, थाना परिसर में शांति कमेटी की बैठक हुई, जिसमें होली को शांति व सौहार्द के साथ मनाने की अपील की गई। एसडीएम अरुण कुमार ने कहा कि इसे आपसी भाईचारा के साथ मनाएं। किसी प्रकार की परेशानी आने पर पुलिस को सूचना दें। उपद्रव करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार, संदेश यादव मिस्टर, रबूल करीम, जहरूद्दीन, पारस यादव आदि मौजूद रहे।

### आपसी सौहार्द के साथ मनाएं होली का त्योहार

जासं, रुद्रपुर : कोतवाली परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई, इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी पंचम लाल ने कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। लोगों के ऊपर कचरा न फेंके। कहीं किसी कोई परेशान करता है तो इसकी सूचना पुलिस को अवश्य दें। कोतवाल उमेश कुमार वाजपेयी ने कहा कि होली आपसी भाईचारे का त्योहार है। इसे हम लोग आपस में मिलकर बनाने पर ध्यान दें। इस दौरान शिवबचन सिसौदिया, नीरज यादव, मोहम्मद इसराइल, सनी निषाद विष्णु जायसवाल, उत्तम पांडेय, नंदलाल मद्धेशिया, अशोक मिश्र, सुरेश प्रसाद आदि मौजूद रहे।

अमर उजाला दि०-27/02/23

# सर्पदंश के बाद नदी में बहाया वह 15 वर्ष के बाद घर आया

## मुरासो गांव के दस साल के अंगेश यादव को डॉक्टर ने कर दिया था मृत घोषित

संवाद न्यूज एजेंसी

भागलपुर। मईल थाना क्षेत्र के जिरासो गांव के एक बालक को सर्पदंश के बाद मरा समझ कर परिजनों ने नदी में बहा दिया। वह 15 साल बाद रविवार को घर पहुंचा। परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं है।

मईल थाना क्षेत्र के जिरासो गांव के मुरासो टोला निवासी रामसुमेर यादव का 10 वर्षीय बेटा अंगेश यादव करीब पंद्रह साल बाद अपने परिजनों से रविवार को मिला। पिता ने बताया कि 15 साल पहले बेटे को सांप ने डस लिया था। उसके मुंह से झाग निकलने लगा।

परिजनों ने झाड़-फूंक कराई लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। फिर चौराहे के एक डॉक्टर के पास ले गए तो उसने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद घर के लोगों ने मान्यता के अनुसार केले के तने में रखकर उसे भागलपुर घाट से सरयू नदी में प्रवाहित कर दिया।

घर आए अंगेश यादव ने बताया कि मुझे जब होश आया तो पटना के पास एक गांव में बंजारों के बीच खुद को पाया। तब से ही उसको गांव-घर की याद आ रही थी।



मां और चाची के साथ अंगेश। संवाद

बंजारों के बीच में मुझे पहरे में रखा जाता था कि कहीं भाग न जाऊं। वे लोग मारते-पीटते भी थे। इस दौरान सपेरे अमन माली के जरिए पता चला कि मुझे झाड़-फूंक से ठीक कर पाला है। इस दौरान उसे भी वे कई जगहों पर आदिवासी इलाकों में सर्प का तमाशा दिखाने ले जाने लगे। इसके बाद कुछ दिन तक कटिहार में रखा फिर वह सात साल पहले हरियाणा के यमुना नगर ले जाया गया। वहां एक जमींदार के यहां नौकरी पर रखा गया। उसे चहारदीवारी से बाहर नहीं निकलने दिया जा रहा था।

उसने बताया कि 24 फरवरी को किसी तरह एक ट्रक ड्राइवर को अपनी आपबीती सुनाई। ट्रक ड्राइवर उसे अपने साथ आजमगढ़ ले आया। अंगेश ने ट्रक चालक को भागलपुर, बेल्थरा रोड पता बताया तो उसने दूसरे ट्रक से बेल्थरा रोड भेज दिया।

किसी परिचित ने जिरासो गांव के प्रधान को फोटो ह्वाट्सएप कर दिया। गांव में चर्चा होने लगी। इसी बीच पुनः भूलकर अंगेश बलिया जिले के थाना मनियर चला गया।

प्रधान के साथ परिजन बेल्थरा रोड गए और पता लगाते मनियर थाने पहुंचे। वहां अंगेश यादव ने माता कमलावती देवी और चाची संभलावती देवी को पहचान लिया। प्रधान के पति सत्येंद्र यादव ने बताया कि अंगेश ने आस-पड़ोस, मित्र, दोस्तों, माता, चाची को पहचान लिया है।

गांव के ही डॉ. लालसा यादव ने बताया कि लड़के को मरा समझकर परिजनों ने नदी में बहा दिया था।

# पुलिस ने दर्ज किया बाइक चोरी का केस

बरहज। न्यायालय के आदेश पर बरहज पुलिस ने दो अलग-अलग जगहों से हुई बाइक चोरी मामले में केस दर्ज किया है। नंदना वार्ड पश्चिमी निवासी सुनील वर्मा की बाइक पूर्व में दरवाजे से, जबकि सतरांव के पारसनाथ की बाइक एक कार्यक्रम स्थल से चोरी हो गई थी। प्रभारी थानाध्यक्ष सदानंद यादव ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर दो जगहों से हुई बाइक चोरी का केस दर्ज किया गया है। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 27-02-2023

# चोरी की बाइक के साथ पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

- दोनों के पास से चोरी की बाइकें बरामद
- मामले में केस दर्ज कर पुलिस ने जेल भेजा

**अहिरौली बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** अहिरौली बाजार थाने की पुलिस ने रविवार को चोरी की बाइक के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में विधिक कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया।

स्थानीय थाने में पकड़े गए दोनों लिफ्टरों पर पहले से मुकदमा दर्ज था और पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई थी। रविवार को पुलिस को सूचना मिली कि दोनों अभियुक्त थाना क्षेत्र के तिनहवा मोड़ के पास से गुजर रहे हैं। यह सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके के लिए रवाना हो गई। पुलिस को देख दोनों वहां से भागने लगे, जिन्हें पुलिसकर्मियों ने दौड़ाकर पकड़ लिया।

पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान अमरनाथ यादव गांव हासखोर थाना अहिरौली व सुनील कुमार अरकपुर थाना अहिरौली बाजार के रूप में हुई। इनके पास से चोरी की बाइकें भी बरामद हुई हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई ओम प्रकाश यादव, कांस्टेबल अमित कुमार व गुड्डू कुमार शामिल रहे। एसओ पंकज गुप्ता ने बताया कि अभियुक्तों के पास से चोरी की बाइक बरामद की गई है। स्थानीय थाने में मुकदमा पहले से पंजीकृत था, जिन्हें गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया है।

**चोरी के बाइक के साथ एक गिरफ्तार:** हाटा संवाद के अनुसार हाटा कोतवाली पुलिस ने रविवार की सुबह करीब 9.45 बजे नगर के गौरी तिराहा के पास से चोरी की बाइक के साथ बृजेश सिंह निवासी गोपालपुर थाना हाटा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई प्रविन्दर कुमार राय, हेड कांस्टेबल राजेश कुमार यादव, कांस्टेबल राजेश कुमार, दीपक यादव, दिपेश कुमार यादव शामिल रहे।

# त्योहारों को लेकर थानों में हुई शांति समितियों की बैठक

**कुशीनगर, हिन्दुस्तान टीम।** होली व शबे बारात को शांति एवं सौहार्द के साथ मनाए जाने को लेकर रविवार को तमकुहीराज व पटहेरवा थाना परिसर में शांति कमेटी की बैठक हुई। तमकुहीराज में एसडीएम व्यास नारायण उमराव की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में थानाक्षेत्र के प्रधानों व गणमान्य लोगों ने त्योहार मनाने में आने वाले व्यवहारिक समस्याओं को प्रशासन के सामने रखा। प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी समस्याओं को सूचीबद्ध कर समाधान करने का भरोसा उपस्थित लोगों को देते हुए सभी से आपसी सामंजस्य बनाए रखने व प्रशासन की मदद करने की अपील की।



रविवार को तमकुहीराज थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक करते एसडीएम व्यास नारायण उमराव व सीओ जितेंद्र कालरा। • हिन्दुस्तान

तमकुहीराज संवाद के अनुसार एसडीएम व्यास नारायण उमराव ने शबे बरात, होलिका दहन व होली के त्योहार में किसी प्रकार की कोई समस्या न उत्पन्न हो, इसके लिए उपस्थित लोगों से विचार विमर्श किया। सीओ जितेंद्र सिंह कालरा ने कहा कि त्योहारों को लेकर पुलिस प्रशासन काफी संजीदा है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील किया कि सभी लोग यह प्रयास करें कि आपसी भाईचारा बना रहे। धर्म के आस्था से जुड़े सभी त्योहारों में आपसी एकता, सामंजस्य व सौहार्द कायम रहे। एसओ नीरज कुमार राय ने कहा कि किसी भी दशा में उपद्रव व अशांति फैलाने का प्रयास करने वाले बचेंगे नहीं।

पटहेरवा संवाद के अनुसार पटहेरवा थाना परिसर में रविवार को एसओ गिरिजेश उपाध्याय के नेतृत्व में शांति कमेटी की बैठक हुई। एसओ ने कहा कि थाना क्षेत्र में स्थित गांव व कस्बों में पुलिस की हर गतिविधियों पर नजर रहेगी। हर एक छोटी से छोटी घटनाओं व अपराध की सूचना गांव के प्रधान व चौकीदार के माध्यम से मिलनी चाहिए।

## आपसी भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार

**हाटा।** स्थानीय कोतवाली परिसर में आगामी त्योहार होली व शबे ए बारात को लेकर क्षेत्र के सम्भ्रांत व प्रबुद्ध वर्ग के लोगों के साथ नायब तहसीलदार सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई।

बैठक के दौरान लोगों ने अपनी समस्याओं के सम्बन्ध में अवगत कराया, जिसे नायब तहसीलदार ने समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान नायब तहसीलदार सुनील कुमार सिंह ने कहा कि होली के त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ मनाएं।

# आईजीआरएस पर शिकायत दर्ज करा कार्रवाई की मांग

पडरौना। नगर पालिका में चार्ज पाने के दौरान पीडब्लूडी के जेई द्वारा अपचे चचेरे भाई को कसया नगर पालिका में निकाले गये टेंडर में काम देने के मामले को लेकर आरजीआरएस के माध्यम से शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता ने प्रमाण पत्र देते हुये आरोप लगाया है कि कमिश्नर के आदेश पर हुये जांच के बाद मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

कसया नगर पालिका में अतरिक्त चार्ज लेकर पीडब्लूडी के जेई कार्य देख रहे हैं। उनके चार्ज लेने के दौरान ही उनके द्वारा अपने चचेरे भाई को करीब सवा करोड़ रुपये का निविदा में कार्य देकर भुगतान किया गया था। इस मामले को लेकर कई लोगों ने शिकायत भी दर्ज कराया था।

# बालू माफिया से बिहार पुलिस की झड़प

**पडरौना, निज संवाददाता।** पडरौना कोतवाली थाना क्षेत्र के बालू माफियाओं और उनके गुर्गो और बिहार पुलिस के बीच शनिवार को झड़प हो गई। बालू खनन की सूचना पर बिहार पुलिस सीमा पर पहुंची थी।

बिहार के धनहा पुलिस को सूचना मिली थी कि देवीपुर बाजार गांव के सरेह में बांसी नदी तट के पास अवैध बालू खनन कर यूपी में डंप किया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सूचना पर धनहा थाने की गस्त करने वाली टीम छापेमारी के लिए वहां पहुंची। वहां मौजूद धंधेबाज पुलिस को देखकर भाग गए। संयोग से बालू लदी एक ट्राली खनन करने वाली जगह में फंस गयी थी। इसको निकालने के लिए छापेमारी करने गई टीम के द्वारा दो ट्रैक्टर लेकर आया गया। बालू लोडेड ट्राली को निकालने की पुलिस टीम के द्वारा प्रयास किया जा रहा था, तब तक बालू माफियाओं के 20 गुर्गे पहुंच गए। वहां पुलिस से उनकी झड़प हो गई। कार्यवाहक कोतवाल पडरौना अनिल कुमार सिंह ने बताया कि किसी अन्य कार्य से बिहार की धनहा थाने की पुलिस कोतवाली आयी थी लेकिन बालू कारोबारियों द्वारा हमला किये जाने जैसी कोई शिकायत नहीं की।



बिहार-यूपी बार्डर पर बालू खनन की दृश्य बयां करती तस्वीर। • हिन्दुस्तान

> बालू खनन की सूचना पर पुलिस मौके पर गयी थी। वहां झड़प के बाद बालू कारोबारी यूपी की सीमा में भाग गये। बिहार क्षेत्र में बगैर पट्टा बालू खनन नहीं होने दिया जाएगा।
>
> मुन्ना कुमार, एसओ-धनहा, बिहार

# दो गिरफ्तार, चोरी की बाइक बरामद

**अहिरौली बाजार।** क्षेत्र में गश्त के दौरान पुलिस ने रविवार को चोरी की बाइक बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार किया। एसएचओ पंकज कुमार गुप्ता ने बताया कि हासखोर निवासी अमरनाथ यादव और अरकपुर के सुनील कुमार पर बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज था। रविवार को जानकारी मिली कि दोनों तिनहवा मोड़ के पास मौजूद हैं। तभी पुलिस ने उनको पकड़ लिया। जांच के दौरान उनके पास से चोरी की बाइक और मोबाइल फोन बरामद हुआ। कानूनी कार्रवाई पूरी करके दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उनको जेल भेज दिया गया। संवाद

# जाम को लेकर जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करेगा व्यापार मंडल

- ओवरब्रिज बनाने से ही व्यापारियों व आम लोगों को जाम से मिलेगी निजात
- समाधान को लेकर बाईपास पर ओवरब्रिज बनाने की मांग

पडरौना, निज संवाददाता। शहर में आये दिन लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए ओवरब्रिज बनाने से ही व्यापारियों व आम लोगों को जाम से निजात दिलाया जा सकता है। शहर में जाम लगने से व्यापारियों को भी नुकसान उठाना पड़ता है। जाम के वजह से ग्राहक शहर के अंदर प्रवेश नहीं करते और बाहर-बाहर ही खरीदारी कर अपने गांव चले जाते हैं। इसको लेकर व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल स्थानिय जनप्रतिनिधियों से मिल कर इस समस्या के समाधान को लेकर बाईपास पर ओवरब्रिज बनाने की मांग करेगा।

रविवार को पडरौना शहर स्थित डांक बंगले में भारतीय एकीकरण व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनोज मोदनवाल ने व्यापारियों को संबोधित करते हुये कहा। उन्होंने कहा कि शहर में जाम की समस्या व्यापारियों के लिये अभिषाप बन गया है। शहर के अंदर भारी वाहनों के प्रवेश करने से यह समस्या और भी विक्राल हो जाता है। उन्होंने कहा कि शहर में पांच रेलवे क्रासिंग है, जो शहर को दो भागों में बाट देता है। ट्रेनों के गुजरने के बाद घंटों जाम लगा रहता है। इसमें स्कूली बस, एम्बुलेन्स सहित आम लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी बाईपास सड़क पर ओवर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासन तक को पत्र लिखकर जाम की समस्याओं से निजात दिलाने के लिये मांग किया गया था पर प्रशासन जांम के नाम पर अतिक्रमण हटवाने के नाम पर छोटे व्यापारियों के ठेले खोमचे हटवाकर उनका उत्पीड़न करती है। उन्होंने कहा कि शहर को जाम से बचाने के लिये एक ओवर ब्रिज की आवश्यकता है, जिसके बननने से बिहार व अन्य ग्रामीण क्षेत्र के लोग भारी वाहनों को बिना शहर में प्रवेश किये एक छोर से दुसरी छोर तक पहुच जायेंगे। इससे शहर में लगने वाली जाम से भी लोगों को निजात मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल स्थानिय विधायक, सांसद व प्रशासन से मिल कर मांग पत्र सौंपा जायेगा। इस दौरान संजय मोदनवाल, रोहित वर्मा, रामू पांडेय, राजीव केसरी, विजय मोदनवाल, अजित खां, बब्बलू चौबे, धर्मेन्द सिंह, विनोद शर्मा, नवीन चौरसिया, श्रवण गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# आग से एक एकड़ गन्ना जला

दुदही। दुदही नगर पंचायत के वार्ड संख्या आठ में रविवार को आग लगने से करीब एक एकड़ गन्ने की फसल जल गयी। दुदही वार्ड संख्या आठ निवासी जितेंद्र, बच्चा, लल्लन व योगेंद्र मद्धेशिया के गन्ने की फसल में यकायक दोपहर में आग लग गयी। हल्की हवा में आग ने विकराल रूप धारण कर ली। लोगों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इससे किसानों का एक एकड़ फसल जलकर नष्ट हो गई।

# ठगी से बचने के लिए न उठाएं 140 नंबर की सीरीज का काल

- इन नंबरों से आए काल रिसीव करते ही फोन हो जाएगा हैक
- मोबाइल नंबर से खाता लिंक होने के कारण कट जा रही रकम

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** साइबर अपराधियों ने ठगी का अब नया तरीका अपनाया है। इनाम जीतने, सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा बैंक खाते का केवाइसी कराने जैसी बातें बीते समय की बात हो गईं। ये अब 140 से शुरू होने वाले नए सीरीज के नंबरों से फोन कर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं।

इन नंबरों से आए काल रिसीव करते ही फोन हैक हो जा रहा और अपराधी फोन उठाने वाले का एकाउंट साफ कर दे रहे। ऐसे में इन नंबरों से अगर फोन आए तो आप भी सावधान हो जाएं, नहीं तो आपका एकाउंट भी खाली हो सकता है।

इस तरह के तेजी से बढ़ते मामलों को देखते हुए कुशीनगर पुलिस ने लोगों को जागरूक करना शुरू कर दिया है। ताकि लोग ठगी का शिकार होने से बच सकें।

साइबर सेल सहित थानों की पुलिस को निर्देश हुआ है कि वे स्कूल, कालेज तथा शहर, बाजार में कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को सतर्क करें। साइबर सेल के अनुसार आजकल लगभग हर व्यक्ति का मोबाइल नंबर उसके बैंक खाता से लिंक है।

इनदिनों 140 नंबर के सीरीज से काल कर साइबर अपराधी लोगों को अपना शिकार बना रहे। इस सीरीज के नंबरों से काल आने पर जैसे ही व्यक्ति फोन उठाता है तो कुछ सेकेंड में ही उसका फोन हैक हो जाता है।

संबंधित व्यक्ति कुछ समझ पाए इससे पहले ही साइबर अपराधी उसका खाता खाली कर दे रहे। हालांकि जिले में अब तक ऐसे मामला अभी सामने नहीं आया है मगर साइबर ठगी के इस तरीके के सामने आने के बाद लोगों को जागरूक करने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

**इन नंबरों की सीरीज से रहें सावधान**

9114093200671
9114093200661
9114093200589
9114093200655



साइबर अपराधियों द्वारा नए-नए तरीके अपनाए जा रहे हैं। 140 नंबर की सीरीज से फोन आए तो सावधान रहने की आवश्यकता है नहीं तो ठग आर्थिक चपत लगा सकते हैं। ठगी से बचाव के लिए जागरूकता ही सबसे बेहतर उपाय है। पुलिस जागरूक करने का कार्य कर रही है। नागरिक भी सतर्क रहें। अनजाने फोन काल्स न उठाएं और अनजाने लिंक पर भूल कर भी क्लिक न करें।

**धवल जायसवाल**, एसपी

# वेब सीरिज देखकर सीख रहे जुर्म का तरीका

## कॉपी-पेन फेंककर टप्पेबाजी, चोरी और छिनैती की वारदातों को अंजाम देने वाले किशोर आ चुके हैं पुलिस की पकड़ में

**केस-एक** 12 फरवरी को पटहेरवा थाना क्षेत्र में टप्पेबाजी के मामले में दो किशोर पकड़े गए। पूछताछ में बताया कि वे अपराध से संबंधित वेब सीरीज और धारावाहिक देखकर ऐसा करने के बारे में सोचा। वे बैंक के अंदर टोह लेते थे, जिससे आसानी से छिनैती की घटना को अंजाम दे सकें।

**केस-दो** आठ नवंबर, 2022 को पकड़ियार में थोक फल विक्रेता महेंद्र गुप्ता के वहां कार्य करने वाले दो नाबालिग लड़के सीसीटीवी कैमरा को चंद सेकेंड बंद करके गल्ले से रुपये निकाल लेते थे। संदेह पर मालिक ने अलग कैमरा लगवाया तो सीसीटीवी कैमरे में फुटेज के आधार पर वे पकड़े गए।

**केस-तीन** चार अप्रैल, 2022 को सदर कोतवाली क्षेत्र के जंगल हनुमानगंज निवासी चंदन की बाइक चोरी हो गई थी। यह बाइक एक 15 वर्षीय किशोर के पास से बरामद हुई। पुलिस की पूछताछ में उसने बताया था कि वह बाइक चोरी के बड़े गिरोह में जाना चाहता था। वेब सीरिज देखकर उसने चोरी की तरकीब सीखी।

**केस-चार** चौराखास थाना क्षेत्र में 02 फरवरी, 2023 को एक बैंक में रैकी करने वाले दो किशोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वे मौका देखकर छिनैती भी करते थे। इनके पास से 27 हजार रुपये नकद बरामद भी हुए थे। पुलिस की पूछताछ में इन दोनों ने बताया कि ये वेबसीरिज देखते थे।

**केस-पांच** पटहेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव में मोटरसाइकिल चोरी हुई थी। वह मोटरसाइकिल गांव के ही एक किशोर के पास बरामद हुई थी। पुलिस ने पूछताछ की तो किशोर ने बताया कि वह बाइक चोरों के गिरोह से जुड़ने के प्रयास में था। उसका पढ़ाई में बिल्कुल मन नहीं लगता था।

**विष्णुदत्त पांडेय**

**पडरौना।** जिनके हाथों में कॉपी-किताब और कलम होनी चाहिए, वे आजकल टप्पेबाजी, चोरी और छिनैती की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे किशोर अपराध से जुड़ी वेब सीरीज और धारावाहिक देखकर बैंकों में रेकी करते हैं, फिर घटनाओं को अंजाम देते हैं।

जनपद में बैंक के आस-पास चोरी, टप्पेबाजी करने वाले गिरोह को पकड़ने के लिए एसपी ने टीमें लगाई थीं। पटहेरवा थाना क्षेत्र में बैंक में हुई टप्पेबाजी में किशोरों के शामिल होने की बात सामने आई थी। उसमें नाबालिग सहित चार आरोपी गिरफ्तार किए गए थे। सभी बिहार प्रांत के गोपालगंज जिले के रहने वाले थे। 15 से 16 वर्ष के दोनों नाबालिगों ने पूछताछ में बताया कि वह टीवी धारावाहिक और वेब सीरीज को देखकर भोले-भाले लोगों को अपना निशाना बनाते थे।

### पहले लेते थे टोह, फिर वारदात को देते थे अंजाम

### घटनाओं का पर्दाफाश होने पर सामने आई हकीकत

*टप्पेबाजी और चोरी के मामलों में नाबालिग पकड़े जा रहे हैं। उनकी उम्र 14 से 16 साल के बीच रहती है। अधिकतर नाबालिग पूछताछ में यही बताते हैं कि वेब सीरीज और फिल्मों से आइडिया लेते हैं।*

*- **धवल जायसवाल**, पुलिस अधीक्षक*

पुलिस सूत्रों के अनुसार, ये किशोर बैंक के अंदर जाकर ऐसे लोगों पर नजर रखते थे, जिनसे आसानी से टप्पेबाजी या छिनैती की जा सके।

बैंक में रेकी करने के बाद बाहर खड़े अपने साथी को इशारा कर देते थे। इसके बाद छिनैती की घटना को अंजाम देते थे।

गिरफ्तार किए गए दोनों किशोरों ने बताया कि कुशीनगर, देवरिया, बलिया, मऊ, गाजीपुर सहित कई जिलों में बाइक से ही चले जाते थे। उनके साथ टीम में शामिल अन्य सदस्य ब्लेड से ही पर्स व जेब को काटकर रुपये निकाल लेते थे। संबंधित व्यक्ति को इसकी भनक तक नहीं लग पाती थी।

इनके अलावा भी कुछ मामलों में पकड़े गए किशोर पूछताछ में यह स्वीकार कर चुके हैं, उन्होंने अपराध करने का तरीका वेब सीरीज देखाकर सीखा। संवाद

# चोरी की बाइक के साथ दो लिफ्टर गिरफ्तार

**जासं, अहिरौली बाजार:** क्षेत्र के तिनहवा मोड़ के समीप अहिरौली बाजार पुलिस ने रविवार को चोरी की बाइक के साथ दो लिफ्टरों को गिरफ्तार किया। लिफ्टरों की पहचान अमरनाथ यादव निवासी हांसखोर व सुनील कुमार निवासी अकबरपुर के रूप में हुई। एसएचओ पंकज कुमार गुप्त ने बताया कि बीते दिनों बाइक चोरी का मुकदमा पंजीकृत हुआ था। विवेचना के दौरान इसमें अमरनाथ व सुनील कुमार की भूमिका पाई गई। सुबह लगभग 11 बजे दोनों का लोकेशन तिनहवा मोड़ के समीप होने पर पुलिस टीम ने वहां पहुंच दोनों को गिरफ्तार कर लिया। उनसे चोरी की बाइक भी बरामद हुई है। मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

**चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार:** **हाटा:** कोतवाली पुलिस ने नगर से सटे गौरी बाजार तिराहे के समीप रविवार को चोरी की बाइक के साथ एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया। वाहन चोर की पहचान बृजेश सिंह निवासी गोपालपुर थाना कोतवाली हाटा के रूप में हुई। कोतवाल निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि बीते दिनों बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज हुआ था। दोपहर में नगर से सटे गौरी बाजार तिराहा के समीप चोर को गिरफ्तार किया।

## गैंगस्टर गिरफ्तार

**पडरौना:** कसया पुलिस ने क्षेत्र के परसौनी मुकुंदहा के समीप रविवार को गैंगस्टर को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान अजहरुद्दीन उर्फ श्रीलंका निवासी परसौनी मुकुंदहा के रूप में हुई। एसएचओ डा. आशुतोष तिवारी ने बताया कि अजहरुद्दीन के विरुद्ध थाने में गोवध निवारण अधिनियम तथा आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत है। उसके विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई भी की गई है।

# प्राणघातक हमले के आरोपित गिरफ्तार

**जासं, कुबेरस्थान :** क्षेत्र के सेमरा गांव के समीप कुबेरस्थान पुलिस ने रविवार को प्राणघातक हमले के आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों की पहचान मनोज व बिट्टू के के रूप में हुई। दोनों सगे भाई हैं। एसओ राघवेंद्र सिंह ने बताया कि बीते दिनों क्षेत्र के पचरूखिया गांव में प्राणघातक हमले की घटना हुई थी। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर दो सगे भाइयों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था। दोनों का लोकेशन सेमरा गांव के समीप मिलने पर पुलिस टीम ने वहां पहुंच दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

**वांछित गिरफ्तार : तमकुहीराज:** तमकुहीराज पुलिस ने रविवार शाम को क्षेत्र के भटवलिया के पास से वांछित को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान इस्लाम निवासी गुदरी मोहल्ला टोला थाना तरयासुजान के रूप में हुई। एसएचओ नीरज कुमार राय ने बताया कि पकड़े गए युवक के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है। आगे नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

**15 शीशी देसी शराब के साथ गिरफ्तार : कुबेरस्थान :** क्षेत्र के भूप सागर पोखरा के समीप कुबेरस्थान पुलिस ने रविवार को 15 शीशी देसी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया। जिसकी पहचान गौरी निवासी पिपराजटामपुर के रूप में हुई।

**10 लीटर कच्ची के साथ एक धराया: मंसाछापर :** जटहाबाजार पुलिस ने क्षेत्र के मंसाछापर बाजार से रविवार को 10 लीटर कच्ची के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को इलाके में कच्ची शराब तैयार करने तथा बिक्री करने की सूचना मिल रही थी। छापेमारी कर पुलिस ने 10 लीटर कच्ची के साथ विकास निवासी मनिकौरा थाना कोतवाली पडरौना को पकड़ लिया।

# घर में सो रही महिला से छेड़खानी, मुकदमा

**जासं,नेवुआ-नौरंगिया:** क्षेत्र में घर में सो रही महिला से छेड़खानी की घटना सामने आई है। आरोपित के विरुद्ध पुलिस ने रविवार को मुकदमा पंजीकृत कर लिया। घटना बीते शुक्रवार की है। बताया जाता है कि घटना के समय रात करीब साढ़े सात बजे महिला घर में सो रही थी। घर के सदस्य गांव में आयोजित वैवाहिक समारोह में गए थे। इस बीच आया गांव का ही युवक महिला से छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर आरोपित रामाज्ञा फरार हो गया। एसएचओ अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 27-02-2023

# 25 पुलिस कर्मियों का तबादला

महराजगंज। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने पुलिस महकमा में फेर बदल किया है। इस कार्रवाई में एक इंस्पेक्टर, पांच सब इंस्पेक्टर समेत कुल 25 पुलिस कर्मियों का एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरण किया गया है। एसपी ने स्थानांतरण आदेश का त्वरित अनुपालन कराने का निर्देश दिया है। आख्या भी मांगा है। इस फेरबदल में पुलिस लाइन में तैनात इंस्पेक्टर विवेकानंद त्रिपाठी को एएसपी कार्यालय में ट्रांसफर किया गया है। न्यायालय सम्मन सेल के प्रभारी एसआई मंगला प्रसाद को कोतवाली ,यातायात सेल के चार एसआई शिवदास यादव को नौतनवा थाना, रविन्दर व प्रह्लाद प्रसाद को बृजमनगंज थाना व श्रीराम यादव को न्यायालय सम्मन सेल में पोस्ट किया गया है।



रविवार को नौतनवा थाने में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में मौजूद सीओ अनुज कुमार सिंह एवं अन्य। • हिन्दुस्तान

# होली पर्व को लेकर नौतनवा थाने में पीस कमेटी की बैठक

## सतर्कता

नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद। नौतनवा थाना परिसर में रविवार को होली पर्व के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इसमें थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, नागरिक एवं थाने के समस्त पुलिस कर्मी मौजूद रहे। होली पर्व पर किसी भी तरह की कोई समस्या गया है कि वह थाना क्षेत्र के जितने भी आपराधिक घटनाओं में सम्मिलित आरोपी हैं, उनको चिह्नित कर लें। एसओ सत्यप्रकाश सिंह ने कहा कि आगामी 7 मार्च की रात होलिका दहन का कार्यक्रम होगा तो 8 मार्च को होली पर्व मनेगा। सभी लोग सहयोग करें ताकि सद्भावना कायम रहे। इस दौरान एस[illegible]संजय कुम[illegible]सिंह,

# 40 शीशी नेपाली शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**परसामलिक :** क्षेत्र के असुरैना गांव के पास से रविवार की सुबह पुलिस ने 40 शीशी नेपाली शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मुन्नी देवी निवासी असुरैना बताया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, उपनिरीक्षक रोहित सविता, महिला कांस्टेबल साधना यादव समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। (जासं)

# आठ बोटा साखू लदा पिकअप बरामद

**बागापार :** बागापार-सिंदुरिया मार्ग पर नदुआ के समीप रविवार की शाम को बागापार चौकी की पुलिस ने घेराबंदी कर आठ बोटा साखू की लकड़ी लदा पिकअप बरामद व चालक को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक आरोपित फरार हो गया। रविवार की शाम को बागापार चौकी की पुलिस को सूचना मिली कि एक पिकअप पर जंगल की अवैध साखू की लकड़ी लादकर झनझनपुर की तरफ जा रहा है। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी विजय द्विवेदी, मुख्य आरक्षी रामप्रवेश यादव, कृष्ण कुमार सिंह, विवेक पांडेय, सूरज भारती, अजय यादव ने सदर कोतवाली क्षेत्र के बागापार-सिंदुरिया मार्ग पर नदुआ के समीप घेराबंदी कर लकड़ी लदा पिकअप और उसके चालक को पकड़ लिया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर रवि राय ने बताया कि लकड़ी लदी पिकअप को कोतवाली परिसर में लाकर सीज करते हुए चालक शरीफ आलम के विरुद्ध वन अधिनियम व चोरी का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। (जासं)

# मारपीट में तीन घायल, 25 लोगों का चालान

**नौतनवा :** क्षेत्र के मुड़िला गांव में शनिवार देर रात दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जो बाद में मारपीट में बदल गई। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों से 25 लोगों को शांतिभंग में चालान कर दिया। उपनिरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि हरिनंद साहनी व अजय यादव दोनों दोस्त हैं। शाम को शराब पीने-पिलाने के दौरान दोनों के बीच विवाद होने लगा। एक पक्ष के कुछ लोगों ने अजय यादव से मारपीट की। यह जानकारी अजय के दोस्तों को हुई तो वह भी लाठी डंडे से हमला कर दिए, जिसमें हरीनंद साहनी, अजय यादव व सदन के घायल होने पर उपचार करवाया गया। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है। दोनों पक्षों के 25 लोगों का चालान किया गया है। (जासं)

# ठगी के मामले में नौतनवा पहुंची सिद्धार्थनगर पुलिस

**नौतनवा :** सिद्धार्थनगर जनपद के लोटन कोतवाली पुलिस रविवार को ठगी के मामले में वांछित चार आरोपितों की तलाश में नौतनवा पहुंची, लेकिन उनको खाली हाथ लौटना पड़ा। लोटन कोतवाल घनश्याम सिंह ने बताया कि सोना देने के नाम पर ठगी के मामले में चार आरोपित वांछित चल रहे हैं, जिसमें शरीफ निवासी सुकरौली थाना सोनौली, राजू चौधरी निवासी निपनिया थाना परसामलिक, हबीब निवासी मोगलहा थाना कोल्हुई व मंटू सिंह निवासी नौतनवा थाना नौतनवा की गिरफ्तारी को लेकर दबिश दी गई। (जासं)

# उपनिरीक्षकों समेत 25 सिपाहियों का तबादला

**जासं, महराजगंज**: पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने रविवार को कुल छह उपनिरीक्षकों समेत 25 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव कर दिया है। इसमें जहां पुलिस लाइन में तैनात विवेकानंद त्रिपाठी को अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनाती दी गई है, वहीं सम्मन सेल में तैनात मंगला यादव को सदर कोतवाली में तैनाती दी गई है। इसी क्रम में यातायात सेल में तैनात उपनिरीक्षक शिवदास को नौतनवा, रविंद्र कुमार और प्रहलाद प्रसाद को बृजमनगंज और श्रीराम यादव को सम्मन सेल के प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने बताया कि छह उपनिरीक्षकों के अलावा कुल 25 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया गया है। इसमें मुख्य आरक्षी उमेश यादप को परसामलिक से घुघली, अविनाशमणि त्रिपाठी को परसामलिक से फरेंदा, रमेशचंद्र को बरगदवा से पनियरा, ओमप्रकाश यादव को बरगदवा से श्यामदेउरवा, जियाउद्दीन खान को सिंदुरिया से बृजमनगंज, शक्ति कुमार पांडेय को यूपी-112 से निचलौल, श्रीकृष्ण को न्यायालय सुरक्षा से भिटौली, रिजवानुल्लाह को बरगदवा से पनियरा, रुआब अली श्यामदेउरवा से कोठीभार, संजय सिंह पुरंदरपुर से श्यामदेउरवा के अलावा आरक्षियों में आशुतोष प्रजापति को यातायात सेल से न्यायालय सुरक्षा, विद्यासागर कुशवाहा को फरेंदा से सीओ कार्यालय फरेंदा, शुभम मौर्य को भिटौली से सीओ कार्यालय सदर, निशांत सिंह को घुघली थाने से पैरोकार घुघली, बलवंत यादव को बाल सुरक्षा से परिवार परामर्श केंद्र, अजय कुमार पाल को भिटौली से मीडिया सेल और विजयपाल को सोहगीबरवा से कोठीभार, दुर्गावती देवी को श्यामदेउरवा से भिटौली और वीनिता रावत को कोठीभार से घुघली थाने पर नई तैनाती दी गई है।

# सफाईकर्मी को पीटा मुकदमा दर्ज

सिंदुरिया : लक्ष्मीपुर कोर्ट गांव में सफाई करने गए सफाईकर्मचारी को गांव के ही एक व्यक्ति ने पीट दिया। पीड़ित सफाईकर्मी की तहरीर पर सिंदुरिया थाने की पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के रजवल निवासी सफाईकर्मचारी रमाशंकर प्रजापति ने बताया कि लक्ष्मीपुर कोर्ट गांव में उनकी तैनाती है। शनिवार को वह अपना कार्य करने गए तो गांव के ही शंकर ने अपने घर की तरफ सफाई करने को कहा। मैंने वहां पर अगले कार्यदिवस में सफाई करने को कहा। इसी बात पर शंकर अपशब्द कहने लगा, विरोध करने पर पीट दिया। सिंदुरिया थाना प्रभारी तरुण शुक्ला ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध मारपीट मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। (जासं)

# बच्ची से दुष्कर्म, आरोपित गिरफ्तार

**जासं, आनंदनगर:** रविवार की शाम को जंगल किनारे बकरी चराने गई छह वर्षीय बच्ची के साथ एक युवक ने दुष्कर्म किया। घटना की सूचना मिलते ही पुरंदरपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। जांच-पड़ताल कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

**जंगल की तरफ बकरी चराने गई थी मासूम, जिला अस्पताल रेफर, आरोपित को गिरफ्तार कर कार्रवाई में जुटी पुलिस**

पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी बालिका रविवार की शाम को गांव किनारे स्थित जंगलों के पास बकरी चराने गई हुई थी। आरोप है कि करीब पांच बजे जंगल के रास्ते आ रहे आरोपित ने उसे पकड़ लिया और एक पुल के नीचे ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। काफी देर बाद बालिका के घर नहीं पहुंचने पर उसकी दादी खोजने पहुंची तो उसे रोते हुए पाया। स्वजन ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर थानाध्यक्ष उमेश कुमार के साथ अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह भी पहुंचे, स्वजन को कार्रवाई का आश्वासन दिया। एसपी डा. कौस्तुभ ने बताया कि आरोपित धर्मेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। तहरीर के आधार पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# ठगी के मामले में नौतनवा पहुंची सिद्धार्थनगर पुलिस

**नौतनवा :** सिद्धार्थनगर जनपद के लोटन कोतवाली पुलिस रविवार को ठगी के मामले में वांछित चार आरोपितों की तलाश में नौतनवा पहुंची, लेकिन उनको खाली हाथ लौटना पड़ा। लोटन कोतवाल घनश्याम सिंह ने बताया कि सोना देने के नाम पर ठगी के मामले में चार आरोपित वांछित चल रहे हैं, जिसमें शरीफ निवासी सुकरौली थाना सोनौली, राजू चौधरी निवासी निपनिया थाना परसामलिक, हबीब निवासी मोगलहा थाना कोल्हुई व मंटू सिंह निवासी नौतनवा थाना नौतनवा की गिरफ्तारी को लेकर दबिश दी गई। (जासं)

# टीम की छापेमारी में 53 लीटर कच्ची बरामद

- होली के मद्देनजर कच्ची पर अंकुश लगाने के लिए चला अभियान
- सदर व फरेंदा क्षेत्रों में कार्रवाई, साढ़े सात क्विंटल लहन किया गया नष्ट

**जासं, महराजगंज**: होली के मद्देनजर कच्ची पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग और प्रशासन की टीम ने रविवार को सदर व फरेंदा क्षेत्रों में छापेमारी अभियान चलाकर 53 लीटर कच्ची बरामद किया और साढ़े सात क्विंटल लहन नष्ट किया।

उप जिलाधिकारी सदर मोहम्मद जसीम और आबकारी निरीक्षक सदर अमित कुमार दुबे सुबह 11 बजे जंगल फरजंद अली गांव में पहुंचे। अधिकारियों की गाड़ी आती देख वहां बैठे लोग फरार हो गए। जगल किनारे दो झोपड़ी के बगल खेत में आबकारी विभाग की टीम ने जब जांच पड़ताल की तो छिपाकर रखी गई 18 लीटर कच्ची और 2.50 क्विंटल लहन मिला। लहन को टीम ने नष्ट किया। उप जिलाधिकारी सदर ने बताया कि अज्ञात लोगों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। आनंदनगर संवाददाता के अनुसार उपजिलाधिकारी मदन मोहन वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी कोमल प्रसाद मिश्र के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने नगेशरापुर एवं गुदरीपुर गांव में छापेमारी की। टीम ने भूमि व घर के अंदर छुपाकर रखे गए लहन को बाहर निकाला और मौके पर ही नष्ट कर दिया। छापेमारी में 35 लीटर कच्ची, पांच क्विंटल लहन व शराब बनाने का उपकरण बरामद हुआ है। थानाध्यक्ष फरेंदा सतेंद्र कुमार राय, बृजमनगंज संजय कुमार मिश्र, आबकारी निरीक्षक दीपेंद्र त्रिपाठी, उपनिरीक्षक मनोज कुमार यादव मौजूद रहे।



जंगल फरजंदअली में छापेमारी के दौरान लहन नष्ट करते सदर एसडीएम मो. जसीम (बाएं से दूसरे) व आबकारी निरीक्षक अमित कुमार दुबे ●**जागरण**

## छापेमारी में 20 लीटर कच्ची बरामद

**जासं, फुलमनहा**: बृजमनगंज के ग्राम पंचायत पुरंदरपूर के परगाहपुर में रविवार को पुलिस टीम ने अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी किया। छापेमारी की भनक लगते ही धंधेबाजों में हड़कंप मच गया। मौके से सभी फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि छापेमारी में 20 लीटर कच्ची बरामद किया गया व पांच क्विंटल लहन नष्ट किया गया। छापेमारी टीम में कांस्टेबल आनन्द यादव, चंद्र प्रकाश यादव, शाहनवाज अहमद, महिला कांस्टेबल शालिनी गुप्ता मौजूद रही।

## किराने की दुकान से देसी शराब बरामद

**जासं फुलमनहा**: बृजमनगंज के गुजरौलिया में रविवार को आबकारी टीम ने एक किराने की दुकान की जांच की, जहां से 16 पाउच देसी शराब की पैकेट बरामद कर दुकान संचालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया। मौके पर जांच टीम और ग्रामीणों से काफी देर तक कहासुनी भी हुई। आबकारी इंस्पेक्टर दीपेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि आइजीआरएस पर हुई शिकायत के आधार पर दुकान की जांच की गई। देसी शराब बरामद होने पर दुकान संचालक जयप्रकाश के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया।

# छह उप निरीक्षकों का कार्य क्षेत्र बदला

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। कानून व्यवस्था बेहतर रखने के लिए एसपी डॉ. कौस्तुभ ने रविवार को जिले के 25 पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र में परिर्वतन किया है। इसमें छह उप निरीक्षक शामिल हैं।

एसपी ने बताया कि उप निरीक्षक विवेकानंद त्रिपाठी को पुलिस लाइन से अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय, उप निरीक्षक मंगला प्रसाद को प्रभारी न्यायालय सम्मन सेल से थाना कोतवाली, उप निरीक्षक शिवदास यादव को यातायात सेल से थाना नौतनवां, उप निरीक्षक रविंद्र कुमार को यातायात सेल से थाना बृजमनगंज भेजा गया है।

वहीं उप निरीक्षक प्रहलाद प्रसाद को यातायात सेल से बृजमनगंज, उप निरीक्षक श्रीराम यादव को यातायात सेल से न्यायालय सम्मन सेल में भेजा गया है। 10 मुख्य आरक्षी व नौ आरक्षी के कार्य क्षेत्र में परिर्वतन किया गया है।

# पांच वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

## खून से लथपथ मिली बालिका की हालत गंभीर, एंबुलेंस से भेजी गई अस्पताल

संवाद न्यूज एजेंसी

फरेंदा/लक्ष्मीपुर। पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के एक ग्राम पंचायत में पांच वर्षीय मासूम बच्ची से 30 वर्षीय युवक ने दुष्कर्म किया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मासूम बच्ची को एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। जहां बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

जानकारी के अनुसार, पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के एक ग्राम पंचायत निवासी युवक की ओर से गांव की पांच वर्षीय बालिका से दुष्कर्म किया गया। इससे बालिका की हालत गंभीर हो गई और वह रोने लगी। उक्त घटना की जानकारी तब हुई, जब बच्ची रोती बिलखती अपने परिजनों के पास खून से लथपथ पहुंची।

बालिका के शरीर से खून देख घर वाले दंग रह गए। घर वालों के पूछने पर बच्ची ने राते हुए घटना की जानकारी दी। साथ ही आरोपी युवक का नाम भी बताया। इस पर घरवालों ने पुलिस को सूचना दी, तो पुलिस ने मौके पर तत्काल पहुंचकर बालिका को उपचार के लिए एंबुलेंस से स्वास्थ्य केंद्र बनकटी पहुंचाया। वहीं, आरोपी युवक को गिरफ्तार कर थाने ले जाया गया। गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है।

### सिवान में अकेले चराने गई थी बकरी

फरेंदा। पुरंदरपुर क्षेत्र के एक गांव की बालिका रविवार को दिन में गांव के बाहर अकेले बकरी चराने गई थी। उसी दौरान गांव के रास्ते से गुजर रहा युवक बालिका को अकेला देखकर पुलिया के नीचे ले गया और बहला फुसला कर उसके साथ दुष्कर्म किया। बालिका के चीखने-चिल्लाने के बाद भी युवक को दया नहीं आई और हैवानियत की। जब वह बेहोश हो गई तो उसे वहीं छोड़ कर भाग गया। घटना के बाद गांव के लोगों में आक्रोश है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गांव में पुलिस का पहरा कड़ा कर दिया गया है। हैवानियत की निंदा हर तरफ हो रही है। गांव के लोग युवक के कृत्य की निंदा करते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस गांव में भ्रमण कर रही है। उधर, सीएचसी में भर्ती बालिका की हालत गंभीर बताई जा रही है। रक्तस्राव होने से थोड़ी समस्या बढ़ गई है। डॉक्टरों के अनुसार बालिका की स्थिति में सुधार हो रहा है।

### दादी पुलिया के नीचे खोजती हुई पहुंचीं

मासूम बच्ची के देर तक बकरी चराकर घर न लौटने पर दादी को किसी अनहोनी की आशंका हुई। वह उसे खोजने खेत की तरफ गईं। जहां पर काफी तलाश के बाद मासूम को पुलिया के नीचे रोता बिलखता देख दादी के होश उड़ गए। मासूम ने रोते हुए लहूलुहान हालत में आपबीती बताई तो पांव तले जमीन खिसक गई। सूचना पर घर के लोग उग्र हो गए।

अपर पुलिस अधीक्षक आतिश सिंह ने बताया कि पुलिस ने मौके पर तत्काल पहुंचकर घायल बालिका को अस्पताल पहुंचाया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। तहरीर के अनुसार मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाएगा।

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 27-02-2023

# ट्रैक्टर रोककर युवक की पिटाई, केस

**बस्ती ।** बाइक सवार कुछ लोगों ने ट्रैक्टर को रूकवाकर युवक व चालक को गालियां देते हुए मारा पीटा गया तथा जान सूचक शब्दो से सम्बोधित कर जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित के भाई की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। कलवारी थाना क्षेत्र के टिलियवा परवा के पास दो मोटरसाईकिल सवार पांच लोगो ने दीपक यादव का ट्रैक्टर रूकवा लिया और पंकज तथा ट्रैक्टर के चालक विश्वनाथ को जाति सूचक गालियां देते हुए मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित के भाई पंकज यादव पुत्र चन्द्रिका प्रसाद निवासी माझा खुर्द खलगवा थाना कलवारी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अजय कुमार यादव निवासी उंजी रेवटिया थाना दुबौलिया तथा चार अज्ञात लोगो के विरूद्ध धारा 323, 504, 506, 147 आईपीसी एवं 3(1) द , ध एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पुलिस की मौजूदगी में दफन लाश को गड्ढे से निकाला

**वाल्टरगंज (एसएनबी)।** थाना वाल्टरगंज में पंजीकृत मुकदमे में मुकामी पुलिस ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में दफन लाश को गड्ढे से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। पूरा मामला थाना क्षेत्र के ग्राम महादेव का है

12 जनवरी को ग्राम महादेव निवासी लल्लू प्रसाद पुत्र राम सवारे औसापुर गांव के पास अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया था जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उपचार हेतु परिजनों ने जिला अस्पताल बस्ती मेंभर्ती कराया था। जहां उपचार के दौरान 18 जनवरी की उनकी मौत हो गई। परिवार जनों ने बिना किसी सूचना के शव को बाराह क्षेत्र कुआनो नदी के पास दफन कर दिया था लेकिन मृतक के भाई संतोष कुमार पुत्र राम संवारे ने जिलाधिकारी बस्ती को प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा पंजीकृत करनेऔर शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग उठाई थी जिस पर मुकामी पुलिस ने धारा 304



बस्ती : दफन लाश को निकलवाती पुलिस। फोटो : एसएनबी

ए 279 भारतीय दंड संहिता व 184 एमबी एक्ट में मुकदमा पंजीकृत करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी थी। रविवार की सुबह मजिस्ट्रेट घनश्याम शुक्ला, थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव चौकी प्रभारी मनोरी सुभाष मौर्या, कांस्टेबिल बलवंत यादव रंजीत यादव ग्राम प्रधान महादेव मृतक के परिवार वाले के सामने गड्ढा खोदकर शव को बाहर निकाला गया और पंचायत नामा तैयार करके पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। शव पुराना होने के कारण काफी दुर्गध आ रही थी। लेकिन पुलिसकर्मी सब को बाहर निकाल कर आदेश का अनुपालन करने में कोई कसर नहीं छोड़ा। इस संबंध में थानाध्यक्ष वाल्टरगंज नारायण लाल श्रीवास्तव ने कहा कि मुकदमा पंजीकृत कर के विधिक कार्रवाई की जा रही है। मजिस्ट्रेट के सामने शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है और विवेचना प्रचलित है।

# पीस कमेटी की बैठक में शान्तिपूर्ण त्योहार मनाने की अपील

**रूधौली (एसएनबी)।** थाना सभागार रुधौली में उप जिलाधिकारी आनंद सिंह श्रीनेत की अध्यक्षता में क्षेत्र के गणमान्य एवं प्रबुद्ध जनों के साथ बैठक किया गया । बैठक में आगामी होली के त्यौहार एवं शब ए बारात त्यौहार को आपस में भाईचारे के साथ मनाये जाने व शांति व्यवस्था के मद्देनजर विचार विमर्श किया गया।



बस्तीः बैठक को सम्बोधित करते उप जिलाधिकारी रुधौली। फोटो : एसएनबी

एसडीएम ने लोगों से अपील किया कि आगामी होली एवं शब ए बारात के त्यौहार को शांति एवं सौहार्द पूर्वक मनाएं और त्योहार में शराब पीकर होली न खेले और हुड़दंग ना करे और शराब पीकर गाड़ी ना चलाये। प्रशासन एवं प्रशासन का सहयोग करें कहा कि किसी प्रकार की कोई दोषी पाये जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी । प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने लोगों से शांति एवं आपस में भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की लिए अपील किया और कहा कि किसी को उसके इच्छा के विरुद्ध अबीर ,गुलाल एवं रंग न लगाये। शराब पीकर होली न खेले और पुलिस प्रशासन हरपल आपकी सेवा में तत्पर है और आप लोग शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाए और पुलिस का सहयोग करें। इस अवसर राकेश शर्मा , विजय नारायण तिवारी, धीरसेन निषाद, महेन्द्र सिंह, अभिलाष सिंह , दिग्विजय सिंह सुरेन्द्र तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# त्योहार में हुड़दंग करने वालों पर होगी कार्रवाई

**हर्रैया(एसएनबी)।** दुबौलिया तथा पैकोलिया थाना परिसर में रविवार को होली त्यौहार के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। पुलिस अधिकारियों ने जनता से शांति पूर्ण ढंग से त्यौहार मनाने की अपील किया।

**बभनान प्रतिनिधि** के अनुसार पैकोलिया के थानाध्यक्ष योगेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आगामी त्यौहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। उन्होने कहा कि त्यौहार के दिन डीजे नही बजेगा। शराब की दुकाने पूर्णतया बंद रहेगी। खुले में चिकन, मटन नही बिकना चाहिए। नही तो दुकानदारों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होने कहा कि हमारा देश धर्म निरपेक्ष देश है। यहां सभी मजहब, पंथ एवं धर्मो के लोग आपस में ताल-मेल रखते है। थानाध्यक्ष ने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी प्रकार के घटना की आशंका होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें।

**दुबौलिया प्रतिनिधि** के अनुसार थानाध्यक्ष ओमप्रकाश गौतम की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। उन्होने त्यौहार को शांति पूर्ण ढंग से मनाने की अपील करते हुए कहा कि आपसी भाईचारे के साथ परम्परागत रूप से त्यौहार मनाए। हुडदंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर दिनेश पाण्डेय, नवी हुसैन, राधेश्याम वर्मा, राकेश कुमार, अमन सिंह, विजय शंकर सिंह, पिंटू सिंह, यशवंत, रमाशंकर साहू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



पैकोलिया में शांति समिति की बैठक को संबोधित करते थानाध्यक्ष।

# नवनियुक्त उप निरीक्षक अपने में विद्यार्थी जीवन को जीवित रखें

**बस्ती (एसएनबी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पुलिस विभाग के नवनियुक्त उप निरीक्षक अपने में विद्यार्थी जीवन को जीवित रखें, हमेशा कुछ न कुछ सीखते रहे, अपनी क्षमता बढ़ाते रहें तथा संवेदनशील रहे। प्रदेश के 9055 नवनियुक्त उप निरीक्षकोंको वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नवनियुक्त उपनिरीक्षक प्रदेश की कानून व्यवस्था को मजबूती प्रदान करेंगे। कानून व्यवस्था मजबूत रहने पर प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। नए इन्वेस्टमेंट आएंगे तथा लोगों का जीवन सुखमय होगा। उन्होंने इस अवसर पर सभी उप निरीक्षकों को तथा उनके अभिभावकोंको बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।

पुलिस लाइन सभागार में नवनियुक्त उपनिरीक्षक को पत्रक देतेपुलिस महानिरीक्षक व एसपी

बस्ती में पुलिस लाइन सभागार में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नवनियुक्त उप निरीक्षकों, प्लाटून कमांडर पीएसी तथा अग्निशमन अधिकारियों को दिखाया गया। इस अवसर पर आईजी आरकेभारद्वाज ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े पुलिस परिवार में आप सभी का स्वागत है। जिस निष्पक्षता एवं पारदर्शी प्रक्रिया से आपकी भर्ती हुई है उसी तरह अपने दायित्वों का निर्वहन न्याय प्रिय ढंग से करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण को गंभीरता पूर्वक ले तथा सेवाकाल में पीड़ित को न्याय प्राप्त करने में मदद करें। इस अवसर पर उन्होंने बस्ती के अंकिता शुक्ला तथा पूनम विश्वकर्मा, संतकबीरनगर के सुम्ति कुमार तथा सिद्धार्थनगर के आलोक श्रीवास्तव एवं मोहम्मद रहीम को नियुक्ति पत्र अपने हाथों से प्रदान किया। उन्होंने बताया कि बस्ती परिक्षेत्र से कुल 156 लोगों का चयन हुआ है जिसमें से 20 महिलाएं हैं। इसमें से 84 बस्ती, 56 संत कबीर नगर तथा 16 सिद्धार्थ नगर से चयनित हुए हैं। पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन पुलिस क्षेत्राधिकारी विनय चौहान ने किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी, पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक प्रसाद, शेषमणि उपाध्याय, प्रीति खरवार, आर आई संदीप यादव, एल यू इंस्पेक्टर आलोक सिंह उपस्थित रहे।



बस्ती : उपनिरीक्षक कोनियुक्त पत्र देते पुलिस महानिरीक्षक व एसपी। फोटो : एसएनबी

# ईंट हटाने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट, 13 पर केस

**बस्ती (एसएनबी)।** ईंट हटाने के दौरान दो पक्षोंमें कहासुनी हो गयी। तनाव बढ़ने लगा तो दोनो तरफ से करीब एक दर्जन से अधिक लोग हाथो में डण्डा लाठी लेकर आ गये और जमकर मारपीट हुई। मामला मुण-डेरवा थाने पहुंचा तो पुलिस ने क्रास केस दर्ज करते हुए 13 लोगो को नामजद किया है।

मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के पिपरा सुकाली गांव में ईंट हटाने के विवाद को लेकर कुछ लोग एकराय होकर आ गये और मोहन लाल को गालियां देते हुए मारने पीटने लगे। बीच बचाव में आये भतीजे सिद्धेश व भतीजी मंजू देवी को भी चोटे आयी तथा मोहन का हाथ टूट गया। मामले में पीड़ित मोहन लाल पुत्र राम अधार निवासी पिपरा सुकाली थाना मुण्डेरवा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रामजतन, रामरतन पुत्रगण तीजू, सोनू पुत्र रामजतन, संजय, अशोक पुत्रगण जवाहिर, बीरमती पत्नी रामजतन, लल्ली देवी पत्नी रामरतन निवासीगण पिपरा सुकाली थाना मुण्डेरवा के विरूद्ध धारा 147, 323, 504, 506, 325, 336 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष से रामरतन पुत्र तीजू ने भी आरोप लगाते हुए बताया कि ईंट हटाने की बात को लेकर उसे आरोपियों द्वारा एकराय होकर गालियां देते हुए मारपीट जख्मी कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी हरिलाल, मोहनलाल पुत्रगण रामअधारे, फूल चन्द, आशीष, मोतीलाल पुत्रगण दुखरन, पिन्टू उर्फ सिद्धेश पुत्र अशोक कुमार निवासीगण पिपरा सुकाली थाना मुण्डेरवा के विरूद्ध धारा 147, 323, 504, 506, 336 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मार्ग दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मौत, केस

**बस्ती ।** तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गयी। इस सम्बन्ध में मृतक के छोटे भाई की शिकायत पर पुलिस ने वाहन के अज्ञात चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के औसापुर पेट्रोल पम्प के पास तेज रफ्तार बाइक संख्या यूपी 58 एफ/ 0473 के चालक ने महदेव निवासी लल्लू प्रसाद को ठोकर मार दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से जख्मी हो गये थे। लल्लू की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गयी। मामले में मृतक के छोटे भाई संतोष पुत्र राम सवारे निवासी महदेव थाना वाल्टरगंज की तहरीर पर पुलिस ने वाहन के अज्ञात चालक के विरूद्ध धारा 279, 304ए आईपीसी एवं 184 एमवी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# नाबालिक से छेड़खानी व धमकी, केस दर्ज

**बस्ती ।** नाबालिग लड़की को रास्ते में रोककर आरोपी ने छेड़खानी किया। विरोध करने पर उसे गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी गयी। इस सम्बन्ध में पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। वाल्टरगंज थाने की पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी मां व नाबालिक बेटी बकरी चराने के लिए सीवान में गयी थी। जहां से बेटी बकरी को छोड़कर घर वापस आ रही थी कि रास्ते में आरोपी पिन्टू लड़की को रोककर छेड़खानी करने लगा। जिसका विरोध करने पर लड़की को गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी पिन्टू पुत्र हरीश निवासी सोनौरा पाठक थाना वाल्टरगंज के विरूद्ध धारा 354क, 504, 506 आईपीसी एवं 7/8 पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# विचाराधीन जमीन पर कब्जा, केस दर्ज

**बस्ती ।** न्यायालय में विचाराधीन जमीन पर आरोपियों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के पिपरा जप्ती गांव में एक जमीन का मामला न्यायालय में विचाराधीन था। जिसपर विपक्षी सुखना देवी तथा अन्य लोगो द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया। मना करने पर गालियां व जान से मारने की धमकी दी गयी। इस सम्बन्ध में पीड़िता कलावती पत्नी रामरक्षा उर्फ रीक्षाराम निवासिनी पिपराजप्ती थाना वाल्टरगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सुखना पत्नी किशोरी, किशोरी तथा परिवार के अन्य लोग निवासीगण बीरपुर हाल मुकाम बहरिया थाना वाल्टरगंज तथा दो अज्ञात लोगो के विरूद्ध धारा 147, 504, 506, 352 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# दहेज उत्पीड़न में आधा दर्जन ससुराली नामजद

**बस्ती (एसएनबी)।** दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने तथा मार पीट करने के आरोप में पति समेत आधा दर्जन ससुरालियों को नामजद किया गया है।

महिला थाने पर पहुंचकर विवाहिता पुष्पा देवी ने बताया कि उसके पति शिव शंकर तथा ससुराल के अन्य सदस्यों द्वारा दहेज की मांग को लेकर आये दिन तरह-तरह से प्रताड़ित करते रहते है। मांग पूरी नही हो सकी तो उसे मारा पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी। मामले में महिला थाने की पुलिस ने आरोपी पति शिवशंकर पुत्र उदयभान, ननद रीमा, सीमा पुत्रीगण उदयभान, देवर हिमांशु, सास कलावती, ससुर उदयभान निवासीगण परासडीह थाना गौर के विरूद्ध धारा 498ए, 323, 506 आईपीसी व 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वहीं एक अन्य जानकारी के अनुसार नगर थाने पर तहरीर देकर पीड़िता पूजा पत्नी जितेन्द्र ने बताया कि दहेज कम मिलने पर ससुरालियों द्वारा उसे अभद्र गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी गयी। मामले में नगर पुलिस ने आरोपी पति जितेन्द्र पुत्र मेहीलाल निवासी बगही थाना लालगंज के विरूद्ध धारा 498ए, 504, 506 आईपीसी व 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# जुआ खलते चार जुआरी गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** जिले की नगर पुलिस ने जुआ खेलते हुए चार जुआरियों को धर दबोचा। उनके पास मालफड़ से नकदी व ताश के 52 पत्ते बरामदा किये गये है। चारो के विरुद्ध 13 जुआ अधिनियम के तहत कार्यवाही की गयी है।

मुखबिर से सूचना मिली कि उनके क्षेत्र में हारजीत की बाजी लगाकर हर दिन जुआ खेला जा रहा है। पुलिस टीम जुआ अड्डे पर पहुंची तो वहां पर जुआ खेलते हुए जुआरी दिखाई दिये। पुलिस को देखकर वह भागने लगे। इस दौरान चार लोग पुलिस के कब्जे में आ गये जिनकी पहचान कमेलश पुत्र राम मणि वर्मा, हरिश्चन्द्र पुत्र प्रभुनाथ, रामू पुत्र बुद्धू, मंजीत कुमार पुत्र बनारसी निवासीगण बिगहिया थाना नगर जनपद बस्ती के रूप में हुई। मालफड़ से 300 रूपये नकद व ताश के 52 पत्तो के साथ जुआरियों की जामा तलाशी में 230 रूपये नकद बरामद किया गया।

# पुरानी रंजिश को लेकर रास्ते में युवक की पिटाई केस दर्ज

**बस्ती** । कलवारी थाना क्षेत्र के गौरा रोहारी गांव के रहने वाले मंजीत अपनी बहन के घर हथिया बाइक से जा रहे थे। जिन्हे नगर थानाक्षेत्र के खड़ौआ जाट के पास आरोपी धर्मेन्द्र अपने साथियों के साथ पुरानी रंजिश की बात को लेकर चलती गाड़ी से लात मारकर गिरा दिया और मार पीटकर घायल कर दिया। मामले में पीड़ित मंजीत के भाई कृष्ण कुमार तिवारी पुत्र कुश तिवारी निवासी गौरा रोहारी थाना कलवारी की तहरीर पर नगर थाने की पुलिस ने आरोपी धर्मेन्द्र, सिकन्दर पुत्रगण शिवब्रिन्च निवासीगण गौरा रोहारी थाना कलवारी तथा दो अज्ञात लोगो के विरूद्ध धारा 323, 336, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बीएसएनएल टॉवर में लगी आग, टेक्नीशियन झुलसा

कप्तानगंज। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के महराजगंज चौकी अन्तर्गत धर्मसिंहपुर महराजगंज में लगे बीएसएनएल के टॉवर में आई तकनीकी खराबी को रविवार को पूर्वाह्न करीब 11 बजे टेक्नीशियन सही कर रहा था। इसी दौरान टॉवर में आग लग गई जिसमें टेक्नीशियन नयन अखिलेश सिंह निवासी पुरुआ थाना बीकापुर जनपद फ़ैजाबाद झुलस गया। टॉवर से कूदकर उसने अपनी जान बचाई। बैट्री के धमाकों से लोग दहशत में आ गए।

स्थानीय लोगों की सूचना पर डायल 112 और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। चौकी इंचार्ज महराजगंज चौकी सर्वेश कुमार चौधरी मौके पर पहुंचे और झुलसे टेक्नीशियन अखिलेश को सीएचसी कप्तानगंज पहुंचाया। वहीं बीएसएनएल से जुड़े लोगों ने बताया कि टॉवर सही कर नेटवर्क बहाल कर दिया जाएगा।



बीएसएनएल टॉवर में लगी आग को बुझाते फायर ब्रिगेड कर्मचारी।

# ट्रैक्टर रोककर मारापीटा, मुकदमा दर्ज

बस्ती। कलवारी पुलिस ने सैफाबाद टिलियवा के पास शनिवार करीब शाम सात बजे ट्रैक्टर रोककर उसके चालक को मारने पीटने वाले बाइक सवारों पर केस पंजीकृत किया है। पंकज यादव निवासी माझा खुर्द राजाखलवा का आरोप है कि उसका छोटा भाई दीपक यादव व चालक शिवनाथ निवासी सैफाबाद ट्रैक्टर ट्राली बनवा कर वापस घर जा रहे थे। पुलिस ने अजय व चार अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# दहेज उत्पीड़न में पति समेत छह नामजद

बस्ती। महिला थाना पुलिस ने दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने के मामले में केस दर्ज किया है। पुष्पा देवी ने तहरीर में बताया है कि गौर थाने के परासडीह निवासी शिवशंकर के साथ उनकी शादी हुई है। आरोप है कि ससुराल में दहेज की मांग को लेकर मारपीट। पुलिस ने पति के अलावा ननद रीमा,सीमा,देवर हिमांशु व छह के खिलाफ केस कायम कर छानबीन शुरू कर दी है।

# पुरानी पेंशन बहाली को होगा आंदोलन

बस्ती, निज संवाददाता। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का 58वां स्थापना दिवस विकास भवन सभागार में रविवार को मनाया गया। परिषद के जिलाध्यक्ष मस्तराम वर्मा के संयोजन में परिषद के सेवानिवृत्त कर्मचारी नेताओं को अंगवस्त्र, प्रशस्ति-पत्र भेंटकर फूल मालाओं के साथ सम्मानित किया गया। कार्यवाहक अध्यक्ष राम अधार पाल ने कर्मचारी नेता स्व. बीएन सिंह, पीएन शुक्ल का स्मरण किया गया। कहा कर्मचारियों को जो सुविधायें प्राप्त हो रही हैं उसके पीछे हमारे पूर्वज नेताओं के संघर्षों का लम्बा इतिहास है।



राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के 58 वें स्थापना दिवस पर मंचासीन संगठन के पदाधिकारी।

परिषद के जिला मंत्री तौलू प्रसाद ने कहा कि पिछले 57 वर्षों में अनेक आन्दोलन किये गये, कर्मचारी नेता जेल गये, लाठियां खाईं। बर्खास्त हुये किन्तु अपने मुद्दों से पीछे नहीं हटे। इस मौके पर समाजसेवी जगदीश प्रसाद शुक्ल, कर्मचारी नेता अखिलेश पाठक, अजय आर्य, अशोक मिश्र, अमरनाथ गौतम, रामजी चौधरी, ई.अभिषेक सिंह, ओम प्रकाश, सरोज मिश्र, राकेश पाण्डेय, सन्तोष राव, डीएन वर्मा, चन्द्रिका सिंह आदि मौजूद रहे। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के स्थापना दिवस पर परिषद से सम्बद्ध सेवानिवृत्त कर्मचारी नेता जलालुद्दीन कुरैशी, तिलकराम दूबे, डॉ. दशरथ प्रसाद यादव, राम स्वारथ चौधरी, अजीत सिंह, राम दुलारे, हरीराम पाल, लालचन्द वर्मा, रामचन्द्र वर्मा, राम केवल चौधरी, विश्वनाथ उपाध्याय को सम्मानित किया गया।

# दो विवाद में चार आरोपियों पर केस

हर्रैया। क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में मारपीट और गाली-गलौज के मामले में पुलिस ने दोनों पीड़ितों की तहरीर पर कुल चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थान्हा खास गांव निवासी दीपक कुमार ने तहरीर देकर बताया कि 20 फरवरी की शाम साढ़े सात बजे उनकी पत्नी नीता देवी को गांव के जितेन्द्र व सुशीला गाली गुप्ता देते हुए लाठी डंडा से मारने पीटने लगे। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर जितेन्द्र व सुशीला देवी के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे मामले में पड़सौड़ा गांव की शकुन्तला देवी पत्नी बाबूलाल ने तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार की शाम छह बजे अपने घर के बगल स्थित दुकान पर कुछ सामान लेने गई थी।

# बस्ती के रहने वाले डिप्टी जेलर के घर पहुंची चित्रकूट पुलिस

## चित्रकूट जेल कांड

- चित्रकूट जेल के निकहत अंसारी केस से जोड़कर देखा जा रहा मामला
- चित्रकूट जेल में डिप्टी जेलर के पद पर तैनात हैं बस्ती के रजनीश सिंह
- सीओ चित्रकूट की अगुवाई में बस्ती पहुंची चार सदस्यीय टीम

**बस्ती/घघौवा, हिन्दुस्तान टीम।** चित्रकूट जेल में तैनात डिप्टी जेलर रजनीश कुमार सिंह के बस्ती जिला अंतर्गत छावनी थाना क्षेत्र में स्थित गांव में रविवार की देर शाम चित्रकूट पुलिस पहुंची। छावनी पुलिस के साथ ही पहुंची चित्रकूट पुलिस ने डिप्टी जेलर के परिजनों से पूछताछ के साथ ही सभी का नाम-पता और कौन क्या करता है, पूरा ब्यौरा नोट किया। पूछताछ के बाद टीम अयोध्या रवाना हो गई। इस कार्रवाई को पिछले दिनों चित्रकूट जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी और उसकी पत्नी निकहत अंसारी के प्रकरण से जोड़ कर देखा जा रहा है।

छावनी क्षेत्र के भदोही गांव निवासी रजनीश सिंह चित्रकूट जेल में डिप्टी जेलर के पद पर तैनात हैं। बताया जा रहा है कि करीब छह माह पूर्व ही उनकी इस पद पर तैनाती हुई है। रविवार की शाम चित्रकूट पुलिस की एक टीम बस्ती पहुंची। छावनी पुलिस की टीम को साथ लेकर भदोही गांव पहुंच गई। यहां पर परिजनों से पूछताछ की। सभी का नाम-पता नोट करने के साथ ही उनके कामकाज के बारे में जानकारी ली। सीओ सिटी चित्रकूट हर्ष पांडेय की अगुवाई में पहुंची चार सदस्यीय टीम ने गांव में डिप्टी जेलर रजनीश के चाचा राजबली सिंह, भाई अवनीश सिंह सहित अन्य परिजनों से बातचीत की। सभी जानकारियों को डायरी में नोट किया और इसके बाद टीम अयोध्या की तरफ रवाना हो गई। भदोही गांव निवासी ढाबा व्यवसाई रंजीत सिंह के पुत्र रजनीश कुमार सिंह 2019 में पीसीएस के तहत डिप्टी जेलर पद पर चयनित हुए थे। इस संबंध में छावनी पुलिस का कहना है कि चित्रकूट पुलिस आई थी और पूछताछ कर लौट गई।

# दुष्कर्म के तीन आरोपी गिरफ्तार

बस्ती/सल्टौआ। सोनहा व परसरामपुर पुलिस ने दुष्कर्म व अन्य धाराओं में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। परसरामपुर पुलिस के अनुसार शादी का झांसा देकर किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी मनोरंजन वर्मा उर्फ मोनू को पुलिस टीम ने रविवार को परसरामपुर कस्बे से गिरफ्तार कर लिया। वहीं सोनहा पुलिस ने किशोरी के साथ दुष्कर्म व मारपीट व दुष्कर्म सहित पोक्सो एक्ट के दो आरोपी को पकड़ा है।

प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के रहने वाले आरोपी भकालू उर्फ लक्ष्मी प्रसाद व विकास के खिलाफ सोनहा थाने में आईपीसी 34, 376, 323, 506 व 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा कायम है।

# आहर में ताला तोड़ कर चोरी, केस दर्ज

सल्टौआ। सोनहा थाना क्षेत्र के आहर गांव निवासी चद्रंभूषण पांडेय ने सोनहा पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि शनिवार की शाम को रीता देवी निवासिनी पचपेड़वा चौराहा ने मेरे घर की साफ-सफाई के उद्देश्य से पर घर आई तो देखा दरवाजे का ताला टूटा था। शोर मचाने पर ग्रामीण एकद्ध हुए। अंदर जाकर देखा तो चार कमरे का ताला टूटा था।

अगले दिन सुबह लखनऊ से घर पहुंचा तो देखा कि कमरे में रखा नगद, सोने की दो झुमकी, तीन अगूंठी, बाली, दो चैन, मंगलसूत्र, चांदी के तीन सिक्के, दो पायल, साड़ी व कपड़ा सहित अन्य सामान चोर उठा ले गए। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# घर में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

परसरामपुर। पुलिस ने थाना क्षेत्र के मजगंवा माफी गांव में 17 फरवरी की रात हुई चोरी की घटना के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मजगंवा निवासी रामसुरेमन के घर में चोरों ने ताला काटकर नगदी व जेवर चोरी किया था। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के पीठिया मोड़ से चोरी करने के आरोपी महेश वर्मा निवासी मंजगवा माफी को रविवार को गिरफ्तार कल लिया। उसके कब्जे से 45 सौ रुपये नगद और एक जोड़ी चांदी की पायल बरामद की गई है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई राम सुभाष, हेड कांस्टेबल हेमन्त सिंह व नरेन्द्र गुप्ता शामिल रहे।

# व्यापारियों की मांग, सुधारी जाए यातायात व्यवस्था

## बैठक

बस्ती, निसं। उप्र. आदर्श व्यापार मंडल की बैठक रविवार को पुरानी बस्ती में हुई। बैठक में नगर के संभ्रांत नागरिक व्यापारियों ने प्रतिभाग किया।

बैठक में प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर व्यापक चर्चा और उसके व्यापक असर के साथ ही अन्य कई समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए आम नागरिकों ने नगर पालिका और यातायात व्यवस्था पर अपना आक्रोश व्यक्त किया। ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाने और बीमा समेत पेंशन पर चर्चा की गई। पूर्व बैंक प्रबंधक वंश गोपाल मिश्र ने बजट की तारीफ करते हुए कहा कि चिकित्सा, शिक्षा, महिला सुरक्षा, पर्यटन तथा धार्मिक क्षेत्रों में अधिक धनराशि का प्रावधान किए जाने से समुचित विकास होगा। व्यापारी राजेश वर्मा ने कहा क्षेत्र एवं स्टार्टअप के लिए धनराशि के आवंटन से नए उद्योग लगाने वालों को लाभ मिलेगा। व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। संजय गुप्ता उर्फ बंटी, पवन गुप्ता, मनोज सोनी, राम वर्मा, बैजनाथ, अनिल गुप्ता, कैलाश, आनंद कुमार उर्फ भोला, मंगल सिंह ने कहा कि बजट में सरकार ने सीधे तौर पर व्यापारियों को कुछ भी नहीं दिया, जो व्यापारियों की अपेक्षा के विपरीत रहा।

# खेल से होता है शरीर व दिमाग का विकास

## क्रिकेट टूर्नामेंट



पठान टोला पू.मा.वि. में आयोजित डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ करती डीएम प्रियंका निरंजन। ● हिन्दुस्तान

बस्ती, निज संवाददाता। स्व. राम बचन सिंह डे-नाइट सर्किल क्रिकेट टूर्नामेंट जीवीएम ट्रॉफी का शुभारंभ डीएम प्रियंका निरंजन व एसपी आशीष श्रीवास्तव ने रविवार को फीता काट कर किया। खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए डीएम और एसपी ने खुद भी क्रिकेट खेला। आदर्श पूर्व माध्यमिक विद्यालय पठान टोला में आयोजित टूर्नामेंट में डीएम ने कहा है कि बच्चे का विकास स्वस्थ तरीके से हो, उसके लिए बच्चों के खेल खेलना बहुत ही जरुरी है।

एसपी ने कहा कि स्वस्थ शरीर व स्वस्थ मस्तिष्क के लिए खेलना भी जरूरी है। शिक्षा के साथ-साथ कुछ समय खेल के लिए निकालें। जीवीएम स्कूल के प्रबंधक संतोष सिंह ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर छात्र राज्य व अपने देश का नाम रोशन करते है। खिलाड़ी देश व प्रदेश में भी खेलने के लिए जा सकते हैं। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद उपाध्याय, इमरान अली, सभासद मो अजीज, प्रमोद गुप्ता, रियाजत अली, गोवर्धन सोनकर, साहबान अली, नितेश, इरफान, रामू, नंदू शर्मा, शनि गुप्ता, अनुराग श्रीवास्तव, आरिफ, प्रशांत, बब्बू, साबिर अली, प्रिंस, अभिषेक गुप्ता, राजन आदि मौजूद रहे।

### सीएम ने लखनऊ में बस्ती के राज कन्नौजिया को सौंपा नियुक्ति पत्र, बस्ती में आईजी रेंज व एसपी ने अभ्यर्थियों में बांटा नियुक्ति पत्र

# मंडल के 156 उप निरीक्षकों को मिला नियुक्ति पत्र

## समारोह



लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों नियुक्ति पत्र लेते हुए बस्ती के अभ्यर्थी राज कन्नौजिया। ● हिन्दुस्तान



पुलिस लाइन बस्ती में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उप निरीक्षक पद पर नियुक्ति पत्र पाने वाले सफल अभ्यर्थियों के साथ आईजी, एसपी व अन्य अधिकारी।

बस्ती, निज संवाददाता। बस्ती मंडल के तीनों जिलों में नवनियुक्त 156 उप निरीक्षकों को रविवार को पुलिस लाइन के सभागार में समारोहपूर्वक नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इनमें से बस्ती के एक नवनियुक्त एसआई राज कन्नौजिया को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में नियुक्ति पत्र सौंपा। शेष सफल अभ्यर्थियों को आईजी रेंज आरके भारद्वाज ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए नव नियुक्ति उप निरीक्षकों को संबोधित कर हमेशा अपनी क्षमता बढ़ाते रहने की दी नसीहत दी।

बस्ती पुलिस लाइन सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नवनियुक्त उप निरीक्षकों, प्लाटून कमांडर पीएसी और अग्निशमन अधिकारियों को दिखाया गया। इस अवसर पर आईजी आरके भारद्वाज ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े पुलिस परिवार में आप सभी का स्वागत है। जिस निष्पक्षता एवं पारदर्शी प्रक्रिया से आपकी भर्ती हुई है, उसी तरह अपने दायित्वों का निर्वहन न्याय प्रिय ढंग से करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण को गंभीरता पूर्वक लें और सेवाकाल में पीड़ित को न्याय प्राप्त करने में मदद करें।

इस अवसर पर उन्होंने बस्ती की सफल अभ्यर्थी अंकिता शुक्ला, पूनम विश्वकर्मा, संतकबीरनगर के सुमित कुमार और सिद्धार्थनगर के आलोक श्रीवास्तव व मोहम्मद रहीम को नियुक्ति पत्र अपने हाथों से प्रदान किया। उन्होंने बताया कि बस्ती परिक्षेत्र से कुल 156 लोगों का चयन हुआ है, जिसमें से 20 महिलाएं हैं। इसमें से 84 बस्ती, संतकबीरनगर से 56 और 16 सिद्धार्थनगर से चयनित हुए हैं।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन सीओ कलवारी विनय कुमार चौहान ने किया। एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी, सीओ सिटी आलोक प्रसाद, सीओ हरैया शेषमणि उपाध्याय, सीओ रुधौली प्रीति खरवार, आरआई संदीप कुमार यादव, एलआईयू इंस्पेक्टर आलोक कुमार सिंह, कोतवाल शशांक शेखर राय व अन्य उपस्थित रहे।

### 13 मार्च से शुरू होगा प्रशिक्षण

बस्ती। रेंज कार्यालय के अनुसार उप निरीक्षण पद के लिए चयन प्रक्रिया उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ स्तर से की गई। लिखित परीक्षा 12 नवंबर 2021 से दिनांक दो दिसंबर 2021 तक ऑनलाइन प्रदेश के विभिन्न केन्द्रों पर आयोजित कराई गई थी। इसका परिणाम दिनांक 14 अप्रैल 2022 को जारी किया गया था। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का शारिरिक परीक्षा/ अभिलेखों का परीक्षण प्रदेश के आठ जोनल मुख्यालय के रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित किया गया। सफल अभ्यर्थियों का मेडिकल परीक्षण दिनांक 17 अक्टूबर 2022 से परिक्षेत्रीय मुख्यालय बस्ती के पुलिस लाइन में आयोजित कराया गया था। चिकित्सीय परीक्षण में सफल अभ्यर्थियों का चयन किया गया। सफल अभ्यर्थियों को 12 मार्च 2023 तक आवंटित प्रशिक्षण संस्थानों में ट्रेनिंग के लिए पहुंचना है। प्रशिक्षण 13 मार्च 2023 से शुरू होगा।

# कानून व्यवस्था को मजबूत करें नवनियुक्त उप निरीक्षक

## आइजी आरके भारद्वाज ने पुलिस लाइन सभागार में 151 चयनित उप निरीक्षकों को सौंपा नियुक्ति पत्र



पुलिस लाइन सभागार मेउपनिरीक्षक को नियुक्ति पत्र देते आइजी बस्ती रेंज आरके भारद्वाज जागरण



पुलिस लाइन मे नियुक्ति पत्र के साथ उपनिरीक्षक ● जागरण

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** पुलिस लाइन सभागार में रविवार को आइजी आरके भारद्वाज ने चयनित उप निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपा। आइजी ने 151 चयनित उप निरीक्षकों को नियुक्त पत्र दिया।

कहा कि जिस निष्पक्षता एवं पारदर्शी प्रक्रिया से भर्ती हुई है उसी तरह वह अपने दायित्वों का निर्वहन न्यायप्रिय ढंग से करें। कहा कि प्रशिक्षण को गंभीरतापूर्वक लें तथा सेवाकाल में पीड़ित को न्याय दिलाने में मदद करें। इसके पूर्व लखनऊ के इंदिरा प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ ने चयनित उप निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसका सीधा प्रसारण पुलिस लाइन में किया गया। वर्चुअल के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पुलिस विभाग के नवनियुक्त उप निरीक्षक विद्यार्थी जीवन को जीवित रखें, हमेशा कुछ न कुछ सीखते रहे, अपनी क्षमता बढ़ाते रहें तथा संवेदनशील रहे। इसके साथ ही प्रदेश की कानून व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने में अहम भूमिका निभाएं। आइजी ने अंकिता शुक्ला, पूनम विश्वकर्मा, संतकबीरनगर के सुमित कुमार व सिद्धार्थनगर के आलोक श्रीवास्तव एवं मोहम्मद रहीम को नियुक्ति पत्र अपने हाथों से प्रदान किया। पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन पुलिस क्षेत्राधिकारी विनय चौहान ने किया। अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी, पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक प्रसाद, शेषमणि उपाध्याय, आरआई संदीप यादव, एलयू इंस्पेक्टर आलोक सिंह मौजूद रहे। बस्ती परिक्षेत्र से कुल 156 लोगों का चयन हुआ है। जिसमें से 20 महिलाएं हैं। इसमें से 84 बस्ती, 56 संतकबीर नगर तथा 16 सिद्धार्थ नगर से चयनित हुए हैं।

### मुख्यमंत्री ने राज कन्नौजिया को दिया नियुक्ति पत्र

सीएम योगी आदित्यनाथ ने बस्ती के हर्रैया तहसील के राज कन्नौजिया को नियुक्त पत्र सौंपा। बस्ती परिक्षेत्र से पांच चयनित उप निरीक्षकों को लखनऊ के इंदिरा प्रतिष्ठान के लिए रवाना किया गया था। इसमें सुजीत पांडेय, अमरनाथ, शुभम कुमार सिंह संतकबीरनगर व आशुतोष गुप्ता सिद्धार्थनगर शामिल थे। इन सभी को लखनऊ में नियुक्ति पत्र दिया गया।

# विवाद में दंपती को मारापीटा, मुकदमा

गोटवा, बस्ती: मरहा गांव में भूमि विवाद को लेकर विपक्षियों ने दंपती को मारपीट कर घायल कर दिया। गांव निवासी श्यामू ने नगर पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव निवासी रामू व उनकी पत्नी सिरमला उन्हें अपशब्द कह रहे थे। जब विरोध किया तो दोनों ने उन्हें व पत्नी खुशबू को मारा पीटा और धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# छात्र की पिटाई, मुकदमा

**बस्ती :** वाल्टरगंज पुलिस तहरीर देकर गौरा निवासी राकेश कुमार ने आरोप लगाया है कि उनका भतीजा अंकित घिसियावन प्रसाद भगवती इंटर कॉलेज सिकटा से इंटर की परीक्षा देकर घर जा रहा था। रास्ते में विशाल, नितिन, शशांक ने उसे मारापीटा और धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। (जासं)

# चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**परशुरामपुर, बस्ती :** पुलिस ने थाना क्षेत्र के मजगंवा माफी गांव में 17 फरवरी की रात हुई चोरी की घटना के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। थानाक्षेत्र के मजगंवा निवासी रामसुरेमन के घर में चोरों ने ताला काटकर नकदी व जेवर पर हाथ साफ कर दिया था। रविवार को मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के पीठिया मोड़ से आरोपित महेश वर्मा निवासी मंजगवा माफी को गिरफ्तार कर लिया। उससे 45 सौ रुपये नगद और एक जोड़ी पायल बरामद की गई है। (जासं)

# पुलिस ने किया दुष्कर्म के तीन आरोपित गिरफ्तार

**जासं, बस्ती :** सोनहा व परशुरामपुर पुलिस ने दुष्कर्म व अन्य धाराओं में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। शादी का झांसा देकर किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपित मनोरंजन वर्मा उर्फ मोनू को पुलिस ने रविवार को परशुरामपुर कस्बे से गिरफ्तार कर लिया। वहीं सोनहा पुलिस ने किशोरी के साथ दुष्कर्म, मारपीट व दुष्कर्म सहित पाक्सो एक्ट के दो आरोपित को पकड़ा है। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के रहने वाले आरोपित भकालू उर्फ लक्ष्मी प्रसाद व विकास के खिलाफ सोनहा थाने में मुकदमा कायम दर्ज है। दोनों को सल्टौआ कस्बे से गिरफ्तार कर लिया गया।

# दहेज उत्पीड़न में पति समेत छह नामजद

**बस्ती:** महिला थाना पुलिस ने दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। पुष्पा देवी ने तहरीर देकर बताया है कि गौर थाने के परासडीह निवासी शिवशंकर के साथ उनकी शादी हुई है। आरोप है कि ससुराल में दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर जानमाल की धमकी दी गई। पुलिस ने पति के अलावा ननद रीमा, सीमा, देवर हिमांशु समेत छह के खिलाफ मुकदमा कायम कर छानबीन शुरू कर दी है। वहीं नगर पुलिस ने दहेज के लिए प्रताड़ित करने के आरोप में लालगंज थाने के जितेन्द्र के खिलाफ डीपी एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

# पुरानी पेंशन के लिए निर्णायक आंदोलन जरूरी

- मनाया गया राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का 58 वां स्थापना दिवस
- संगठन में योगदान देने वाले सेवानिवृत्त 11 कर्मचारी किए गए सम्मानित

**जासं, बस्ती :** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का 58 वां स्थापना दिवस विकास भवन सभागार में उल्लास के साथ मनाया गया। पुरानी पेंशन बहाली के लिए निर्णायक आंदोलन शुरू करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर सांगठनिक मजबूती में योगदान देने वाले 11 सेवानिवृत्त कर्मियों को अंग वस्त्र, प्रशस्ति-पत्र भेंटकर फूल मालाओं के साथ सम्मानित किया गया।

परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष राम अधार पाल ने स्व.बीएन सिंह, पीएन शुक्ल का स्मरण करते हुए कहा कि आज कर्मचारियों को जो सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं उसके पीछे हमारे पूर्वज नेताओं के संघर्षों का लंबा इतिहास है। कहा कि 58 वां स्थापना दिवस समीक्षा और संकल्प का दिन है। हम सब शपथ लें कि जब तक पुरानी पेंशन नीति बहाल नहीं होती आंदोलन की मजबूती के लिए पूरा समर्थन देंगे। परिषद के जिला मंत्री तौलू प्रसाद ने कहा कि पिछले 57 वर्षों में अनेक आंदोलन किये गये, कर्मचारी नेता जेल गये, लाठियां खाईं, बर्खास्त हुए किन्तु मुद्दों से पीछे नहीं हटे।

परिषद के 58 वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को मुख्य



राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के स्थापना दिवस पर विकास भवन में आयोजित गोष्ठी में उपस्थित अध्यक्ष व पदाधिकारी ● जागरण

रूप से कोषागार कर्मचारी संघ अध्यक्ष अखिलेश पाठक, पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ अध्यक्ष अजय आर्य, कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ अध्यक्ष अशोक मिश्र, ग्राम पंचायत अधिकारी संघ अध्यक्ष अरूणेश पाल, ग्राम विकास अधिकारी संघ अध्यक्ष अमरनाथ गौतम, डाक विभाग कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष रामजी चौधरी, डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ अध्यक्ष ई.अभिषेक सिंह, ओम प्रकाश, सरोज मिश्र, मण्डल अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, सन्तोष राव, डीएन वर्मा, चन्द्रिका सिंह, चन्द्र मोहन श्रीवास्तव ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर परिषद से सम्बद्ध सेवानिवृत्त कर्मचारी नेता जलालुद्दीन कुरैशी, तिलकराम दूबे, डा. दशरथ प्रसाद यादव, राम स्वारथ चौधरी, अजीत सिंह, राम दुलारे, हरीराम पाल, लालचन्द वर्मा, रामचन्द्र वर्मा, राम केवल चौधरी, विश्वनाथ उपाध्याय आदि को अंग वस्त्र, प्रशस्ति-पत्र भेंटकर फूल मालाओं के साथ सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में समाजसेवी जगदीश प्रसाद शुक्ल के साथ ही परिषद के प्रमोद शुक्ल, उमेश, सन्तोष सिंह, अमरेश श्रीवास्तव, बालकृष्ण ओझा, दुर्गेश यादव, राम सकल यादव, सुधीर तिवारी, रामशंकर, राजेश कुमार, रणंजय सिंह के साथ ही सैकड़ों कर्मचारी नेता उपस्थित रहे।

# डिप्टी जेलर की संपत्ति का ब्योरा जुटाने पहुंची पुलिस

- चित्रकूट से पुलिस आई थी बस्ती, डिप्टी जेलर के मां-बाप से मिली
- माफिया डान के बेटे की जेल में मदद करने के आरोपित हैं डिप्टी जेलर

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** प्रयागराज हत्याकांड के बाद गरमाई राजनीति के बीच रविवार को चित्रकूट पुलिस की एक टीम बस्ती पहुंची। माफिया डॉन और बाहुबली नेता मुख्तार अंसारी के पुत्र अब्बास अंसारी की जेल में मददगार बनने के आरोपित चित्रकूट के डिप्टी जेलर रजनीश कुमार सिंह की आय से अधिक संपत्ति की जांच करने रविवार को चित्रकूट से पुलिस टीम बस्ती पहुंची। छावनी थानाक्षेत्र के भदोही स्थित इनके आवास पर पुलिस टीम पहुंची तो माता-पिता डर गए जबकि पूरा गांव सशंकित हो उठा। छापे के समय घर में डिप्टी जेलर के माता-पिता ही मौजूद थे।

प्रदेश के चित्रकूट जेल में बंद बाहुबली विधायक अब्बास अंसारी से मिलने के लिए उनकी पत्नी निकहत अंसारी चोरी छुपे हर दिन जेल जाती थी और वहां तीन से चार घंटे पति के साथ बिताती थी। जेल में अचानक पड़े डीएम और एसपी के छापे में वह जेल के एक कमरे में पकड़ी गयी जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था।

निकहत के जेल में आने के बाद डिप्टी जेलर के बगल वाले कमरे में वह पति अब्बास अंसारी के साथ एकांत में 3-4 घंटे बिताती थी। इस दौरान अब्बास अंसारी पत्नी के मोबाइल फोन से मुकदमे से जुड़े गवाहों और अभियोजन से जुड़े अधिकारियों को धमकाता था। इस मामले में कार्रवाई की जद में आए डिप्टी जेलर पर पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है।

घटना की जांच कर रहे सीओ हर्ष कुमार पांडेय के निर्देश पर एक पुलिस टीम रविवार को दोपहर बाद यहां पहुंची। टीम में निरीक्षक के अलावा दो उपनिरीक्षक और चार सिपाही शामिल थे।

छावनी पहुंचने के बाद चित्रकूट की पुलिस टीम ने थानाध्यक्ष दुर्गेश पांडेय से संपर्क साधा। पूरे मामले की जानकारी देने के बाद पुलिस टीम सीधे गांव में पहुंच गई। टीम ने डिप्टी जेलर के माता-पिता से उनके बारे में जानकारी ली। संपत्ति के बारे में जांच करने के बाद वापस लौट गई।

थानाध्यक्ष छावनी ने बताया कि डिप्टी जेलर की संपत्ति के बारे में पता करने के लिए चित्रकूट से पुलिस टीम आई थी। गांव में जाकर घर पर उनके माता-पिता से मिली भी।

इस दौरान हम नहीं थे। टीम को जांच में क्या जानकारी मिली इसकी जानकारी उनको नहीं है। बहरहाल डिप्टी जेलर के पद पर सिंह की नियुक्ति पिछले साल ही हुई थी। प्रशिक्षण के बाद यह उनकी पहली तैनाती थी।

# आठ दिन बाद पुलिस ने कब्र से निकलवाया शव

**जासं, गनेशपुर, बस्ती:** वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के महदेव गांव निवासी लल्लू प्रसाद का शव मौत के आठ दिन बाद कब्र से बाहर निकलवाकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दिवंगत के भाई ने तहरीर देकर अज्ञात चालक पर मुकदमा दर्ज कराने व पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की थी।

12 फरवरी की शाम बस्ती-डुमरियागंज मार्ग पर थाना क्षेत्र के औसापुर पेट्रोल पंप के निकट लल्लू प्रसाद मोटरसाइकिल की ठोकर से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 18 फरवरी को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

बाराह क्षेत्र घाट पर दफन किया गया था। दिवंगत के भाई संतोष की तहरीर पर शनिवार को अज्ञात चालक के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। थानाध्यक्ष वाल्टरगंज नारायन लाल श्रीवास्तव ने बताया कि दिवंगत के भाई ने अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने व पोस्टमार्टम के लिए तहरीर दी थी। मुकदमा दर्ज करने के बाद नायब तहसीलदार सदर घनश्याम शुक्ला की उपस्थिति में शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



मृतक लल्लू प्रसाद के शव को कब्र से बाहर निकलवाते मजिस्ट्रेट घनश्याम साथ में थानाध्यक्ष वाल्टरगंज नारायण लाल, चौकी इंचार्ज मनौरी सुभाष व अन्य पुलिसकर्मी ● जागरण

# डिप्टी जेलर के घर पूछताछ करने के लिए पहुंची चित्रकूट पुलिस

## छावनी थानाक्षेत्र के भदोही गांव निवासी हैं रजनीश सिंह, विधायक अब्बास अंसारी से जुड़ा है मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** जिला कारागार चित्रकूट में तैनात उप कारापाल (डिप्टी जेलर) रजनीश कुमार सिंह के घर छावनी थानाक्षेत्र के भदोही गांव में रविवार शाम पुलिस ने पूछताछ की।

छावनी थाने के एसआई वीरेंद्र यादव के साथ भदोही पहुंची। चित्रकूट पुलिस की चार सदस्यीय टीम ने घर पर मिले पिता रंजीत सिंह, भाई अवनीश सिंह और चाचा राजबली सिंह से रजनीश कुमार सिंह के बारे में जानकारी हासिल की। उनसे संपत्ति के कुछ कागजात भी मांगकर देखा।

करीब आधे घंटे पूछताछ के बाद टीम वापस लौट गई। बताया जा रहा है कि टीम इस बात की जानकारी करने आई थी कि रजनीश सिंह ने जिला जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी से सांठगांठ करके कोई संपत्ति तो अर्जित की है या नहीं। सूत्रों के मुताबिक टीम को पुश्तैनी मकान के अलावा कुछ नहीं मिला। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि टीम परिवार के लोगों से पूछताछ करने आई थी। फरवरी 2021 में रजनीश सिंह की डिप्टी जेलर पद पर तैनाती हुई थी।



डिप्टी जेलर रजनीश सिंह के घर कार्रवाई करने पहुंची चित्रकूट पुलिस।

बता दें कि 11 फरवरी को मुखबिर की सूचना पर चित्रकूट के डीएम अभिषेक आनंद व एसपी वृंदा शुक्ला के छापे में अब्बास अंसारी अपनी पत्नी के साथ डिप्टी जेलर के कक्ष में आपत्तिजनक हालत में पकड़ा गया था। उसके पास से दो मोबाइल, सऊदी अरब की कुछ मुद्राएं, 21 हजार रुपये व सोने के जेवर बरामद हुए थे।

इस संबंध में अब्बास अंसारी, उसकी पत्नी निखत, चालक नियाज, जेल अधीक्षक अशोक सागर, डिप्टी जेलर सुशील कुमार, कांस्टेबल जगमोहन व कुछ अज्ञात ड्यूटीरत सिपाहियों के खिलाफ विधायक को जेल से भगाने की साजिश रचने, हत्या व रंगदारी वसूलने की धमकी, नियमों की अनदेखी कर मुलाकात करने-कराने, जेल में आपत्तिजनक सामग्री रखने के आरोप में केस दर्ज किया गया था। इसी मामले में चित्रकूट जेल में तैनात रजनीश कुमार सिंह के घर पुलिस टीम जांच करने पहुंची थी।

# डीएम और एसपी ने किया जीवीएम ट्रॉफी टूर्नामेंट का शुभारंभ



क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करतीं डीएम प्रियंका निरंजन साथ में एसपी व अन्य ● जागरण

**जासं.बस्ती:** स्व.राम बचन सिंह डे नाइट सर्किल क्रिकेट टूर्नामेंट जीवीएम ट्रॉफी का जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने रविवार को फीता काट कर शुभारंभ किया। खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए डीएम और एसपी ने खुद भी क्रिकेट खेला।

आदर्श पूर्व माध्यमिक विद्यालय पठान टोला में आयोजित टूर्नामेंट में डीएम प्रियंका निरंजन ने कहा कि बच्चे का विकास स्वस्थ तरीके से हो, इसके लिए खेलना बहुत ही जरूरी है। खिलाड़ियों को खेल हमेशा बिना किसी द्वेष भावना के खेलना चाहिए।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि स्वस्थ शरीर व स्वस्थ मस्तिष्क के लिए खेलना भी जरूरी है। शिक्षा के साथ-साथ कुछ समय खेल के लिए निकालें। हर आम व्यक्ति को अपने व्यस्त समय में से थोड़ा समय खेलने में भी लगाना चाहिए। प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद कुमार उपाध्याय ने कहा कि खेल खेलने से मनुष्य का शारीरिक विकास व मानसिक विकास होता है और खिलाड़ियों को खेल हमेशा बिना किसी द्वेष भावना के खेलना चाहिए। जीवीएम स्कूल के प्रबंधक संतोष सिंह ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर छात्र राज्य व अपने देश का नाम रोशन करते हैं। इमरान अली ने आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

निवर्तमान सभासद मोहम्मद अजीज, प्रमोद गुप्ता, रियाजत अली, गोवर्धन सोनकर, साहबान अली, नितेश, इरफान, रामू आदि थे।

# चोरी का मुकदमा दर्ज करने की मांग

**सोनहा, बस्ती :** थाना क्षेत्र के आहर गांव निवासी चंद्रभूषण पांडेय ने पुलिस को तहरीर देकर चोरी का मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है। तहरीर में बताया है कि उनका परिवार मुंबई में रहता है, जबकि वह एक माह से नौकरी की तलाश में लखनऊ रहते हैं। शनिवार की शाम को थाना क्षेत्र के पचपेड़वा चौराहा निवासी रीता पत्नी राजेश कुमार घर की सफाई करने गई तो देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है तथा घर में रखा सामान बिखरा हुआ है। वह घर आकर देखे तो कमरे में रखा नकदी, जेवर व कपड़े आदि गायब हैं। पिछले एक माह से आहर से सटे बनरही जंगल में चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं। शुक्रवार को चोरों ने दो घरों में नकबजनी की थी। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि जल्द ही चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

# शांति से मनाएं त्योहार, कायम करें एकता की मिसाल

## होली और शब-ए-बरात को लेकर पुलिस प्रशासन ने शुरू की तैयारी, थानों पर शांति-सुरक्षा कमेटी की बैठक में किया संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी



दुबौलिया थाने में पीस कमेटी की बैठक करते थानाध्यक्ष ओम प्रकाश गौतम। संवाद

बस्ती। होली और शब-ए-बरात के त्योहार को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। रविवार को जिले के कई थानों पर शांति एवं सुरक्षा कमेटी की बैठक आयोजित कर लोगों से त्योहार को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। बैठक में लोगों से अनुरोध किया गया कि त्योहारों को शांति और सौहार्द के साथ मनाकर एकता की मिसाल कायम करें।

नगर बाजार प्रतिनिधि के अनुसार नगर थाने पर नायब तहसीलदार वीर बहादुर सिंह की अध्यक्षता में शांति-सुरक्षा कमेटी की बैठक हुई। उपस्थित लोगों से नायब तहसीलदार ने कहा कि त्योहार को सकुशल संपन्न कराने में सभी की जिम्मेदारी है। माहौल खराब करने वाले लोगों को पुलिस चिह्नित कर रही है। थाना प्रभारी नगर जनार्दन प्रसाद ने कहा कि दोनों समुदाय के लोग एक दूसरे के साथ मिलजुल कर त्योहार मनाएं। उप निरीक्षक श्रवण कुमार यादव, शशि शेखर सिंह, अनस अख्तर, संजीव यादव, सुशील पांडेय, पवन वर्मा, अशोक वल्लभ चतुर्वेदी, शहादत अली,समेत तमाम लोग मौजूद रहे। रुधौली थाना सभागार में उप जिलाधिकारी आनंद श्रीनेत तथा प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार की मौजूदगी में तहसील क्षेत्र की सार्वजनिक समस्याओं के संबंध में चर्चा की गई। कहा कि त्योहारों के दौरान तेज आवाज में डीजे या लाउडस्पीकर नहीं बजाएं। दो पहिया वाहन पर सीमित गति में दो से अधिक सवारियां नहीं चलनी चाहिए। डीजे पर अश्लील गाने नहीं बजाए जाएं तथा शराब इत्यादि का सेवन करने के बाद वाहन नहीं चलाया जाना चाहिए। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने कहा कि शासन के निर्देशों का उल्लंघन करते हुए पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में मौजूद सांसद प्रतिनिधि राकेश शर्मा, शिक्षक मोहम्मद शकील, निवर्तमान चेयरमैन धीरसेन निषाद आदि ने भी अपनी बात रखी। ग्राम प्रधान महेंद्र सिंह, राजेश चौधरी, मोहम्मद शमीम, रविंद्र चौधरी, अमित यादव, शैलेश पांडेय, अरविंद गुप्ता, उमाशंकर सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

दुबौलिया प्रतिनिधि के मुताबिक थाने पर प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश गौतम ने ग्राम प्रधानों व क्षेत्र के संभ्रांत लोगों बैठक की। कहा कि हुड़दंगियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी लोग होली का त्योहार आपसी सौहार्द के साथ मनाएं। दिनेश पांडेय, नबी हुसैन, राधेश्याम वर्मा, राकेश कुमार, अमन सिंह, विजय शंकर सिंह, पिंटू सिंह, यशवंत, रमाशंकर साहू आदि मौजूद रहे।

बनकटी प्रतिनिधि के मुताबिक शब-ए-बरात व होली त्योहार को लेकर थानाध्यक्ष महेश सिंह की अध्यक्षता में शांति-सुरक्षा कमेटी की बैठक हुई। इसमें विभिन्न दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर रविचंद पांडेय, मुरली धर शुक्ला, अंकित पांडेय, शशि गौड़, धीरज कुमार, अनवर शाह, बजरंगी आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस को मिले 156 उप निरीक्षक

## प्रधानमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये संबोधित कर क्षमता बढ़ाते रहने की दी सीख

संवाद न्यूज एजेंसी



नव नियुक्त उप निरीक्षक पुलिस लाइंस में नियुक्ति प्रमाणपत्र के साथ। संवाद

बस्ती। उपनिरीक्षक पद के लिए चयनित मंडल के 156 अभ्यर्थियों को रविवार को पुलिस लाइंस सभागार में नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। एक नवनियुक्त एसआई राज कन्नौजिया को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में नियुक्ति पत्र सौंपा।

**सीएम ने लखनऊ में राज कन्नौजिया को सौंपा पत्र**

शेष सफल अभ्यर्थियों को आईजी रेंज आरके भारद्वाज ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये नव नियुक्त उप निरीक्षकों को संबोधित कर हमेशा अपनी क्षमता बढ़ाते रहने की दी सीख दी। बस्ती पुलिस लाइन सभागार में आयोजित कार्यक्रम का लखनऊ से सीधा प्रसारण उप निरीक्षकों, प्लाटून कमांडर पीएसी और अग्निशमन अधिकारियों को दिखाया गया।

आईजी आरके भारद्वाज ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े पुलिस परिवार में आप सभी का स्वागत है। जिस निष्पक्षता एवं पारदर्शी प्रक्रिया से आपकी भर्ती हुई है, उसी तरह अपने दायित्वों का निर्वहन न्याय प्रिय ढंग से करें। ताकि लोगों को बेहतर न्याय मिले और एक अच्छे समाज का निर्माण हो। आईजी ने बस्ती की सफल अभ्यर्थी अंकिता शुक्ला, पूनम विश्वकर्मा, संत कबीर नगर के सुमित कुमार और सिद्धार्थनगर के आलोक श्रीवास्तव व मोहम्मद रहीम को अपने हाथों से नियुक्ति पत्र सौंपा। आईजी ने बताया कि बस्ती परिक्षेत्र से कुल 156 लोगों का चयन हुआ है, जिसमें से 20 महिलाएं हैं। इसमें से 84 बस्ती, संत कबीर नगर से 56 और 16 सिद्धार्थनगर से चयनित हुए हैं।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन सीओ कलवारी विनय चौहान ने किया। एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी, सीओ सिटी आलोक प्रसाद, सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय, सीओ रुधौली प्रीति खरवार, आरआई संदीप यादव, एलआईयू इंस्पेक्टर आलोक सिंह, कोतवाल शशांक शेखर राय व अन्य उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती।** परशुरामपुर पुलिस ने नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में मनोरंजन वर्मा उर्फ मोनू को रविवार को गिरफ्तार कर लिया।

घघौआ चौकी इंचार्ज दिलीप सिंह ने बताया कि क्षेत्र के भैंसहा तिवारी निवासी मोनू वर्मा पर मुकदमा दर्ज है। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 27-02-2023

# वाहन चोर को गिरफ्तार कर भेजा जेल


डुमरियागंज (एसएनबी)। विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी प्रभारी निरीक्षक थाना डुमरियागंज के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियो की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज डुमरियागंज पुलिस द्वारा पंजीकृत मु.अ.सं. 39/2023 धारा 379, 411 भादवि. में आरोपी 1 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त शिवपाल पुत्र हरिहर सोनी सकिन माली मैंनहा थाना डुमरियागंज को एक अदद मोटरसाइकिल नं. यूपी-47-डब्लू-7024 के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीमों में सत्येन्द्र कुमार, श्यामसुंदर मौर्या, शैलेश कुमार शामिल रहे।

# गोवंशीय पशु के साथ दो गिरफ्तार

बांसी (एसएनबी)। कोतवाली पुलिस ने रविवार को तीन गौवंशीय पशु के साथ दो पशुतस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाल अनुज कुमार सिंह की अगुवाई में एस आई चन्द्रप्रताप सिंह , कांस्टेबल गामा यादव, अनिल गुप्ता, जितेन्द्र यादव की टीम ने सुबह साढ़े पांच बजे बोलेरो पिकअप से गोवंशीय पशुओं की तस्करी करने वाले गिरोह को राप्ती नदी पुल के पास से तीन गौवंशीय पशु के साथ महेश दूबे पुत्र सूर्यनाथ दूबे व मनोज कुमार पांडेय पुत्र चतुरगुन पांडेय ग्राम हिलगी थाना गोल्हौरा गोवंशीय पशुओं के साथ गिरफ्तार किया है और इनके खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर न्यायालय मे भेज दिया है।



# 22अदद बंटी-बबली के साथ एक गिरफ्तार



डिंडई (एसएनबी)। थाना शिवनगर क्षेत्र के खुंटहना चौराहे पर करमहिया मोड़ से अवैध विक्री के लिए लेकर जा रहे 22 अदद बंटी-बबली शराब के साथ एक ब्यक्ति को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया!पुलिस की पूंछताछ में शराब के साथ पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम ओमप्रकाश कन्नौजिया पुत्र राम प्रसाद और गांव का नाम नदांव बताया!थानाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर यह गिरफ्तारी रविवार को उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह तथा कांस्टेबल प्रमोद यादव द्वारा की गई है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किए गए उपरोक्तओमप्रकाश को आबकारी अधिनियम अंतर्गत धारा 60(1) के तहत न्यायालय भेज दिया गया।

# शांति व सौहार्द के साथ मनाएं त्योहार

सिद्धार्थनगर, वरिष्ठ संवाददाता। आगामी त्योहारों होलिका दहन, होली व शब-ए-बारात को देखते हुए रविवार को सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने, कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एएसपी सिद्धार्थ ने सदर थाने में पीस कमेटी की बैठक की। इसमें सभी से त्योहारों को आपसी सौहार्द के साथ मनाने व अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई।

एएसपी ने गोष्ठी में उपस्थित धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों, कमेटी के सदस्यों से बात की। उन्होंने कहा कि आगामी त्योहारों को आपसी सौहार्द व सद्भावनापूर्ण तरीके से मनाएं। अफवाहों पर ध्यान न दें। सोशल मीडिया पर कोई आपत्तिजनक पोस्ट शेयर न करें। जिले में कानून व्यवस्था व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि डीजे धारकों को किसी भी प्रकार की अश्लील व भड़काऊ गाने बजाने की अनुमति नहीं है। मानक के अनुसार ध्वनि की तीव्रता रखें। उन्होंने कहा कि त्योहारों पर हुड़दंग करने वालों की निगरानी रखें।



आगामी त्योहारों को देखते हुए रविवार को एएसपी सिद्धार्थ ने सदर थाने में पीस कमेटी की बैठक की। • हिन्दुस्तान

उन्होंने शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों पर जरूरी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर एसडीएम ललित कुमार मिश्र, सीओ अखिलेश वर्मा, थानाध्यक्ष सतीश सिंह आदि मौजूद रहे।

# त्योहार में खलल डालने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा

बर्डपुर(एसएनबी)। मोहाना थाना के सुद्दोधन चौकी परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई जिसमें उपजिलाधिकारी,पुलिस क्षेत्राधिकारी अखिलेश वर्मा ने उपस्थित लोगों से आगामी त्योहार को सौहार्द पूर्वक मनाने की अपील किए।

बक्षेत्राधिकारी अखिलेश वर्मा ने कहा कि आगामी पर्व होली के त्यौहार को शांति पूर्वक मना कर मिशाल कायम करना है,सभी त्योहार एक मधुर संबंध कायम करने वाला पर्व होता है,विगड़े रिस्ते को फिर से बनाने का अवसर मिलता है, ।त्योहार में खलल डालने वाले अराजक तत्वो से सख्ती से निपटा जाएगा ।इस अवसर पर थानाध्यक्ष मोहाना जीवन त्रिपाठी ने कहा के सभी लोग आपसी मेलजोल के साथ होली मनाए। कोई भी व्यक्ति कोई ऐसा कार्य न करें,जिससे पुलिस को कार्यवाही करनी पड़े।और क्षेत्र की जनता में भी गलत संदेश जाए।

## 15 दिन तक चलेगा अभियान, दर्ज कराया जाएगा मुकदमा

# अवैध अस्पताल व झोलाछाप के खिलाफ चलेगा अभियान

सेहतमंद सिद्धार्थनगर

- डीएम ने कार्रवाई के लिए गठित की दो सदस्यीय जांच कमेटी
- अभियान के दौरान अप्रशिक्षित चिकित्सक होंगे रडार पर

अवैध नर्सिंग होम व झोलाछाप चिकित्सकों की जांच के लिए दो सदस्यीय टीम डीएम स्तर से गठित की गई है। टीम में एसडीएम व संबंधित ब्लॉकों के अधीक्षक व प्रभारी अधीक्षक शामिल हैं। यह सभी अब से लेकर पखवाड़े भर तक विशेष अभियान के तहत नर्सिंग होम व चिकित्सकों के कागजात की जांच करेंगे। फर्जीवाड़ा मिलने पर टीम को केस दर्ज कराने का निर्देश है।

**डॉ. विनोद कुमार अग्रवाल,** सीएमओ

**सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता।** जिले में बिना पंजीकरण संचालित अवैध नर्सिंग होम व झोलाछाप चिकित्सकों की अब खैर नहीं है। स्वास्थ्य विभाग अवैध ढंग से संचालित नर्सिंग होम के विरुद्ध अभियान चलाएगा। इस दौरान अप्रशिक्षित झोलाछाप चिकित्सक टीम के रडार पर होंगे। डीएम संजीव रंजन ने व्यापक स्तर पर कार्रवाई के लिए सीएमओ की संतुति पर दो सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर पखवाड़े भर अभियान चलाने का निर्देश दिया है।

दरअसल, जिले में अवैध नर्सिंग होम की बाढ़ आ गई है। पैथालॉजी, अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालक बिना पंजीकरण कराए सेंटर्स को धड़ल्ले से संचालित कर रहे हैं। इन सेंटर्स पर चिकित्सक तो दूर की बात रेडियोलॉजिस्ट और एलटी तक नहीं है। बिना डिग्री के स्टॉफ नर्स बन बैठे लोग मरीजों को सुई लगा रहे हैं। इस पर नकेल कसने के लिए सीएमओ डॉ. विनोद कुमार अग्रवाल की संतुति पर डीएम ने तहसील स्तरीय अधिकारी एसडीएम के नेतृत्व में दो सदस्यीय जांच टीम गठित की है। इस टीम में एसडीएम व संबंधित ब्लॉक के अधीक्षक-प्रभारी अधीक्षक को रखते हुए बिना पंजीकरण के संचालित अवैध नर्सिंग होम व झोलाछाप चिकित्सकों के विरुद्ध जांच कर विधिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। डीएम ने कहा है कि दोनों अधिकारी अपने कार्यक्षेत्र में दो सप्ताह तक अभियान चलाकर बिना पंजीकरण के संचालित अस्पतालों व झोलाछाप चिकित्सकों के विरुद्ध जांच कर विधिक कार्रवाई करते हुए समस्या का संपूर्ण समाधान करें। जांच में झोलाछाप चिकित्सक व बिना पंजीकरण के संचालित अवैध नर्सिंग होम के प्रबंधक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने की जरूरत पर अधीक्षक व प्रभारी अधीक्षक केस दर्ज कराएंगे। डीएम ने इस पत्र का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया है।

**नर्सिंग होम बंद करने पर दर्ज होगा केस:** अवैध नर्सिंग होम संचालक व झोलाछाप चिकित्सक जांच टीम के पहुंचने की भनक लगने की सूचना पर अगर नर्सिंग होम बंद कर फरार होंगे तो भी कार्रवाई की जद में होंगे। ऐसे अस्पताल की दीवारों पर तत्काल नोटिस चस्पा करते हुए केस दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू होगी। अगर उन्हें कार्रवाई से बचना है तो सारे कागजात दिखाने होंगे।

**पुलिस फोर्स के साथ पहुंचेगी जांच टीम:** नर्सिंग होम व झोलाछाप चिकित्सकों के कागजात की पड़ताल करने पहुंचने वाली टीम पुलिस फोर्स के साथ पहुंचेगी और कागजात की जांच करेगी। ताकि टीम के साथ कोई अनहोनी न हो।

# ऐसा मनाएं त्योहार कि बना रहे अमनचैन

**जागरण संवाददाता सोहना, सिद्धार्थनगर** : त्रिलोकपुर थाने पर आयोजित पीस कमेटी की बैठक में होली और शब–ए–बरात पर्व को लेकर चर्चा की गई। नागरिकों से अपील की गई कि पर्व ऐसा बनाएं कि अमनचैन बना रहे।



त्रिलोकपुर थाने में शांति कमेटी की बैठक में उपस्थित पुलिस व नागरिक ● जागरण

उपजिलाधिकारी डुमरियागंज कुणाल ने कहा कि सभी लोग होली का रंग गुलाल उसी पर डालें जो इच्छुक हो। किसी भी व्यक्ति पर अनावश्यक रूप से रंग न डालें। शांति व्यवस्था में सभी का सहयोग जरूरी है। कहीं पर समस्या आती है तो इसको सूचित करें, जिससे उसका निस्तारण कराया जा सके।

पुलिस क्षेत्राधिकारी राणा महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि किसी भी स्थिति डीजे में एक साउंड से अधिक नहीं होना चाहिए, अन्यथा उसे सहित वाहन को सीज कर दिया जाएगा। पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रहेगी, पर इसमें आप सभी के सहयोग की आवश्यकता है। थानाध्यक्ष सूर्य प्रकाश सिंह ने कहा कि पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन तैयार है। प्रमुख स्थानों पर ड्यूटी लगाई जा रही है। अजय सिंह, प्रमोद पाण्डेय, राकेश पांडेय, रामप्रताप सिंह, दीनानाथ साहनी, जितेंद्र कुमार, बालक चौधरी, अनुराग तिवारी, गौकरन पाठक, बाल गोविंद यादव, नियामतुल्लाह, साहेबदीन आदि उपस्थित रहे।

# छेड़खानी के आरोप में नेता की चप्पलों से पिटाई, मुकदमा

## इंटरनेट मीडिया पर वीडियो वायरल, मोहाना थाना क्षेत्र का रहने वाला है नेता, रेलवे स्टेशन के पास की बतायी जा रही घटना

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर** : छेड़खानी के आरोप में एक महिला ने छुटभैया नेता को चप्पलों से पीटा है। रविवार को इसका वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुआ है। पुलिस ने पहले नेता का शांतिभंग की आशंका में चालान किया। रविवार को महिला की तहरीर पर सदर थाना पुलिस ने नेता के विरुद्ध छेड़खानी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

मोहाना कस्बे के ओमप्रकाश गुप्ता को जिले के एक जनप्रतिनिधि के कार्यालय पर प्रायः देखा जाता है। शुक्रवार को सदर थाना क्षेत्र की एक महिला ने उस पर छेड़खानी व गाली देने का आरोप लगाया और स्टेशन रोड पर वह दिखा तो उसने चप्पलों से उसकी पिटाई कर दी। मामला सदर पुलिस के संज्ञान में आया तो पुलिस ने उसी दिन ओम प्रकाश का शांति भंग में चालान कर दिया। रविवार को ओमप्रकाश के पिटाई का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर भी वायरल होने लगा। पीड़िता ने थाने में ओमप्रकाश के विरुद्ध तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसने उसके साथ छेड़खानी की है और उसे गाली दिया है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर ओमप्रकाश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

### वायरल वीडियो में महिला ने लिया है जनप्रतिनिधि का नाम

इंटरनेट मीडिया पर वायरल वीडियो में पीड़िता एक जनप्रतिनिधि का नाम लेकर कह रही है कि तुम उसके बल पर कूद रहे हो। हालांकि जनप्रतिनिधि का कहना है कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है। कोई भी व्यक्ति महिला के साथ गलत करेगा तो उसके विरुद्ध कार्रवाई होगी। वायरल वीडियो में पीड़िता के साथ एक दूसरी महिला भी मौजूद है। वह ओमप्रकाश की और पिटाई करने को कह रही है। वायरल वीडियो में महिला ने आरोपित की बाइक भी तोड़ने की कोशिश की। इस संबंध में सतीश कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक, सदर थाना ने बताया कि ओम प्रकाश गुप्ता के विरुद्ध शांतिभंग का मुकदमा दो दिन पूर्व ही दर्ज कर दिया गया था। रविवार को महिला की तहरीर पर उसके विरुद्ध छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया गया है।



वायरल वीडियो में ओम प्रकाश की पिटाई करती महिला ● सौ.से इंटरनेट मीडिया

# फरार चल रहा वारंटी गिरफ्तार

बिस्कोहर। त्रिलोकपुर पुलिस ने रविवार की सुबह बिस्कोहर कस्बा निवासी वारंटी फैसल पुत्र शमशेर को गिरफ्तार कर लिया। बिस्कोहर चौकी प्रभारी राकेश त्रिपाठी ने बताया कि आरोपित पर वर्ष 2022 में थाने पर धारा 379/411 आईपीसी के तहत केस दर्ज था। आरोपित के खिलाफ कोर्ट से वारंट निर्गत था और पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। रविवार को उसे उसके घर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है।

# चोरी की बाइक संग एक गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज पुलिस ने चोरी की बाइक संग एक को गिरफ्तार कर लिया है। एसओ विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि रविवार को पुलिस टीम ने आरोपित माली मैनहा गांव निवासी शिवपाल पुत्र हरिहर सोनी को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

# पर्व मनाने में दिक्कत हो तो दें सूचना

लोटन। होली व शब-ए-बरात पर्व को लेकर रविवार को लोटन कोतवाली परिसर में एसओ घनश्याम सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। एसओ ने सभी वर्गों के लोगों से आपस में मिलजुलकर पर्व मनाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि पर्व को मनाने में कहीं से कोई दिक्कत आती है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। पुलिस सख्ती से निपटेगी। वहीं चेतिया के मिश्रौलिया थाने में रविवार को होली और शब-ए-बरात को सकुशल सपन्न कराने के लिए पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने में सहयोग की अपील की गई। इस अवसर पर थाना प्रभारी मोतीलाल यादव, पप्पू चौरसिया आदि मौजूद रहे।

# आपसी सौहार्द से मनाएं त्योहार

**जासं,सिद्धार्थनगर**: सदर थाने में रविवार को पीस कमेटी की बैठक की गयी। एएसपी सिद्धार्थ ने उपस्थित लोगों से कहा कि होली, शब-ए- बारात आदि त्योहार सभी लोग मिलजुल कर मनाएं। आपसी सौहार्द बना रहे इसके लिए सभी लोग मिलकर कार्य करें। यदि किसी ने कानून व्यवस्था को हाथ में लेने की कोशिश की गयी तो उसके साथ पुलिस सख्ती से पेश आएगी। एएसपी ने कहा कि होली पर हुड़दंग न मचाएं। डीजे बजाते समय ध्वनि के मानक का ध्यान रखें। भड़काऊ गाने कदापि न बजाएं। यदि किसी ने नियमों का पालन नहीं किया तो उसे सीधे जेल भेजा जाएगा। एसडीएम सदर डा. ललित कुमार मिश्रा ने कहा कि त्योहार आपसी प्रेम और सौहार्द को बढ़ावा देते हैं। इससे हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। सीओ सदर अखिलेश कुमार वर्मा ने कहा कि प्रमुख स्थलों पर पुलिस के जवानों की ड्यूटी लगाई जा रही है। त्योहार में शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों के साथ सख्ती की जाएगी। तहसीलदार सदर रामऋषि रमन, प्रभारी निरीक्षक सदर सतीश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक शशांक सिंह आदि मौजूद रहे। लोटन थाने में भी पीस कमेटी की बैठक की गयी।

# सात दिनों में सीओ को दारोगा ने दी क्लीनचिट

**जासं, डुमरियागंज:** जिले के एक सीओ पर डुमरियागंज क्षेत्र के अरनी के ताहिर हुसेन व कृष्णचंद्र ने भूमि बेचने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने बीते छह फरवरी को आइजीआरएस पोर्टल पर इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। साथ ही यह भी कहा था कि भूमि बेचने से मना करने पर वह छह लाख रुपये की मांग कर रहे थे। उनका आरोप है कि रुपये नहीं देने पर उन्हें फर्जी मुकदमे में फंसा दिया गया।

इस शिकायत की जांच डुमरियागंज थाने में तैनात उपनिरीक्षक रणंजय सिंह को मिली और उन्होंने सात दिनों के भीतर ही रिपोर्ट लगा दी कि आरोप निराधार है और जांच में शिकायत गलत पाई गई है। सीओ की जांच जब उसी थाना क्षेत्र का दारोगा करेगा तो जांच कितनी निष्पक्ष होगी।

# त्योहार में गड़बड़ी करने वालों पर होगी कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

## सदर थाना और सुद्दोधन चौकी में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक

**सिद्धार्थनगर/ बर्डपुर।** होली पर्व को देखते हुए रविवार को सदर थाना परिसर और सुद्दोधन चौकी परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि अगर कोई माहौल को बिगाडने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सदर थाना में आयोजित बैठक में एसडीएम सदर डॉ. ललित कुमार मिश्र ने लोगों को आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सीओ सदर अखिलेश वर्मा, एसओ सदर सतीश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं मोहाना थाना क्षेत्र के सुद्दोधन चौकी में बैठक हुई।

इसमें सीओ अखिलेश वर्मा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि होली को शांति पूर्वक मना कर आपसी सौहार्द की मिसाल कायम करना है। त्योहार एक मधुर संबंध कायम करने वाला पर्व होता है। बिगड़े रिश्ते को बनाने का अवसर मिलता है। इस लिए हम लोगों को चाहिए कि सभी समुदाय के लोग सहयोग कर गंगा जमुनी तहजीब पेश करें। साथ ही उन्होंने कहा कि कुछ अराजक तत्व होते है जो माहौल बिगाडने की कोशिश करते हैं, जिन्हें हम और आप कामयाब नही होने देंगें।

मोहना थानाध्यक्ष जीवन त्रिपाठी ने कहा के होली त्यौहार मद्देनजर कहा कि सभी लोग आपसी मेलजोल के साथ होली मनाएं। कोई भी व्यक्ति कोई ऐसा कार्य न करें, जिससे पुलिस को कार्रवाई करनी पड़े। और क्षेत्र की जनता में भी गलत संदेश जाए। इस दौरान चौकी प्रभारी सुद्दोधन सभाशंकर यादव, नीतेश पांडेय, बृजेश सिंह, अमन मोदनवाल, संदीप गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 27-02-2023

# चार परिवारों में हुआ सुलह-समझौता

**संतकबीरनगर (एसएनबी)**। साथ-साथ कार्यक्रम के तहत परिवार परामर्श केन्द्र महिला थाना पर म.उ.नि. श्रीमती मीना तिवारी एवं नियुक्त सदस्य रिफातुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में कुल 04 मामले आये जिसमें सुलह-समझौता करवाया गया। प्रथम पक्ष सालेहु खांतून पत्नी मो. अमजद निवासी लेडुआ महुआ थाना बखिरा व द्वितीय पक्ष मो. अमजद पुत्र मो. अय्यूब निवासी उपरोक्त, सुष्मिता देवी पत्नी ज्वाला प्रसाद निवासी बयारा थाना कोतवाली खलीलाबा व द्वितीय पक्ष ज्वाला प्रसाद पुत्र रामसूरत निवासी उपरोक्त, पूनम पत्नी राजेश निवासी सिसई थाना दुधारा द्वितीय पक्ष-राजेश चौहान पुत्र रुदल चौहान निवासी उपरोक्त तथा अंकिता पुत्री बलिराम निवासी दाड़ापार थाना कोतवाली खलीलाबाद व द्वितीय पक्ष जुगानी पुत्र कोमल निवासी एकमा थाना कोतवाली खलीलाबाद के मध्य पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने के कगार पर था। दोनों पक्षों को काफी समझानें बुझाने के उपरांत दोनों पक्ष एक साथ खुशी-खुशी रहने को तैयार हुए। दोनों पक्षों में आपसी सहमति से सुलह-समझौता कराया गया।

# फरार चल रहे 20 अभियुक्त गिरफ्तार

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत रविवार को जिले के सभी थानों से कुल 20 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। थाना दुधारा के 6 नफर वारण्टी अभियुक्तों, थाना धनघटा के 4 नफर वारण्टी (03 पुरुष व 1 महिला वारण्टी) थाना महुली के एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। थाना मेंहदावल पुलिस ने 9 वारण्टी (07 नफर पुरुष वारंटी व 02 महिला वारंटी) अभियुक्त हरीशचंद्र, दिलीप, रामानंद निवासीगण घूरापाली थाना मेंहदावल, पल्टन निवासी थरौली थाना मेंहदावल, राघव पांडेय निवासी परसा पांडे थाना मेंहदावल, गुड्डू, देवी, सीमा निवासीगण हरदीहट्टा थाना मेंहदावल, तीजा देवी निवासी औरही थाना मेंहदावल को गिरफ्तार किया गया। जिसमें गुड्डू, देवी प्रसाद, सीमा निवासीगण हरदीहट्टा थाना मेंहदावल, रामानंद निवासीगण घूरापाली थाना मेंहदावल संतकबीरनगर द्वारा रिकॉल प्रस्तुत किया गया जिन्हें मौके पर ही रिकाल लेकर छोड़ा गया। शेष 5 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

# पुलिस ने होलिका दहन स्थलों का किया भ्रमण

**संतकबीरनगर(एसएनबी)।** आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त बीट पुलिस अधिकारियों/कर्मियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के ग्रामों में पहुंचकर जनसंवाद स्थापित किया गया। त्योहार के मद्देनजर उत्पन्न होने वाली समस्याओं को स्थानीय निवासियों से पूछा गया व इनके निराकरण हेतु लोगों को आश्वस्त किया गया। होलिका दहन स्थलों का भी भ्रमण कर जानकारी ली गयी। त्योहार में कोई नई परम्परा ना शुरु करने हेतु हिदायत दी देते हुए होलिका दहन निर्धारित स्थान पर मनाने हेतु बताया गया। भ्रमण के दौरान ग्राम के प्रधान व अन्य गणमान्य/संभ्रांत व्यक्तियों के साथ गांव में बैठक की गई। सभी लोगों से अपील की गई कि एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें। जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखें। अपील की गई कि साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों, असामाजिक तत्वों, किसी भी प्रकार की आपराधिक अवांछित गतिविधियों के दिखाई देने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। जनपद में सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाये रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें।

# होली को लेकर शांति कमेटी की बैठक

**धर्मसिंहवा (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के मुसहरा गांव में रविवार को होली के त्योहार को शांति और सौहार्द से मनाने के लिए एसडीएम मेंहदावल अध्यक्षता एवं सीओ की उपस्थिति में पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें सभी धर्म और समुदाय के लोगों ने हिस्सा लेकर आपस में शांति और सौहार्द से होली मनाने की अपील की। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम मेंहदावल योगेश्वर सिंह ने कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे का संदेश देता है। इससे लोगों को सीख लेनी चहिए। रंग-गुलाल उड़ाते समय बवाल न करें ताकि होली का पर्व सुखमय व शांतिपूर्ण संपन्न हो। ज्ञात हो कि मुसहरा में होलिका दहन की जमीन को लेकर दो समुदायों के बीच तनाव का महौल बना रहता है। सीओ मेंहदावल राजीव कुमार यादव ने कहा कि पारम्परिक तरीके से होली मनाते हुए आप लोग प्रशासन का सहयोग करें। किसी भी गड़बड़ी की सूचना मिले तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। उन्होंने कहा कि पारंपरिक तरीके से होलिका दहन जहां होता आया है वहीं पर होलिका दहन करेंगे। उन्होंने कहा कि त्योहार में माहौल बिगाड़ने वाले पर प्रशासन सख्ती से निपटेगा। इस दौरान इंस्पेक्टर धर्मसिंहवा अनिल कुमार, चौकी इंचार्ज बौरव्यास अमित चतुर्वेदी, नायब तहसीलदार हरीराम यादव, प्रधान पति श्रीचंद्र निषाद, हरिश्चंद्र निषाद, मोहन, मकबूल, अरमान, मशहूर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# नियम तोड़ने वालों से वसूल हुआ 47 हजार जुर्माना

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने वाहन जांच के दौरान नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 47 हजार रूपए जुर्माना वसूल किया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की धर पकड़ के लिए गहनता से जांच पड़ताल किया। समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कार्रवाई करते हुए 56 वाहनों के चालकों से 47 हजार रुपए शमन शुल्क वसूल किया।

# चार परिवारों को बिखरने से बचाया

संतकबीरनगर। परिवार परामर्श केंद्र महिला थाना पर रविवार को एसआई मीना तिवारी एवं नियुक्त सदस्य रिफातुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में कुल चार मामले की सुनवाई हुई। पीड़ित सालेहु खातून पत्नी मोहम्मद अमजद निवासी लेडुआ महुआ थाना बखिरा, सुष्मिता देवी पत्नी ज्वाला प्रसाद निवासी बयारा थाना कोतवाली खलीलाबाद, पूनम पत्नी राजेश निवासी सिसई थाना दुधारा एवं प्रथम पक्ष अंकिता पुत्री बलिराम निवासी दाड़ापार व द्वितीय पक्ष जुगानी पुत्र कोमल निवासी एकमा थाना कोतवाली के मध्य विवाद के कारण रिश्ता टूटने के कगार पर पहुंच गया था।

# पुलिस ने दर्ज किया मार्ग दुर्घटना का केस

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने पीडित का शिकायत मिलने पर मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल सर्वेश कुमार राय ने बताया कि पीड़ित विरेंद्र कुमार जायसवाल निवासी बड़गो ने अपने शिकायत में बताया कि दिनांक 16 फरवरी को उनके पिता शिवप्रसाद चौराहे से अपने घर आ रहे थे।

इसी बीच बाइक चालक ने तेजी व लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए लाकर जोरदार टक्कर मार दिया। दुर्घटना में पिता को काफी गंभीर चोटें आई। मौके पर मौजूद लोगों ने पिता को गंभीर रूप से घायलावस्था में इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# दबंगों की पिटाई से अधिवक्ता समेत दो गंभीर, केस दर्ज नहीं

**रंजिश**

- धनघटा थाना क्षेत्र के सेमरडांड़ी में जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद
- पीड़ित पक्ष ने धनघटा थाना पुलिस को तहरीर सौंपी

सन्तकबीरनगर। धनघटा थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरडांड़ी में जमीन पर कब्जे को लेकर दबंगों ने अधिवक्ता के घर धावा बोल दिया। लाठी-डंडों से लैस दबंगों के इस हमले में अधिवक्ता समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित पक्ष ने धनघटा पुलिस को तहरीर सौंपी है। समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था।

ग्राम सेमरडाड़ी निवासी एवं अधिवक्ता रविशंकर पांडेय के घर पर चढ़ कर गांव के ही लोगों ने लाठी डंडों से अधिवक्ता की पिटाई कर दी। बचाव में आए भतीजे प्रमोद कुमार को मारा पीटा गया। घटना का कारण जमीनी रंजिश बताया जा रहा है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। पुलिस की लापरवाही को देखते हुए बार एसोसिएशन धनघटा के तहसील अध्यक्ष लालशरण सिंह ने कहा कि दबंगों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई न होने का मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया जाएगा। प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# घायलों को उपचार के लिए भेजवाया

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर मार्ग दुर्घटना में घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजवाया।

पीआरवी 3314 को थाना मेंहदावल क्षेत्र के कस्बा मेंहदावल से मार्ग दुर्घटना में दो लोगों के घायल होने के संबंध में सूचना मिली। सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। मार्ग दुर्घटना में घायल को इलाज के लिए सीएचसी मेंहदावल में भर्ती कराया। दुर्घटना के सम्बन्ध में स्थानीय पुलिस को सूचना दी।

# छेड़खानी के आरोप में दर्ज किया केस

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने छेड़खानी के आरोप में पीडिता का प्रार्थना पत्र मिलने पर मुकदमा दर्ज किया। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि पीड़िता के अनुसार वह ड्यूटी करके अपने घर के लिए जा रही थी। साथ में उनका सहपाठी भी था।मोबाइल छीनकर तालाब में फेंक दिया। कोतवाल ने बताया कि पीड़िता के प्रार्थना.पत्र पर मामले में आरोपित कंचन गुप्ता के विरुद्ध सुसंगत धारा में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# फाइनल वालीबाल मैच में पुलिस लाइन की टीम विजयी



पुलिस लाइन परिसर मे वालीबाल मैच देखते एसपी सत्यजीत गुप्ता • जागरण



विजयी पुलिस लाइन की टीम को शील्ड देकर सम्मानित करते एसपी सत्यजीत गुप्ता •

- पुलिस लाइन के मैच में खलीलाबाद सर्किल की टीम रही उप विजेता
- प्रतियोगिता में तीन सर्किल टीम व पुलिस लाइन की टीम रही शामिल

**जासं, संतकबीर नगर:** पुलिस लाइन परिसर में बीते शनिवार को जनपद स्तरीय वालीबाल मैच हुआ। इसमें खलीलाबाद, मेंहदावल व धनघटा सर्किल के अलावा पुलिस लाइन आदि चार टीम के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

पुलिस लाइन व खलीलाबाद सर्किल के बीच फाइनल मैच खेला गया। इसमें पुलिस लाइन की टीम को जीत मिली। वहीं खलीलाबाद सर्किल की टीम उप विजेता रही। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने विजयी टीम के खिलाड़ियों को शील्ड व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

जनपद में सीओ के नेतृत्व में सर्किल के थानों व पेशी कार्यालय में नियुक्त पुलिस कर्मियों की टीम बनाई गयी। खलीलाबाद, मेंहदावल व धनघटा आदि तीन सर्किल में एक-एक वहीं पुलिस लाइन की एक कुल चार वालीबाल खिलाड़ियों की टीम बनायी गयी थी।

शनिवार को पुलिस लाइन के परिसर में एसपी की उपस्थिति में वालीबाल प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें फाइनल मैच पुलिस लाइन व खलीलाबाद सर्किल के बीच खेला गया। इसमें पुलिस लाइन की टीम विजयी हुई। खलीलाबाद सर्किल की टीम उपविजेता रही। इस अवसर पर खलीलाबाद के सीओ अंशुमान मिश्र, मेंहदावल के सीओ राजीव यादव, सीओ यातायात अम्बरीश सिंह भदौरिया, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा, एसपी के पीआरओ जितेंद्र यादव व अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# छेड़खानी के आरोपित को पुलिस ने दबोचा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने छेड़खानी के आरोपित को दबोचकर उसके विरुद्ध अग्रिम कानूनी कार्रवाई की।


थाना धनघटा पुलिस छेड़खानी व एससीएसटी समेत अन्य धारा से संबन्धित आरोपित अभियुक्त सन्दीप यादव पुत्र सरजू यादव निवासी गायघाट छेड़खानी, मारपीट, धमकी, एससीएसटी समेत अन्य धारा में वांछित आरोपित अभियुक्त शैलेश पुत्र विनोद यादव निवासी ग्राम समुहतापुर थाना बेलघाट जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद संबंधित न्यायालय प्रस्तुत कर जेल रवाना कर दिया।

# त्योहार को देखते हुए पुलिस ने गांव में पहुंचकर किया संवाद

- त्योहार में कोई नई परम्परा न शुरू करने के दिए निर्देश
- भ्रमण के दौरान होलिका दहन वाले स्थानों के बारे में जानकारी ली

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। पुलिस टीम ने आगामी त्योहार को देखते हुए थाना क्षेत्र के गांवों में पहुंचकर जन सामान्य से संवाद किया।

जिले के समस्त थाना पर नियुक्त बीट पुलिस अधिकारियों व कर्मियों ने अपने-अपने क्षेत्र के गांवों में पहुंचकर जनसंवाद कर त्योहार के बीच में उत्पन्न होने वाली समस्याओं के बारे में स्थानीय निवासियों से पूछकर उनके निराकरण के लिए लोगों को आश्वस्त किया। भ्रमण के दौरान होलिका दहन वाले स्थानों के बारे में जानकारी ली। त्योहार में कोई नई परम्परा न शुरू करने के लिए स्थानीय लोगों को बताया गया। होलिका दहन निर्धारित स्थान पर ही करने के आदेश दिए गए। भ्रमण के दौरान गांव के प्रधान व अन्य गणमान्य एवं सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ गांव में बैठक कर सभी लोगों से अपील की गई कि एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखें, सामप्रदायिक सौहार्द बिगाडने की कोशिश करने वालों, असामाजिक तत्वों व किसी भी प्रकार की आपराधिक अवांछित गतिविधियों के दिखाई देने पर सूचना तत्काल पुलिस को दें। किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें, जनपद में सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाए रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें। किसी को भी माहौल बिगाड़ने की छूट नही दिया जाएगा। ऐसा करने वालों के साथ पुलिस फोर्स कठोरता से पेश आएगी।



पुलिस लाइन में बलवाइयों पर नियंत्रण के लिए हुई ड्रिल में पुलिस कर्मियों को जानकारी देते एसपी सत्यजीत गुप्ता। • हिन्दुस्तान

# बलवाइयों से निपटने को पुलिस कर्मियों ने सीखे गुर

## रिहर्सल

- पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर बलवा ड्रिल का किया अभ्यास
- प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार हुए पुलिस कर्मी

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर रविवार को पुलिस कर्मियों को बलावाइयों से निपटने का गुर बताया गया। परेड ग्राउंड पर पुलिस टीम ने बलवा ड्रिल अभ्यास किया। इसमे सभी थाना के पुलिस कर्मी शामिल हुए। जिले की पुलिस टीम को प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने के लिए हर वक्त तैयार रहने के लिए प्रशिक्षित किया गया।

पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के देखरेख में रविवार को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर आगामी त्यौहारों को सकुशल व भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस टीम ने बलवा ड्रिल अभ्यास किया। जनपद में आगामी त्यौहार पर शांति व सुरक्षा व्यवंस्था बनाये रखने तथा किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल ने बलवा ड्रिल का पूर्वाभ्यास किया। जनपद के समस्त थाना प्रभारियों के साथ-साथ थाने के उपनिरीक्षकों, मुख्य आरक्षी, आरक्षी व रिजर्व पुलिस लाइन के कर्मियों ने प्रतिभाग किया। पुलिस टीम को दंगा निरोधक, बलवा उपकरणों का प्रशिक्षण एवं अभ्यास कराया गया। पुलिस बल के जवानों को विभिन्न प्रकार के शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण देकर उनको दंगाईयों से निपटने के लिए विभिन्न तरीके व गुर सिखाये गए। अभ्यास के दौरान भीड़ को तितर बितर करने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ी से पानी की बौछार, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले और दंगाईयों पर रबर के गोले, एंटी राइट गन, रबर बुलेट गन, टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड, मिर्ची बम आदि शस्त्रों को चला कर पूर्वाभ्यास कराया गया। साथ ही विभिन्न टीमें बनाकर दंगा नियत्रंण के लिए अमल में लाये जाने वाले सभी विधिक प्रावधानों का क्रमवार अभ्यास कराया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्र, क्षेत्राधिकारी मेंहदावल राजीव कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी धनघटा दीपांशी राठौर, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा, पीआरओ एसपी जितेन्द्र यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# दुकान में चोरी का प्रयास करने वाले युवक पर केस

जासं, बखिरा : पुलिस नें किराना दुकान में चोरी का प्रयास करने वाले युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

बखिरा थाने में दी गई तहरीर में भिटवा निवासी रामकुमार जायसवाल पुत्र बाबूलाल ने उल्लेख किया है कि भिटवा चौराहे पर उनकी किराने की दुकान है। वह 23 फरवरी 2023 की रात के करीब नौ बजे दुकान बंद करके घर चले गये थे। इसी रात दुधारा थाना के पिपरा बोरिंग गांव निवासी बादल पुत्र रामफेर उनकी दुकान की ईंट की दीवार को तोड़कर चोरी करने का प्रयास करने लगे। उनकी दुकान के बगल में रहने वाले नित्यानंद यादव व अन्य लोगों ने यह देखकर इन्हें पकड़ लिया। थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने बताया कि मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

# दंगाइयों से निपटने का पुलिस कर्मियों ने किया अभ्यास

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। पुलिस लाइन परिसर में रविवार को आगामी पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस कर्मियों ने अभ्यास किया। इस दौरान दंगाइयों से निपटने के तौर तरीके बताए गए।

पुलिस कर्मियों को दंगा निरोधक, बलवा निरोधक उपकरणों का प्रशिक्षण एवं अभ्यास कराया गया। अभ्यास के दौरान भीड़ को तितर-बितर करने के तरीकों के साथ फायर ब्रिगेड की गाड़ी से पानी की बौछार, लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले और दंगाइयों पर रबर के गोले आदि चलाने के बारे में बताया गया।

एंटी राइट गन, रबर बुलेट गन, टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड, मिर्ची बम आदि शस्त्रों को चलाकर पूर्वाभ्यास कराया गया।



त्योहारों पर सतर्कता के लिए पुलिस लाइन में अभ्यास करते पुलिस कर्मी। संवाद

## भीड़ को तितर-बितर करने का बताया गया तरीका

मार्क ड्रिल में विभिन्न टीमें बनाकर दंगा नियंत्रण के लिए अमल में लाए जाने वाले विधिक प्रावधानों का क्रमवार अभ्यास कराया गया।

इस दौरान एसपी सत्यजीत गुप्त, एएसपी संतोष कुमार सिंह, सीओ खलीलाबाद अंशुमान मिश्र, सीओ मेंहदावल राजीव कुमार यादव, सीओ धनघटा दीपांशी राठौर, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा, पीआरओ जितेंद्र समेत अन्य मौजूद रहे।

# पुलिस लाइन की टीम बनी विजेता

## प्रतियोगिता में चार टीमों ने किया प्रतिभाग, खलीलाबाद सर्किल की टीम रही उपविजेता

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। पुलिस लाइन परिसर में वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें चार सर्किल की प्रतियोगिता हुई। पुलिस लाइन टीम विजेता बनी।

प्रतियोगिता में धनघटा, मेंहदावल, खलीलाबाद और पुलिस लाइन सर्किल की टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मैच पुलिस लाइन व खलीलाबाद सर्किल के बीच खेला गया। पुलिस लाइन की टीम को जीत मिली। खलीलाबाद सर्किल की टीम उपविजेता रही।

एसपी सत्यजीत गुप्त ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता के पुलिस कर्मियों को चुस्त-दुरुस्त रखते हैं। साथ ही विभागीय खेल में बेहतर प्रदर्शन करते है। उन्होंने पुलिस कर्मियों से खेल के प्रति जागरूक रहने की अपील की और कहा कि



वॉलीबॉल प्रतियोतिगा में विजयी टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार देते एसपी सत्यजीत गुप्ता। संवाद

समय-समय पर आयोजित खेल में अवश्य प्रतिभाग करें। इससे शारीरिक व मानसिक रूप से व्यक्ति को स्वस्थ रखता है।

उन्होंने विजेता टीम को शील्ड व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर सीओ खलीलाबाद अंशुमान मिश्र, सीओ मेंहदावल राजीव कुमार यादव, सीओ यातायात अम्बरीश सिंह भदौरिया, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा, पीआरओ जितेंद्र यादव समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# चोरी के मामले में केस दर्ज करने का आदेश

संतकबीरनगर। सीजेएम हरिकेश कुमार ने ट्रक चोरी के मामले में महुली पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। अधिवक्ता केसी पांडेय ने बताया कि दिलीप कुमार निवासी हुसेमऊर ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि वह पंजीकृत ट्रक का मालिक है। एक अक्तूबर को खलीलाबाद-धनघटा मार्ग पर जा रहा था। रात आठ बजे महुली-नाथनगर में ढाबा के पास ट्रक खड़ा कर भोजन व विश्राम करने के बाद रात दस बजे ट्रक के पास पहुंचा तो ट्रक नहीं मिला 112 नंबर पुलिस को सूचना दी, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। संवाद

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 27-02-2023

# मंदिर परिसर पर अतिक्रमण करने की शिकायत

रुपईडीह। रामापुर के राम जानकी मंदिर पर कुछ लोगों ने अवैध तरीके से अतिक्रमण कर लिया। इसकी शिकायत मंदिर के महंत गौरी शंकर दास ने अफसरों से की है। उन्होंने पत्र देकर मंदिर परिसर से अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की।

कौड़िया थानाक्षेत्र के आर्यनगर कर्नलगंज मार्ग पर कस्बा रामापुर में राम जानकी मंदिर है। मंदिर के महंत गौरी शंकर दास ने डीएम व एसपी को एक शिकायती पत्र देकर कहा कि मंदिर परिसर में कुछ लोगों द्वारा अवैध तरीके से अतिक्रमण कर लिया है। मंदिर में अराजक तत्व घूमते रहते हैं । जिससे स्थानीय लोगों को मंदिर में पूजा पाठ करने में काफी समस्या का सामना करना पड़ता है।

मंदिर के महंत गौरी शंकर दास ने डीएम और एसपी से मंदिर परिसर से अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की। इस संबंध में थानाध्यक्ष कौड़िया विद्यासागर पांडेय ने बताया कि अतिक्रमणकारियों से एक सप्ताह के अंदर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है। अगर एक सप्ताह में स्वयं अतिक्रमणकारी अपना अतिक्रमण नहीं हटाते हैं तो सक्षम अफसरों की उपस्थिति में अतिक्रमण हटाया जाएगा।

# कंधे पर स्टार लगाने की हसरत पूरी, खिले चेहरे

अच्छी खबर

- मंडल के 123 अभ्यर्थियों को बांटे गए नियुक्ति पत्र
- अफसरों ने दी शुभकामनाएं, उज्जवल भविष्य की कामना की

गोण्डा, संवाददाता। कंधे पर स्टार लगाने का सपना 123 अभ्यर्थियों का रविवार को पूरा हो गया। स्टार लगाने की हसरत पूरी होने से युवाओं के चेहरे गर्व से चमक उठे। अफसरों ने अभ्यर्थियों में नियुक्ति पत्र वितरित करने के साथ ही शुभकामना देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की। कइयों की आंखों से खुशी के आंसू भी छलक पड़े।

जिला पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम में आईजी देवीपाटन मंडल उपेंद्र अग्रवाल व एसपी आकाश तोमर ने गोण्डा ने चयनित 123 उपनिरीक्षक/प्लाटून कमाण्डर को नियुक्ति पत्र वितरित किया। वहीं, रविवार को ही प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पुलिस में चयनित 9,055 उप निरीक्षकों नागरिक पुलिस, प्लाटून कमाण्डर पीएसी और अग्निशमन के द्वितीय अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। कार्यक्रम के दौरान मंडल के चयनित 123 उपनरीक्षकों में नागरिक पुलिस गोण्डा से 61, बलरामपुर से 20, बहराइच से 32 और श्रावस्ती से 04 व 6 प्लाटून कमाण्डर पीएसी को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। जिसमें 11 महिला उप निरीक्षक/प्लाटून कमाण्डर सम्मलित हैं। अफसरों द्वारा चयनितों को नियुक्ति पत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान एएसपी शिवराज, सीओ सिटी, सीओ सदर, सीओ मनकापुर समेत अन्य लोग रहे।



महिला अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र देते डीआईजी व एसपी। • हिन्दुस्तान

# साइबर टीम ने वापस कराए रुपये

मोतीगंज (गोंडा)। दलपतपुर गांव निवासी सीआरपीएफ जवान अंबिकेश्वर तिवारी के खाते से साइबर ठगी के जरिए 20000 रुपये निकाल लिए गए। सीआरपीएफ जवान ने साइबर क्राइम के टोल फ्री नंबर 1930 पर शिकायत की।

थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार व साइबर टीम के प्रभारी उमेश वर्मा, साहब हुसैन, चौकी प्रभारी कहोबा धर्मेंद्र गौतम ने जांच पड़ताल शुरू की और कुछ ही देर बाद पीड़ित के क्रेडिट कार्ड से कटे रुपये वापस करा दिए। संवाद

# पुलिस ने पकड़ा 74 बोरी राशन

नवाबगंज। गोंडा-अयोध्या हाईवे पर शनिवार के देर रात नगवा मोड़ के पास से दो पिअकप पर लदी 74 बोरी खाद्यान्न को रोकवाकर पुलिस ने पूछताछ किया। वाहन पर लदे राशन के बाबत चालक द्वारा कोई संतोषजनक जवाब न दे पाने पर एसआई सुनील सिंह दोनों पिकअप को थाने ले आए।

दोनों वाहनों को थाने पर खड़ाकर एसडीएम तरबगंज को गल्ले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही के लिए रिपोर्ट भेजी है।

सूत्रों की मानें तो यह राशन क्षेत्र के नारायणपुर गांव से नवाबगंज बाजार लाया जा रहा था। पूर्ति निरीक्षक तरबगंज दिवाकर ने थाने पर पहुंचकर जांच की।

# दस बोटा सागौन की लकड़ी पकड़ी

छपिया। अवैध रूप से लकड़ी काटने और व्यापार करने का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने दस बोटा सागौन की लकड़ी और डीसीएम के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

चौकी प्रभारी बृजेश गुप्ता ने बताया कि इटैला गांव वाले रास्ते से अवैध रूप से लकड़ी काटने व्यापार करने के मामले आरोपी अतीक अहमद पुत्र शफीक अहमद निवासी बेनीगंज थाना बेनीगंज जिला हरदोई को मुखबिर की सूचना पकड़ा गया। डीसीएम पर लदी अवैध दस बोटा सागौन की लकड़ी के साथ उसे टीम ने धर दबोचा। प्रभारी निरीक्षक सतानंद पाण्डेय ने बताया कि वाहन को सीज कर वन संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# हनुमान मंदिर से अष्टधातु की मूर्ति और आठ घंटे चोरी

- राम विवाह के कलाकारों के कपड़े व श्रृंगार सामग्री भी ले गए चोर
- धमसड़ा गोलीकांड के बाद करनैलगंज क्षेत्र में फिर चोरी की वारदात

बालपुर, संवाददाता। कोतवाली करनैलगंज के अंतर्गत राजपुर गांव में स्थित एक प्राचीन मंदिर से शनिवार की रात्रि चोरों ने अष्टधातु की मूर्ति व मंदिर के आठ घंटे, राम विवाह के कलाकारों के कपड़े व श्रंगार सामग्री चोरी हो गई। मंदिर के पुजारी ने इसकी सूचना पुलिस को दी है।

कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत ग्राम राजपुर के रामस्वरूप पुरवा में स्थापित प्राचीन हनुमान मंदिर के पुजारी राजाराम व कई गांव वालों ने संयुक्त रूप से तहरीर दी है। जिसमें कहा गया है कि बीती रात्रि अज्ञात चोर पहुंचे, और मंदिर के अंदर से पीतल का घंटा व अन्य सामान चोरी हो गई है। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर पुलिस भेजकर मामले की जांच कराई गई है।

इससे पहले धमसड़ा में बदमाशों ने छात्र के साथ ही एक युवक को गोली मार दी थी।

# 15 पुलिसकर्मियों ने किया रक्तदान

संसू, वजीरगंज (गोंडा): उपनिरीक्षक शिवलखन सिंह की पहल पर थाने में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। ब्लड बैंक के लैब टेक्नीशियन प्रभाकर सिंह ने बताया कि शिव लखन ने वजीरगंज थाने में रक्तदान शिविर का आयोजन कराया। इस शिविर में प्रज्ञा सिंह, पूजा वर्मा, प्रियंका मिश्रा, शुभांगी तिवारी, पूजा यादव मुकेश यादव, पुष्पेंद्र कनौजिया, दिलीप आनंद, प्रमोद कुमार सिंह, सचिन यादव, रावत यादव, लालू प्रसाद वर्मा, पंकज सिंह, भूपेंद्र प्रताप यादव ने रक्तदान किया।

# 123 उपनिरीक्षक व प्लाटून कमांडर को वितरित किया नियुक्ति पत्र



जिला पंचायत सभागार में महिला उपनिरीक्षक को नियुक्ति पत्र देते आईजी उपेंद्र अग्रवाल व एसपी आकाश तोमर ● जागरण

**संसू, गोंडा :** जिला पंचायत सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस महानिरीक्षक उपेंद्र अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने 123 उपनिरीक्षक/प्लाटून कमांडर को नियुक्ति पत्र वितरित किया। उनको कर्तव्यों के पालन की सीख दी गई।

उत्तर प्रदेश पुलिस में चयनित उपनिरीक्षक, नागरिक पुलिस, प्लाटून कमांडर पीएसी एवं अग्निशमन के द्वितीय अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का जिला पंचायत सभागार में प्रसारण हुआ। पुलिस महानिरीक्षक व एसपी ने जिले के 61, बलरामपुर के 20, बहराइच के 32 व श्रावस्ती के चार उपनिरीक्षक एवं छह प्लाटून कमांडर पीएसी को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इसमें 11 महिला उपनिरीक्षक/प्लाटून कमांडर भी शामिल रहीं। अधिकारियों ने नियुक्ति पत्र देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इसके अलावा उनको पुलिसिंग के बारे में बताया। निष्ठापूर्वक कार्य करने की सीख दी। कहा कि लोगों की सेवा करें। समाज में शांति व्यवस्था बनी रहे। इसके लिए कर्तव्य बोध कराया। अधिकारियों ने कहा कि सदैव कर्तव्य का पालन करें। निर्भीक होकर कानून व्यवस्था बनाए रखने में मदद करें। दायित्वों के निर्वहन में किसी प्रकार की शिथिलता बरतें। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व क्षेत्राधिकारी लक्ष्मीकांत मौजूद रहे।

# एसपी से कार्रवाई की मांग

**गोंडा :** वजीरगंज के एक गांव की पीड़िता ने एसपी को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता के मुताबिक गांव के चार लोगर में घुस आए। मारपीट करने के साथ ही छेड़खानी की। (संसू)

# पति समेत पांच पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

संवादसूत्र, परसपुर (गोंडा) : ग्राम मथुरा मोती सिंह थाना कटरा बाजार के रहने वाले इश्तियाक अहमद ने तहरीर देकर कहा कि उसने अपनी पुत्री सैयदुन की शादी अगस्त 2020 में परसपुर के टिकुलिहन पुरवा गांव के रहने वाले रसीद से की थी। ससुरालीजन बुलेट के लिए लड़की को प्रताड़ित करते थे। 31 अक्टूबर को उन्नाव जिला के शुक्लागंज थाना की पुलिस ने फोन करके बताया कि उनकी लड़की का शव मिला है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज ने कहा कि पिता की तहरीर पर पति रसीद, भाई नबी अहमद, चाचा मुस्तकीम, ननदोई इस्लाम व ननद समेत पांच लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा किया गया है। डेहरास की रहने वाली अनीता तिवारी ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसका पुत्र आदर्श तिवारी घर से निकला था, लेकिन उसका पता नहीं चल रहा है।

# हनुमान मंदिर से अष्टधातु की मूर्ति चोरी

## दो दिन पूर्व धमसड़ा गांव में लूटपाट के विरोध पर बदमाशों ने दो युवकों को मारी थी गोली



राजपुर रामस्वरूप पुरवा हनुमान मंदिर में चोरी के बाद लगी भीड़● जागरण

संसू, कर्नलगंज (गोंडा) : राजपुर के रामरूपपुरवा गांव स्थित हनुमान मंदिर से श्रीकृष्ण भगवान की अष्टधातु की मूर्ति चोरी हो गई। साथ ही मंदिर से पीतल का घंटा-घड़ियाल, दानपात्र समेत अन्य सामान चोर उठा ले गए। सुबह जानकारी होते ही गांव व आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। पुजारी ने कर्नलगंज कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। चोरी व लूटपाट की बढ़ती वारदात ने पुलिस की गश्त पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इससे आमजन में पुलिस के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

पुजारी राजाराम ने दी गई तहरीर में कहा कि हनुमान मंदिर में श्रीकृष्ण भगवान की अष्टधातु की प्रतिमा रखी थी। पीतल का आठ घंटा, चार घंटी, घड़ियाल, इलेक्ट्रानिक घंटा, दान पात्र, कलश, कमंडल, पूजा पात्र व रामलीला का सामान गायब था। गांव के विद्याधर दुबे, बजरंगनाथ तिवारी, सुशील धर, वेदप्रकाश, पंकज मिश्र, रिंकू तिवारी, दिनेश ने बताया कि मंदिर से आसपास गांवों के लोगों की आस्था जुड़ी है। अष्टधातु की मूर्ति काफी पुरानी है। चोरी की सूचना मिलते ही लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने जल्द ही चोरी का राजफाश कर मूर्ति बरामदगी किए जाने की मांग की है। वहीं, टिकौली निवासी लवकुश शर्मा ने कहा कि बगल की छत से चोर उसके घर के अंदर घुस आए। आभूषण व नकदी चोर उठा ले गए। इसी गांव के सुरेश नरायन के यहां भी चोर पड़ोसी के छत से अंदर घुस आए। यहां से भी आभूषण व नकदी उठा ले गए। मीनापुर के राजेश कुमार गुप्ता के यहां भी चोरों ने उत्पात मचाया। नकदी समेत तीन लाख रुपये से अधिक का सामान चोर उठा ले गए।

कोतवाल सुधीर सिंह ने कहा कि चोरी का राजफाश करने के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं। मंदिर में चोरी हुई है मामला संज्ञान में है। उधर, नगर कोतवाली के चौक बाजार स्थित मामा भांजा कपड़ा की दुकान व एलबीएस चौराहे पर मोबाइल के दुकान में चोरी हुई है। विष्णुपुरी कालोनी में चोर बाइक चुरा ले गए।

# सद्भाव, भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार

**संसू, मसकनवा (गोंडा) :** छपिया थाने पर होली व शबे बारात को लेकर शांति कमेटी की बैठक हुई। सीओ मनकापुर सौरभ वर्मा व नायब तहसीलदार अनीश सिंह ने नागरिकों से त्योहार सद्भाव व भाईचारे से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा की होली का त्योहार रंगों का त्योहार है। किसी के ऊपर जबरदस्ती रंग डालने का प्रयास न करें।

वाहन सावधानी से चलाएं। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी प्रकार के उपद्रव की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें।

# पुलिस ने पकड़ा 74 बोरी सरकारी अनाज



नवाबगंज थाने में खाद्यान्न की तौल कराते पूर्ति निरीक्षक सुनील दिवाकर ● जागरण

**संसू, नवाबगंज (गोंडा)** : गरीबों के निवाले पर खाद्यान्न माफिया की निगाहें जमी हुई हैं। गल्ला मंडी में बेचने के लिए ले जाते समय पुलिस ने 74 बोरी सरकारी अनाज पकड़ा किया। पूर्ति निरीक्षक ने अनाज की तौल कराकर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी है।

रविवार को पुलिस को नगवा गांव से सरकारी अनाज कालाबाजारी के लिए ले जाने की सूचना मिली थी। पुलिस ने गोसाईपुरवा के पास अनाज लदे पिकअप को रोकवाया। पूछताछ में पता चला कि अनाज बेचने के लिए गल्ला मंडी ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में नगवा बीआरसी के पास एक पिकअप में खराबी आ गई। इसके बाद आनन-फानन में दूसरी पिकअप के चालक ने खराब पिकअप को टोचन (रस्सी से बांधकर ले जाना) कर मंडी तक ले जाने का प्रयास किया। पुलिस ने दोनों गाड़ियों को चालक सहित कब्जे में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय ने अनाज की जांच के लिए सूचना पूर्ति निरीक्षक सुनील दिवाकर व एसडीएम शत्रुघ्न पाठक को दी। चालक जितेंद्र नरायनपुर रामचंदर पुरवा का रहने वाला है, उसके पिता कोटेदार हैं। दूसरे चालक ने अपना नाम शेषदत्त मिश्र निवासी रामापुर भगाही बताया है। पूर्ति निरीक्षक सुनील दिवाकर ने बताया कि कुल 74 बोरी अनाज पकड़ा गया है। इसमें 68 बोरी चावल और छह बोरी गेहूं है।

अनाज की तौल कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि पिकअप चालक और कोटेदार के पुत्र जितेंद्र का कहना है कि यह सारा खाद्यान्न उन्होंने संदीप गुप्ता से खरीदा है। संदीप ने बताया कि सारा खाद्यान्न सरकारी है। फिलहाल, जांच की जा रही है।

# पुलिसकर्मियों ने किया 15 यूनिट रक्तदान



वजीरगंज (गोंडा)। स्थानीय थाने पर रविवार को रक्तदान का आयोजन किया गया। जिसमें 15 पुलिसकर्मियों ने रक्तदान किया। जिला चिकित्सालय से डॉ. शोएब इकबाल के नेतृत्व में आई रक्त संग्रहण टीम की देखरेख में रक्तदान किया गया। रक्तदान करने वालों में प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह, उप निरीक्षक शिव लखन सिंह, आरक्षी पूजा वर्मा, प्रज्ञा सिंह, भूपेंद्र प्रताप यादव, पंकज सिंह, लालू प्रसाद वर्मा, रावत यादव, सचिन यादव, पूजा यादव, शुभांगी तिवारी, प्रियंका मिश्रा, दीप्ति आनन्द, पुष्पेंद्र कनौजिया व मुकेश यादव ने रक्तदान किया। रक्त संग्रहण टीम में पीआरओ प्रवीण चन्द्र पांडेय, राजीव उपाध्याय, निशा वर्मा, शैलेश त्रिपाठी, सुधांशु तिवारी व विकास सिंह मौजूद रहे। (संवाद)

# मारपीट के मामले में 14 लोगों पर केस

उमरी बेगमगंज (गोंडा)। मारपीट के मामले में थाने में रविवार को 14 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। मामला उमरी बेगमगंज ग्राम पंचायत के चौहान पुरवा से जुड़ा है। शनिवार की रात गांव में बच्चों के बीच विद्यालय में पढ़ाई के दौरान शुरू हुए मामूली विवाद को लेकर दोनों पक्ष के लोग आपस में भिड़ गए और मारपीट हो गई। विजय सिंह की तहरीर पर विशाल सिंह, शिवांशु सिंह, हिमांशु सिंह, कन्हैया सिंह, संदीप सिंह, जग प्रसाद सिंह, चंद्रसेन सिंह, उग्रसेन सिंह, रमेश सिंह, नितेश सिंह सहित 14 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कराया गया है। थानाध्यक्ष संजीव वर्मा ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। (संवाद)

# पीस कमेटी की बैठक हुई

मसकनवा (गोंडा)। छपिया थाने में पीस कमेटी की बैठक प्रभारी निरीक्षक सतानंद पांडेय की अध्यक्षता में हुई। जिसमें धर्म गुरु व क्षेत्र के संभ्रांत जनों ने भाग लिया। सीओ मनकापुर सौरभ वर्मा व नायब तहसीलदार अनीश सिंह ने आपसी सदभावना के साथ त्योहार मनाने की अपील की। कहा कि रंगों का त्योहार होली आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। रंग में भंग डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में ग्राम प्रधान राम प्रकाश पांडेय, सोनू पांडेय, सोनू यादव, मो. हसन, संतोष उपाध्याय, इसरार अहमद, गुफरान अहमद आदि मौजूद रहे। (संवाद)

# लूटपाट व फायरिंग में तीन हिरासत में

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**करनैलगंज के धमसड़ा में लूटपाट व दो लोगों को गोली मारने का मामला**

**गोंडा।** करनैलगंज के धमसड़ा में लूटपाट और छात्र समेत दो लोगों को गोली मारने के मामले में कुछ संदिग्ध पुलिस ने दबोच लिए हैं। इनमें फेरीवाला समेत तीन लोग शामिल हैं। पुलिस व एसओजी इनसे पूछताछ की जा रही है। उम्मीद है कि सोमवार को पुलिस मामले का खुलासा करेगी।

गौरतलब है कि करनैलगंज के धमसड़ा गांव में 23 फरवरी की रात हरीत मिश्र के घर में घुसे बदमाशों ने लूटपाट की थी। गांव वालों से घिर जाने पर बदमाशों ने तमंचे से फायरिंग कर दी थी। इसमें हाईस्कूल का छात्र सिद्धांत पांडेय व हरित के चचेरे भाई सुशील मिश्र गोली लगने से घायल हो गए थे। ट्रॉमा सेंटर लखनऊ में भर्ती सिद्धांत की हालत नाजुक बनी हुई है।

एसपी आकाश तोमर ने खुलासे के लिए एसओजी समेत दो टीमें लगाई थीं। वहीं, मामले में लापरवाही के चलते क्षेत्राधिकारी करनैलगंज विनय कुमार सिंह को प्रतीक्षारत कर उनके स्थान पर लखनऊ से स्थानांतरित होकर आईं नवीना शुक्ला को करनैलगंज सर्किल की जिम्मेदारी दी थी। इससे पहले 24 जनवरी को भी हरीत के घर में लूटपाट हुई थी। उन्होंने करनैलगंज कोतवाली में तहरीर दी थी मगर पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी रही।

सीओ करनैलगंज नवीना शुक्ला का कहना है कि मामले में सभी बिंदुओं पर तफ्तीश की जा रही है। लूटपाट व फायरिंग के आरोपी शीघ्र सलाखों के पीछे भेजे जाएंगे।

## युवती का अपहरण

धानेपुर (गोंडा)। थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने बेटी के अपहरण का आरोप लगाया है। पीड़ित ने बताया कि वह परिवार के साथ थाना क्षेत्र के एक ईंट भट्ठे पर काम करता है। उनकी बेटी को एक युवक भगा ले गया। थानाध्यक्ष ब्रह्मानंद सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। (संवाद)

## दो पर मुकदमा

धानेपुर (गोंडा)। देवरिया निवासी गफूर ने मारपीट का आरोप लगा गांव के दो लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि खिलाने-पिलाने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। एसओ ब्रह्मानंद सिंह ने बताया कि कालिया उर्फ रहमत अली व कमरूद्दीन खान पर मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

# पति सहित पांच के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज

परसपुर (गोंडा)। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पति, जेठ, चाचा व ननद, नंदोई के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

थाना कटरा बाजार के ग्राम मथुरा मोती सिंह निवासी इश्तियाक अहमद ने बताया किअपनी पुत्री सैयदुन की शादी ग्राम त्यौरासी टिकुलिहन पुरवा निवासी रशीद के साथ की थी। निकाह के वक्त उसने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था। निकाह के कुछ दिन बाद ही पति सहित ससुरालीजन बुलेट मोटरसाइकिल की मांग को लेकर उसकी बिटिया को मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। 31 अक्तूबर को थाना शुक्लागंज जनपद उन्नाव से उसके जेठ के मोबाइल से थाने के किसी सिपाही ने फोन कर बताया गया कि उसकी लड़की का शव मिला है। जब वह वहां पहुंचा तो देखा कि आरोपियों की प्रताड़ना से आजिज आकर बेटी ने आत्महत्या कर ली है। आरोपियों ने शव छिपाने का भी प्रयास किया।

शुक्लागंज पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा कर शव उसे सौंप दिया था, केस नहीं दर्ज किया। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर पति रशीद, नवी अहमद, मुस्तकीम निवासी ग्राम त्यौरासी टिकुलिहन पुरवा, इस्लाम अहमद व उसकी पत्नी निवासी ग्राम मथुरा मोतीसिंह थाना कटरा बाजार के खिलाफ दहेज हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# कंधे पर डबल स्टार, चेहरे पर खुशियां अपार

## देवीपाटन रेंज में 114 पुलिस उपनिरीक्षकों को मिले नियुक्ति पत्र, जिला पंचायत सभागार में कार्यक्रम का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा 2021 में चयनित 114 अभ्यर्थियों को रविवार को जिला पंचायत सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन कर नियुक्ति पत्र दिए गए। नियुक्ति पत्र पाकर उपनिरीक्षकों के चेहरे पर खुशियां झलक आईं। उपनिरीक्षक परीक्षा में देवीपाटन परिक्षेत्र के 123 अभ्यर्थी चयनित हुए हैं। इनमें से पांच को लखनऊ में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नियुक्ति पत्र प्रदान किए। जबकि, 109 नवचयनित दरोगाओं को यहां कार्यक्रम में देवीपाटन परिक्षेत्र के आईजी ने नियुक्ति पत्र देकर उन्हें कर्तव्य, ईमानदारी व अनुशासन का पाठ पढ़ाया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर व अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज मौजूद रहे।

जिला पंचायत सभागार में रविवार को उपनिरीक्षकों के नियुक्ति पत्र देने संबंधी प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का लाइव प्रसारण चला। आईजी ने कहा कि चयनित उपनिरीक्षकों को दस माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें मौजूदा समय में बढ़ रहे साइबर क्राइम व कानून-व्यवस्था और अनुशासन के बारे में बताया जाएगा। कार्यक्रम में कुल 109 उपनिरीक्षक आए। जिन्हें नियुक्ति पत्र दिए गए। कार्यक्रम में 09 अभ्यर्थी नहीं पहुंचे। *सिपाही का बेटा बना सब इंस्पेक्टर... पेज तीन पर*



गोंडा के जिला पंचायत सभागार में अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र देते आईजी व एसपी। -संवाद

**नियुक्ति-पत्र पाने वाले उपनिरीक्षक**

| जिला | पुरुष | महिला |
|---|---|---|
| गोंडा | 50 | 6 |
| बहराइच | 29 | 03 |
| बलरामपुर | 18 | 02 |
| श्रावस्ती | 04 | कोई नहीं |
| पीएसी गोंडा | प्लाटून कमांडर | 06 |

## खाटी गांव की प्रतिभाएं पहनेंगी खाकी

*गोंडा। कहते हैं कि कड़ी मेहनत व लगन से मुकाम हासिल किया जा सकता है। ऐसा ही किसान परिवार की तीन युवतियों और दो युवकों ने कर दिखाया है। खाटी गांव देहात से ताल्लुक रखने वाले चार अभ्यर्थियों ने मुफलिसी के बावजूद*

### कड़ी मेहनत से किया मुकाम हासिल, दूसरों के लिए बने मिसाल

*पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा में चयनित होकर नई लकीर खींचने की कोशिश की है।*

### परसपुर की सोनाली बनीं दरोगा

परसपुर विकासखंड के चकुआं गांव निवासी सोनाली सिंह के पिता राम मिलन किसान हैं। दो बीघे खेती और गांव में परचून की दुकान चलाकर उन्होंने सोनाली को पढ़ाया। सोनाली बताती हैं कि महाकवि तुलसीदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय से स्नातक किया। सोनाली ने कड़ी मेहनत व लगन के साथ परीक्षा की तैयारी की।



### बहराइच की प्रियंका के पिता का सपना पूरा

बहराइच के विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के तिलकपुर भटुही गांव निवासी प्रियंका तिवारी के पिता रवींद्र नाथ किसान परिवार से हैं। एक एकड़ खेती के सहारे परिवार चलाते हैं। प्रियंका ने बताया कि एक बड़ी बहन व दो छोटे भाई हैं। रामचंद्र डिग्री कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई पूरी की। खेती के सहारे उनके पिता चार बच्चों को पढ़ा रहे हैं।



### खूब बहाया पसीना, तब सफल हुए प्रवीण

बहराइच के नानपारा कोतवाली मिहीपुरवा मोतीपुर निवासी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि सुबह शाम दौड़ लगाकर खूब पसीना बहाया, तब सफलता मिली है। पिता विक्रम सिंह खेती करते हैं। मोतीपुर डिग्री कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई के बाद उपनिरीक्षक परीक्षा की तैयारी कर सफलता प्राप्त की।



### एसआई बनी थारू जनजाति की जशोदा

बलरामपुर के पचपेड़वा के जोगिया इमलिया खुर्द निवासी जशोदा ने बताया कि वह थारू जनजाति से हैं। पिता रामकिशुन भारतीय सशस्त्र सीमा बल की शाखा में कर्मचारी हैं। उत्तराखंड में पिता की तैनाती होने से हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के बाद स्नातक की पढ़ाई पौड़ी-गढ़वाल से की। मुरादाबाद से बीएड की डिग्री हासिल की।



# कालाबाजारी के लिए जा रहा था सरकारी राशन, पकड़ा

## कोटेदार का बेटा स्वयं चला रहा था गाड़ी, जांच शुरू

संवाद न्यूज एजेंसी

नवाबगंज/गोंडा। नवाबगंज में कालाबाजारी के लिए जा रहे सरकारी खाद्यान्न को पुलिस ने पकड़ा है। पिकअप वाहन पर 74 बोरी खाद्यान्न लादकर कोटेदार का पुत्र ले जा रहा था। खाद्यान्न मिलने की सूचना पर पुलिस व प्रशासनिक टीम हरकत में आ गई। पूर्ति निरीक्षक ने थाने में पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। एक-एक बोरी राशन सामग्री की तौल के बाद मिलान कराया गया।

रविवार को कुछ लोगों ने पुलिस को सूचना दी कि नगवा गांव के पास दो पिकअप पर सरकारी अनाज को लादकर बिक्री के लिए ले जाया जा रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहन को पकड़ लिया। कुल 74 बोरी अनाज लदा हुआ था। जिसमें 68 बोरी चावल व 6 बोरी गेहूं है। पुलिस ने नारायणपुर गांव के रामचंद्रपुर निवासी कोटेदार के पुलिस के मुताबिक पिकअप नारायणपुर ग्राम सभा के रामचंद्रपुर निवासी कोटेदार हनुमान प्रसाद का पुत्र जितेंद्र ले जा रहा था, तो दूसरी पिकअप को रामापुर गांव निवासी शेषदत्त चला रहा था। कोटेदार के पुत्र जितेंद्र ने बताया कि बताया कि पकड़ा गया राशन रामापुर निवासी संदीप गुप्ता का है। संदीप ने बताया कि उक्त राशन सरकारी है।



खाद्यान्न की तौल कराते पूर्ति निरीक्षक।

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 27-02-2023

# 300 ग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार

सादुल्लाह नगर, संवाददाता। थाना सादुल्लानगर पुलिस टीम ने 300 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार है। एसपी केशव कुमार के निर्देशन में मादक पदार्थ व अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक वृजानन्द सिंह के नेतृत्व में रात्रि गश्त के दौरान उप निरीक्षक परमानन्द चौहान, हेड कांस्टेबल अजय सिंह, दीपक गुप्ता व राज क मल यादव क्षेत्र भ्रमण पर थे। इसी बीच हसनापुर चौराहा कोटवा दरगाह मोड़ ग्राम हसनापुर में एक व्यक्ति संदिग्ध घूमता पाया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 300 ग्राम गांजा पाया गया। बताया कि व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

# वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, न्यायालय भेजा

उतरौला। थानाध्यक्ष गैंड़ास बुजुर्ग गौरव सिंह तोमर के नेतृत्व में शनिवार को उपनिरीक्षक उमाकान्त मिश्रा पुलिस टीम के साथ वांछित अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र श्रीधर निवासी बेहटा थाना ईसानगर जनपद लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया गया है।

# शंतिभंग में तीन पाबंद

**संसू, उतरौला** : पुलिस ने शांतिभंग के मामले में तीन लोगों को पाबंद किया है। प्रभारी निरीक्षक संजय दूबे ने बताया कि नगर के मुहल्ला गांधीनगर से कृपाशंकर सोनी, उमाशंकर सोनी व शिव शंकर को पाबंद किया गया है।

# एसपी आफिस में तीन विवाद किए गए निस्तारित

**बलरामपुर :** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रविवार को परिवार परामर्श केंद्र की बैठक हुई। महिला थाना प्रभारी ममता सिंह ने बताया कि बैठक में तीन पत्रावलियां निस्तारित की गई हैं। परामर्शदाताओं ने पति पत्नी को समझा बुझाकर एक साथ रहने के लिए राजी किया। (संसू)

# पीस कमेटी की बैठक

**जरवा :** कोतवाली परिसर में होली व शब-ए-बारात को लेकर पीस कमेटी की बैठक की गई। कोतवाल दुर्विजय ने शांति बनाए रखने में मदद करने का सुझाव दिया। भड़काऊ पोस्ट प गलत टिप्पणी न करने की सलाह दी। ग्राम प्रहरियों को सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया। (संसू)

# शराब के साथ एक को दबोचा

**बलरामपुर।** जरवा पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक दुर्विजय ने बताया कि चेकिंग के दौरान लोहटी गांव से बाकड़पुरवा की ओर जा रहे रामलाल निवासी दत्तपुर भगवानपुर को प्लास्टिक की बोरी के साथ पकड़ा। तलाशी के दौरान बोरी में 21 लीटर अवैध शराब मिली। साथ ही महादेव सिंह निवासी दत्तपुर को भी 20 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा गया है। आबकारी एक्ट में केस दर्ज कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

# शांतिभंग की आशंका में चार का चालान

**बलरामपुर।** पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में चार लोगों पर कार्रवाई की है। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि गौरा चौराहा थाने की पुलिस ने रामगनेश व ननके निवासीगण गोविन्दपुर तथा उतरौला पुलिस ने राजाबाबू जायसवाल निवासी शाहपुर इटई व लवकुश मोदनवाल निवासी सुभाषनगर पर शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई की है। (संवाद)

# गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

**गैड़ासबुजुर्ग।** सादुल्लानगर पुलिस ने गांजे के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा है। प्रभारी निरीक्षक बृजानंद सिंह ने बताया कि रविवार को कोटवा दरगाह मोड़ के निकट एक व्यक्ति को पकड़ा गया। उसके पास 300 ग्राम गांजा पाया गया। आरोपी की पहचान नियाज उर्फ भल्लू निवासी ग्राम रेहरवा ऐदहा के रूप में हुई है। केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

# त्योहारों पर शांति बनाए रखने की अपील

**बलरामपुर।** होली व शब-ए-बरात को देखते हुए रविवार को कोतवाली जरवा में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें पुलिस अधिकारियों ने संभ्रांत व्यक्तियों तथा धर्मगुरुओं से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। साथ ही निर्धारित मानक के अनुसार डीजे बजाने का निर्देश डीजे संचालकों को दिया।

प्रभारी निरीक्षक दुर्विजय ने कहा कि अराजक तत्वों पर नजर रखने के लिए जुलूस की सीसीटीवी से निगरानी कराई जाएगी। लोग अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही अफवाह फैलाएं। त्योहर आपस में मिल जुलकर मनाएं। रेहरा बाजार में भी त्योहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। प्रभारी निरीक्षक ओपी चौहान ने लोगों से मिल जुलकर शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की। इस अवसर पर एसआई शेखर प्रसाद, एसआई श्याम निवास राय एवं चौकी इंचार्ज तेज नारायण गुप्ता व शमशाद अली आदि मौजूद रहे। (संवाद)

# तीन पारिवारिक मामलों का किया निपटारा

बलरामपुर। एसपी कार्यालय में रविवार को परिवार परामर्श केंद्र की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें परामर्शदाता अरुण कुमार यादव व देवतादीन दूबे ने महिला थाना प्रभारी ममता सिंह यादव के साथ मिलकर तीन पारिवारिक मामलों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण कराया। इसमें महिला कांस्टेबल हेमा व ज्योति ने भी अहम भूमिका निभाई। (संवाद)

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 27-02-2023

हिन्दुस्तान

# स्वास्थ्य सेवा से राष्ट्र सेवा की अलख जगा रहा आरएसएसः राज्यमंत्री

**चिकित्सा शिविर**

- संघ के मेगा चिकित्सा शिविर का गवाह बना किसान पीजी कॉलेज
- विभिन्न विधाओं के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 2000 लोगों का किया इलाज



मेगा शिविर में हो रहे इलाज का जायजा लेते डीएम व एसपी।

बहराइच, संवाददाता। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का स्वास्थ्य सेवा से राष्ट्र सेवा की भावना का रविवार को किसान पीजी कॉलेज का परिसर गवाह बना। प्रदेश के विभिन्न विधाओं के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने न केवल शिविर में हिस्सा लिया, बल्कि पूरी शिद्दत के साथ मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य के तरीके भी सुझाए। 2000 से अधिक लोगों ने संघ के इस शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ उठाया। संघ ने भी शिविर के माध्यम से राष्ट्र निर्माण सर्वोपरि के अपने धर्म का भी लोगों को साक्षात्कार कराया।

गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य चिकित्सा यात्रा व नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन अवध प्रांत के तत्वावधान में किसान पीजी कॉलेज में आयोजित मेगा चिकित्सा शिविर के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा से राष्ट्र सेवा का राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अतुलनीय अलख जगा रहा है। संघ के स्वयं सेवक दुनिया के तमाम चीजों से विरक्त रहकर केवल राष्ट्र के लिए जीता है, और उसी के लिए मरता है।

सह प्रांत प्रचारक मनोज ने कहा कि नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन का प्रारंभ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से हुआ। इसका ध्येय एवं उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा से राष्ट्र सेवा है। तीन वर्षों से देश के दूर -दराज, वनवासियों, जनजातियों, पिछड़े लोगों के बीच जाकर स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं को दूर कर रहा है। राष्ट्र निर्माण की परिकल्पना को पूरी शिद्दत से साकार करने में जुटे हुए हैं। शिविर में चार मेडिकल कॉलेजों, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ, डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों व मेडिकल छात्रों ने लगभग 2000 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। प्रांत प्रचारक यशोदा नंद, अशोक केडिया, राज किशोर, डॉ. अवधेश, दीनानाथ, कृष्णानंद, बाबूलाल, गोविंद शेखर, भूपेंद्र, रमेश, सांसद अक्षयवर लाल गोंड, जिलाध्यक्ष श्यामकरण टेकड़ीवाल, डीएम डॉ. दिनेश चंद्र, एसपी प्रशांत वर्मा, केजीएमसी के पूर्व कुलपति प्रोफेसर जेपी सिंह, प्रोफेसर विजय कुमार, रवि अग्रवाल, सीएमओ डॉ. एसके सिंह, आनंद मेजर एसपी सिंह, विधायक सरोज सोनकर, सुनीता सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक सुभाष त्रिपाठी विधायक मौजूद रहे।

### वर्ष 2019 में शुरु हुई यात्रा

बहराइच। गुरु गोरक्ष नाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा का प्रारंभ वर्ष 2019 में हुआ। पहले साल 30000 लोगों के स्वास्थ का परीक्षण किया। द्वितीय यात्रा में 200 गांवों में पहुंचकर 50000 लोगों लोगों का चिकित्सकीय सेवाएं मुहैय्या कराया। तृतीय यात्रा में लगभग 70000 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। अगले चरण में लगभग 100000 लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण का लक्ष्य रखा गया है।

### इनका रहा योगदान

बहराइच। मेगा चिकित्सक शिविर में डॉ. सारिका सिंह, डॉ. विकास मिश्रा, डॉ. मनीष शुक्ला, डॉ. अतुल मिश्रा, डॉ. डीके वर्मा, डॉ. रविनंदन त्रिपाठी, डॉ. अमिताभ मिश्र, डॉ. प्रभात, डॉ. शिवेंद्र सिंह का अहम योगदान रहा है।

हिन्दुस्तान

# त्यौहारों को लेकर एसपी ने की बैठक

**दिशा-निर्देश**

- जिले के सभी सीओ सर्किल, थाना प्रभारियों ने की सहभागिता
- थाना प्रभारियों की सुरक्षा तैयारियों का लिया जायजा



शहर स्थित पुलिस लाइन सभागार में बैठक करते एसपी।

बहराइच, संवाददाता। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने होलिकोत्सव व शबे बारात को लेकर रविवार को सुरक्षा व्यवस्था परखने को बैठक की। बैठक में जिले के सभी थानों की ओर से सुरक्षा व्यवस्था तैयारियों, समस्याओं व उनके समाधान को किए गए प्रयासों की जानकारी ली।

एसपी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व ग्रामीण ने तैयारियों का खाका बताया। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं।

एसपी ने पुलिस लाइन सभागार में त्यौहार शब-ए-बारात व होली को जनपद में सकुशल सम्पन्न कराने, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने, साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों, किसी भी प्रकार की आपराधिक अवांछित गतिविधियों पर नज़र बनाए रखने की हिदायत दी। जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाए रखने को सभी को आदेशित व निर्देशित किया गया।

हिन्दुस्तान

# पुलिस ने जैन तीर्थ यात्रियों को उनका खोया सामान सौंपा

**सराहनीय**

■ सामान पाकर हर्षित हुए तीर्थयात्री, पुलिस के इस कार्य की हो रही सराहना

बहराइच, संवाददाता। बहराइच-लखनऊ हाईवे पर शुक्रवार शाम गश्त के दौरान चौकी प्रभारी टिकोरा मोड़ अमितेंद्र सिंह को सड़क पर दो बैग पड़े हुए मिले। दोनों बैग को चौकी पर लाकर देखा गया, तो उसमें दो अदद सोने के कंगन, 18 चांदी के सिक्के व लगभग 10 हजार नकदी, काफी मात्रा में ड्राई फ्रूट्स कपड़े व अन्य सामग्री रखा हुआ था।

एक बैग में एक आधार कार्ड मिला। जिस पर शोभा जैन पत्नी रमेश चंद्र जैन निवासी गिर्द, ग्वालियर मध्य प्रदेश का पता अंकित था। चौकी प्रभारी अमितेंद्र सिंह ने तत्परता दिखाते हुए ग्वालियर कंट्रोल रूम से संपर्क कर महिला तक सूचना भेजवाई गई। सूचना प्राप्त होने पर महिला अपने भाई के साथ शनिवार को चौकी टिकोरा मोड़ पहुंची। अपर पुलिस अधीक्षक नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह की उपस्थिति में शोभा जैन व उसके भाई को उसके दोनों बैग में रखे सामान, नकदी आदि सुपुर्द किया गया। खोया हुआ सामान वापस पाकर शोभा जैन व उनके भाई ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बहराइच पुलिस का आभार जताया।

हिन्दुस्तान

# गार्डेन पहुंचकर डीएम व एसपी ने चखा कश्मीरी एप्पल बेर

बहराइच, संवाददाता। टिश्यू कल्चर केला, संकर तरबूज, कश्मीरी एप्पल बेर व सब्जी संग फार्मिंग के नवाचार से आय दोगुनी करने वाले जरवल के किसान गुलाम मोहम्मद के खेत का शनिवार को डीएम डॉ. दिनेश चंद्र व एसपी प्रशांत वर्मा पहुंचे। कश्मीरी रेड एप्पल के बाग पहुंचकर बेर चखा। किसान ने तरक्की की दास्तां को भी साझा किया।

प्रक्षेत्र भ्रमण के दौरान कृषक गुलाम मोहम्मद ने बताया कि वर्तमान में वे केला, सब्जी के अतिरिक्त कश्मीरी एप्पल बेर की खेती की जा रही है। कृषक ने बताया कि ढाई एकड़ क्षेत्रफल में 850 पौधों का रोपण किया गया था। पहले साल 150 कुंतल पैदावार रही। इससे छह लाख की आय हुई। किसान ने बताया कि इस साल 400 कुंतल उत्पादन का अनुमान है। इससे 12 से 15 लाख का सीधा लाभ होगा। बताया कि कश्मीरी एप्पल बेर कम समय में अधिक आय देने वाली फसल है।

# महिला के साथ मारपीट मामले में तीन पर केस

बलहा। नानपारा कोतवाली के माधी गांव निवासिनी रजनी देवी पत्नी अनिल कुमार पर पुरानी रंजिश को लेकर हमले की वारदात हुई थी। गांव के ही तीन हमलावरों ने उसके साथ मारपीट की थी। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराया था । इस मामले मे पीड़िता की तहरीर पर धर्मराज सहित तीन पर मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

# अवैध चाकू संग दो गिरफ्तार

विशेश्वरगंज। थाना प्रभारी श्यामदेव चौधरी ने बताया कि क्षेत्र में अमन शांति के लिए रात्रि गश्त पर निकली पुलिस को सूचना मिली। बडनापुर के पास पुलिस को दो संदिग्ध मिले। तलाशी में दोनों के पास से अवैध चाकू बरामद हुआ है। इनकी पहचान रमेश व गिरजा शंकर निवासीगण रोहनीभारी के रूप में हुई है।

हिन्दुस्तान

# फर्जी सट्टाधारकों पर दर्ज होगा केस

- बिचौलियों ने दूसरे किसानों के नाम जारी करवाया बिक्री का सट्टा
- मामला सामने आने पर सुपरवाइजर को कार्रवाई के दिए गए निर्देश

बहराइच, संवाददाता। नानपारा तहसील क्षेत्र में किसानों का हक मारने वाले फर्जी सट्टाधारकों पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। बिचौलियों की ओर से दूसरे किसानों के नाम गन्ना बिक्री सट्टा जारी करवाया है। इसकी शिकायत मिलने पर सुपरवाइजर से रिपोर्ट मांगी गई है। फर्जी सट्टाधारकों पर केस दर्ज कराने के भी निर्देश दिए गए हैं।

नानपारा में श्रावस्ती सहकारी चीनी मिल संचालित है। इस मिल में नानपारा, महसी और मोतीपुर तहसील के किसान गन्ना लेकर आते हैं। मिल की ओर से कुछ ऐसे किसानों को पर्ची जारी कर दिए गए हैं, जिनके खेत में गन्ना ही नहीं लगा है। फर्जी किसानों के नाम से बना गन्ना सट्टा से लोग किसानों का सस्ते दाम पर गन्ना खरीद कर उसे मिल को महंगे दामों में बिक्री कर रहे हैं। इससे मेहनत कर खेती करने वाला किसान कमजोर हो रहा है। बिचौलियों की ओर से फर्जी किसानों के नाम पर जारी करवाई गई गन्ना बिक्री सट्टा की शिकायत मिल के महाप्रबंधक व जिला गन्ना अधिकारी को दी।

अब जिला गन्ना अधिकारी शैलेश कुमार मौर्य ने जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि जिस क्षेत्र में फर्जी सट्टा बनने की जानकारी मिल रही है। उसकी जांच के लिए टीम गठित की गई है। गन्ना पर्यवेक्षक और सुपर वाइजर से रिपोर्ट मांगा गया है। अगर फर्जी किसानों के नाम पर सट्टा बना है तो उनके विरुद्ध केस दर्ज कराया जाएगा।

हिन्दुस्त

# ढाई लाख के मारीजुआना के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बहराइच, संवाददाता।** हरदी थाने की पुलिस ने बाइक चोरी मामले में वांछित गैंग सरगना को ढाई किग्रा मारीजुआना के साथ गिरफ्तार कर लिया है। दो सप्ताह पूर्व इस गैंग के तीन गुर्गो को चोरी की बाइकों के साथ गिरफ्तार किया गया था। मादक पदार्थ की अन्तरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित ढाई लाख है।

एसपी प्रशांत वर्मा ने बताया कि हरदी थानाध्यक्ष अंजनी कुमार राय को रविवार को भनक लगी कि बाइक चोरी मामले मे मोस्ट वांटेड सरगना रिजवान महाराजगंज नहर पुलिया के पास देखा गया है। एएसपी ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी, सीओ जेपी त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष ने दरोगा प्रमोद कुमार, अयोध्या सिंह, मुख्य सिपाही अखिलेश यादव, रवीन्द्र कुमार, सिपाही मनोज पटेल, परमेश कुमार, अश्वनी राज ने महाराज गंज नहर पर दबिश देकर जोत चांदपारा के महाराजगंज निवासी रिजवान को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पर रामगांव, हरदी, बौंडी, नगर व देहात कोतवाली मे 17 मामले दर्ज है। पूछताछ के बाद आरोपी को चोरी, बरामदगी, धोखाधड़ी व एनडीपीएस एक्ट में जेल भेज दिया।

हिन्दुस्तान

# 1.16 करोड़ की ब्राउन शुगर बरामद

## कार्रवाई

- तीन तस्कर गिरफ्तार, पुलिस मुख्यालय पर चल रही तहकीकात
- भारतीय इलाके से तस्करी कर ले जाई गई थी मादक पदार्थ की खेप



नेपाल पुलिस की ओर से ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार आरोपी।

**बहराइच, संवाददाता।** नेपाल के बांके जिला मुख्यालय नेपालगंज के चपरगौड़ी गांव में नेपाल पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ दो नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद इस गैंग के एक और तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। बरामद मादक पदार्थ की अन्तरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 1.16 करोड़ आंकी गई है।

नेपाल के बांके जिला मुख्यालय नेपालगंज के चपरगौड़ी गांव में शनिवार रात नेपाली पुलिस ने अपाची बाइक सवार दो युवकों को रोककर तलाशी ली। दोनों के पास 116 ग्राम ब्राउन शुगर, 9800 नेपाली करेंसी, तीन एंड्रायड मोबाइल बरामद हुई। गिरफ्तार तस्करों की पहचान बांके जिले के कोहलपुर वार्ड नम्बर 11 निवासी निर्जन ढकाल, वर्दिया जिले के बढ़िया ताल वार्ड नम्बर सात निवासी विशाल सिंह ठकुरी के रूप में हुई। दोनों से पूछताछ में पता चला कि यह ब्राउन शुगर भारत के बाराबंकी जिले के किसी तस्कर से डिलीवरी हुई थी। बाइक वर्दिया जिले के बढ़ियाताल निवासी विक्रम सिंह की हुई, जो इस गैंग का सक्रिय सदस्य है। नेपाली पुलिस ने बरामद ब्राउन शुगर व अन्य सामान सहित तीनों तस्करों को जिला मुख्यालय स्थित जिला पुलिस कार्यालय को सौंप दिया है। वहां तस्करों से पूछताछ की जा रही है।

## चाकू संग दो गिरफ्तार

**विशेश्वरगंज :** बड़नापुर तिराहे पर शनिवार रात पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध अवस्था में रोहनीभारी निवासी रमेश व गिरजाशंकर को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से अवैध चाकू बरामद हुआ। (संसू)

## शांति समिति की बैठक आज

**गंभीरवाबाजार :** राम्मगांव थाने में सोमवार शाम चार बजे से शांति समिति की बैठक होगी। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि इसमें शबे बरात व होली त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर रणनीति तैयार की जाएगी। (संसू)

# अब अपराधियों पर शिकंजा कसेगा आपरेशन 'चक्रव्यूह'

संतोष श्रीवास्तव ● बहराइच

**जागरण विशेष**

- 1054 ग्राम पंचायतों को सीसी कैमरों से लैस करने की कवायद
- हर आपराधिक हलचल पर होगी पुलिस की पैनी नजर

भारत-नेपाल सीमा से सटे तराई के जिले बहराइच में अब अपराध व अपराधियों पर शिकंजा कसने को लेकर एसपी ने ऐसा चक्रव्यूह तैयार किया है कि गांव में होने वाली हर हलचल पर पुलिस की पैनी नजर होगी। इस कार्य में ग्राम पंचायतों का सहयोग लिया जाएगा।

सीमावर्ती इलाकों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में सीसी कैमरा लगाए जाने की कवायद शुरू की जाएगी। कैमरों के लगने से पुलिस को बल मिलेगा। एसपी प्रशांत वर्मा ने बताया कि अब ग्रामीण इलाकों में भी सुरक्षा के इंतजाम पुख्ता किए जाएंगे। इसके लिए ग्राम प्रधानों का भी सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब गांव-गांव सीसी कैमरा लगाया जाएगा। लगभग एक माह तक रिकार्डिंग डाटा सेव किए जाने को लेकर इसमें ज्यादा से ज्यादा जीबी की हार्ड डिस्क लगवाने का प्रयास किया जाएगा। जिले में कुल 1054 ग्राम पंचायतें हैं। प्रत्येक गांवों में सीसी कैमरों को लगाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर बैठक की जाएगी। ग्राम प्रधान, पंचायत सदस्यों व ग्रामीणों की मौजूदगी में आयोजित की जाने वाली बैठक में सभी से सीसी



प्रशांत वर्मा, पुलिस अधीक्षक ● जागरण

कैमरा लगाने का आह्वान किया जाएगा। इसके साथ ही कैमरों की उपयोगिता को भी बताया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसे एक अभियान सरीखा चलाया जाएगा। प्रयास किया जाएगा कि ज्यादातर ग्राम पंचायतों में सीसी कैमरा लगे। इससे गांव में अराजकता फैलाने वालों के साथ आपराधिक वारदातों को अंजाम देने वाले भी आसानी से पकड़ में आ सकेंगे। इस संबंध में जिला पंचायतराज अधिकारी उमाकांत पांडेय ने बताया कि गांवों में सीसी कैमरा लगवाए जाने को लेकर एसपी का पत्र आया है।

# संपूर्ण समाधान दिवसों में भी नहीं मिल पा रहा न्याय

**संसू,फखरपुर(बहराइच) :** थानों व तहसीलों में आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस में भी पीड़ितों को न्याय नहीं मिल रहा है। शासन के निर्देश हैं कि विभागों के उच्चाधिकारी समस्या सुनकर राजस्व विभाग पुलिस टीम के साथ जमीनी विवादों का समाधान कराए, लेकिन राजस्व विभाग की लापरवाही से आने वाले प्रार्थना पत्रों का निस्तारण नहीं हो पाता है। ऐसे में पीड़ितों को कई बार चक्कर लगाना पड़ रहा है।

बीते शनिवार को थानाध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा समस्याओं को सुनकर निस्तारण के निर्देश दे रहे थे। बगल में बैठी आरक्षी रश्मि तिवारी प्रार्थना पत्र समाधान रजिस्टर पर चढ़ाकर हल्का लेखपाल को निस्तारण के लिए दे रही थी। राजस्व निरीक्षक छत्रपाल सिंह छह लेखपालों के साथ मौजूद थे। चार लेखपाल नहीं आए। सौगहना निवासी मोहम्मद अहमद नाली पानी की निकासी की समस्या लेकर पहुंचे। बताया कि बगल में शकील की बाग है। पानी निकालने से मना कर रहे हैं। एसओ ने ग्राम प्रधान से बात कर समस्या समाधान कराने को कहा। गजाधरपुर निवासी लवकुश ने बताया कि ग्राम समाज की जमीन पर दबंग ने कब्जा कर लिया है। दूसरी बार थाने पर आए हैं। लेखपाल नपाई करने नहीं जाते हैं। बहेलिया निवासी मुन्नी शिकायती पत्र देकर रोने लगी। कहा कि साहब लड़का बाहर है। सास-बहू घर पर





उमा वर्मा और मुन्नी देवी ● जागरण



रमेश त्रिवेदी



लवकुश

हैं। पड़ोसियों ने उन्हें मारापीटा है। महमूदपुर सूरजपुर के जितेंद्र कुमार ने बताया कि दो बीघा जमीन का एग्रीमेंट कराया था। बैनामा नहीं हुआ। जमींदार पैसा भी नहीं दे रहा है। टंडवा महंत के जगदीश मौर्य ने पैमाइश कराने को लेकर शिकायती पत्र दिया। लेखपाल महावीर ने बताया कि धारा 24 कराएं तभी समाधान होगा।

भिलोरा बासू की उमा वर्मा ने बताया कि उनके पति की मौत के बाद दबंगों ने जमीन व मकान पर कब्जा कर लिया है। पीड़िता खुले आसमान में पन्नी तानकर रहने को विवश है। एसओ ने बताया कि जांच कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिसिंग में फखरपुर थाना अव्वल कैसरगंज कोतवाली रही द्वितीय

## एडीजी जोन गोरखपुर ने पुलिसकर्मियों के कार्य का लिया था फीडबैक, महिला थाने को मिला तीसरा स्थान

संसू, फखरपुर/कैसरगंज(बहराइच) : पुलिस के प्रति नकारात्मक सोच रखने वालों के लिए फखरपुर थानाध्यक्ष व कैसरगंज कोतवाल मिसाल बने हैं। पुलिस का रवैया अब जनता के प्रति सुधर रहा है। इसे हम नहीं, स्वयं आमजन कह रहा है। जनता ने थानों व कोतवालियों में कार्यरत पुलिसकर्मियों के कार्यों की समीक्षा कर फीडबैक में रेटिंग तय की है। इसमें फखरपुर थाना अव्वल रहा। दूसरे स्थान पर कैसरगंज कोतवाली व तीसरे स्थान पर महिला थाना ने जनता का दिल जीता।

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार के निर्देशन में पब्लिक अप्रूवल रेटिंग कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक बहराइच प्रशांत वर्मा के नेतृत्व में चलाया गया। ट्विटर पोल वोटिंग/फीडबैक (जनसुनवाई, आइजीआरएस, ट्वीट पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण व एफआइआर पंजीकरण, एनसीआर, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन) के संबंध में जिले के सभी थानों व कोतवालियों में कार्यरत पुलिसकर्मियों के कार्य व्यवहार का जनता से फीडबैक लिया गया। डायरेक्ट पोल में फखरपुर थाना ने पहला स्थान प्राप्त किया। एसपी ने बताया कि फखरपुर थानाध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा प्रथम, कैसरगंज कोतवाल द्दन सिंह को दूसरा व महिला थानाध्यक्ष शीला यादव को बेहतर कार्य के लिए तीसरा स्थान मिला है।


दद्दन सिंह, कोतवाल कैसरगंज


वेद प्रकाश शर्मा, एसओ फखरपुर

# ढाई किलो गांजा संग तस्कर गिरफ्तार

**संसू, महसी(बहराइच)** : हरदी पुलिस ने ढाई किलो गांजा संग एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपित बाइक चोरी के दर्ज मुकदमे में वांछित था। पहले से ही 17 मुकदमे दर्ज हैं। हरदी इलाके के ग्राम महाराजगंज जोतचांद पारा निवासी रिजवान के खिलाफ बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज था। वह काफी दिनों से फरार चल रहा था।

थानाध्यक्ष अंजनी कुमार राय ने बताया कि वे हमराही पुलिसकर्मियों के साथ गश्त पर थे। मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति गांजा लेकर जा रहा है। टीम ने घेराबंदी कर महराजगंज स्थित नहर पुलिया के पास से रोककर तलाशी ली तो उसके पास से गांजा बरामद हुआ। एसओ ने बताया कि उसकी पहचान हरदी के जोतचांदपारा निवासी रिजवान के रूप में हुई।

वह बाइक चोरी के मामले में भी वांछित था। गिरफ्तारी टीम में एसआई प्रमोद कुमार, अयोध्या सिंह, मुख्य आरक्षी रवींद्र कुमार, अखिलेश यादव, मनोज पटेल आरक्षी परमेश कुमार, अश्वनी राज शामिल रहे।

# जिलाधिकारी ने सम्मानित किए स्वच्छता प्रहरी

संसू, नानपारा/रिसिया (बहराइच) : रिसिया ब्लाक के ग्राम बंगलाचक व बलहा विकास खंड परिसर में रविवार को रेकिट इंडिया और जागरण पहल की ओर से डेटाल बनेगा स्वस्थ इंडिया कार्यक्रम आयोजित किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। हाथ धुलने के तरीके बताए। जिलाधिकारी डा. दिनेशचंद्र ने स्वच्छता प्रहरियों को प्रशस्ति पत्र दिया।

डेटाल बनेगा स्वस्थ इंडिया के माध्यम से डायरिया नेट जीरो एंड सेफर टायलेट फार आल परियोजना का संचालन किया जा रहा है। इसमें जिले के 2415 स्वयंसेवी महिलाओं को दस्त प्रबंधन के सात सूत्र पर प्रशिक्षित किया गया। यह गांव-गांव जाकर लोगों को जलजनित बीमारियों सहित स्वच्छता के प्रति जागरूक



स्वच्छता प्रहरी ज्योति तिवारी को प्रमाण पत्र देते डीएम डा.दिनेशचंद्र ● जागरण

कर रही हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि यह स्वच्छता प्रहरी सुदूर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को दस्त प्रबंधन के सात सूत्र पर प्रशिक्षित और जागरूक कर रही हैं जो सराहनीय है। गृह भ्रमण, माताओं के समूह के साथ बैठक, नुक्कड़ नाटक, दीवाल लेखन आदि के माध्यम से स्वच्छ और स्वस्थ भारत के सपने को पूरा करने में अपनी अग्रणी भूमिका अदा कर रही हैं। डीएम ने मुंबई से आई नुक्कड़ नाटक की टीम को हरी झंडी दिखाकर गावों में जागरूकता के लिए रवाना किया। बलहा ब्लाक परिसर व बंगलाचक गांव में बिदु भूषण पांडा निदेशक एवं फिल्म निर्माता, रेड पांडा एंटरटेनमेंट मुंबई के निर्देशन में टीम ने नुक्कड़ नाटक किया। पहल के राज्य प्रबंधक ओम प्रकाश ने कार्यक्रम के बारे में बताया।

राज्य कार्यक्रम अधिकारी सुनील पांडेय ने संचालन किया। इस मौके पर एसपी प्रशांत वर्मा, एएसपी ग्रामीण डा.पवित्र मोहन त्रिपाठी, एसडीएम अजीत परेश, सीओ राहुल पांडे, बीडीओ सौरभ श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार, ऊषा, ज्योति तिवारी, दीपांशी, सिम्मी बेगम, अमरेश मौर्य, नीतू, सौनी, गीता, जाहिरा, पुष्पा आदि मौजूद रहे।

# तेंदुए ने दो पशुओं को बनाया निवाला

कतर्नियाघाट (बहराइच)। मटेही गांव में शनिवार रात एक तेंदुए घुस गया। दो पशुओं को निवाला बनाया। एक पशु को घायल कर दिया। सूचना रेंज कार्यालय पर दी गई है।

कतर्नियाघाट संरक्षित वन क्षेत्र के निशानगाड़ा रेंज अंतर्गत मटेही गांव निवासी कुलविंदर सिंह के अहाते में बछिया बंधी थी। शनिवार देर रात जंगल से निकलकर आए तेंदुए ने बछिया को निवाला बना लिया। इसके बाद तेंदुए ने पड़ोसी सतनाम सिंह के अहाते में बंधे बछड़े व गाय पर हमला कर दिया। शोर सुनकर परिवारीजन दौड़े। इसी दौरान बछड़े ने दम तोड़ दिया। जबकि गाय गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों ने तेंदुए के हमले की जानकारी रेंज कार्यालय पर दी। लेकिन कोई भी वनकर्मी मौके पर नहीं पहुंचा है। इससे ग्रामीणों में रोष है। सभी ने वनकर्मियों पर ढिलाई का आरोप लगाया है। ब्यूरो

**मटेही गांव की घटना, एक पशु घायल**

# 18 बोटे लकड़ी बरामद, तीन दबोचे

गायघाट (बहराइच)। मोतीपुर पुलिस ने सर्राकला गांव के पास छापेमारी कर 18 बोटा साखू की लकड़ी बरामद की है। मौके से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सभी को जेल भेज दिया है।

**सर्राकला गांव के पास छापेमारी कर किया गिरफ्तार**

मोतीपुर थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह को मुखबिर ने चकिया वन रेंज के जंगल में अवैध कटान की सूचना दी थी। सूचना मिलने के बाद थानाध्यक्ष ने टीम के साथ ग्राम सर्राकला के निया टोली मजरे में छापेमारी की। मोहम्मद इजराइल के घर छापेमारी कर पुलिस ने 18 बोटा साखू की लकड़ी बरामद की। मौके से चिरान कर रहे इजराइल, ओम प्रकाश और छत्रपाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि केस दर्ज कर सभी को जेल भेज दिया गया है, जबकि बरामद लकड़ी को चकिया वन रेंज के सुपुर्द किया गया है। ब्यूरो

# कानून को हाथ में न लें ग्रामीण : सीओ



कोतवाली नानपारा के गुलालपुरवा गांव में ग्रामीणों को कानून की बारीकियां बताते सीओ।

अमर उजाला ब्यूरो

नानपारा। गुलालपुरवा गांव में रविवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा ने ग्रामीणों को शिविर के माध्यम से कानून की जानकारी दी। सीओ ने कहा कि ग्रामीण किसी भी घटना की जानकारी पुलिस को दें। कानून को अपने हाथ में न लें, जिससे उन्हें परेशानी न हो।

कोतवाली नानपारा अंतर्गत गुलालपुरवा गांव में रविवार को शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में ग्रामीणों को कानून व अधिकार की जानकारी क्षेत्राधिकारी विजय प्रकाश सिंह ने दी। कहा कि ग्रामीण बच्चों की शिक्षा के बारे

## शिविर लगाकर ग्रामीणों को दी जानकारी

में ध्यान दें। उन्हें कानून की भी जानकारी देते रहें।

उन्होंने कहा कि नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में अपराध पर नियंत्रण पाने व अपराधियों की सटीक जानकारी के लिए जनता और पुलिस के बीच संवाद जरूरी है। किसी भी अपराध की जानकारी होती है तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। उन्होंने कहा कि पुलिस ग्रामीणों की सेवा के लिए सदैव तत्पर हैं। किसी भी घटना की जानकारी के लिए हर थाना क्षेत्रों में डायल 100 की सुविधाएं है।

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 27-02-2023

# कच्ची शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**श्रावस्ती, संवाददाता।** क्षेत्र भ्रमण के दौरान पुलिस ने 40 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। साथ ही दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की ओर से अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। एसपी के निर्देशानुसार रविवार कोतवाली भिनगा के प्रभारी निरीक्षक जीतेन्द्र कुमार सिंह टीम के साथ अवैश शराब कारोबारियों की धर पकड़ के लिए क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे।

इस दौरान पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से कुल 40 लीटर कच्ची शराब बरामद किया।दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान मोनू कुमार पुत्र ओरीलाल निवासी महरी व मुकेश कुमार पुत्र रामसागर निवासी लालपुर थाना भिनगा के रूप में हुई। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर जेल भेजा गया।

## 40 वाहनों का काटा गया चालान

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रविवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की ओर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर वहां से आते जाते वाहनों को रोक कर चेकिंग की।

# 40 वाहनों का ई-चालान

**भिनगा :** पुलिस टीम ने बैरियर व चेक पोस्ट पर जांच कर 40 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत ई-चालान किया। साथ ही 50,500 रुपये का शमन किया।(वि.)

# 40 लीटर कच्ची शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**श्रावस्ती :** भिनगा पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान लालपुर महरी प्राथमिक विद्यालय के पास से लालपुर महरी निवासी मोनू कुमार व टंडवा बनकटवा गांव के पास मुकेश कुमार को गिरफ्तार किया। दोनों के पास से प्लास्टिक पिपिया में 20-20 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपितों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। (वि.)

# कोर्ट के आदेश का पालन कराने की मांग

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली क्षेत्र के वार्ड नंबर 21 गांधी नगर (लक्ष्मणपुर इटवरिया) निवासी चंद्रबली ने रविवार को एसपी प्राची सिंह को शिकायती पत्र सौंपा। इसमें आरोप लगाया कि सिविल जज अवर खंड का स्थगन आदेश होने के बावजूद उसकी भूमि पर पड़ोसी कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने न्यायालय के आदेश का पालन कराने की मांग की। संवाद

# कच्ची शराब के साथ पांच को पकड़ा

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली पुलिस ने शनिवार रात क्षेत्र भ्रमण के दौरान दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से पुलिस ने बीस-बीस लीटर कच्ची शराब बरामद की। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महरी निवासी मोनू कुमार व मुकेश कुमार के रूप में हुई। वहीं, हरदत्त नगर गिरंट पुलिस ने शुक्रवार रात क्षेत्र भ्रमण के दौरान मोहनलाल पुरवा मोड़ के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस ने दस लीटर कच्ची शराब बरामद किया। गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के ग्राम रजपुतिया निवासी प्रेम कुमार उर्फ पतरका के रूप में हुई। वहीं, सिरसिया पुलिस ने राजपुर मोड़ के पास से दो लोगों को गिरफ्तार किया जिनके पास से दस-दस लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। गिरफ्तार युवकों की पहचान भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रमखड़वा निवासी मनोज कुमार निषाद व मनोज कुमार निषाद के रूप में हुई। संवाद

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**इकौना (श्रावस्ती)।** न्यू मॉडर्न थाना पुलिस ने शुक्रवार रात कटरा बाईपास के निकट से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार कटरा निवासी प्रमोद कैराती दुष्कर्म के आरोप में वांछित था। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने न्यायालय के समक्ष पेश किया। संवाद

# महिलाओं व युवतियों को किया जागरूक



**श्रावस्ती।** महिलाओं व युवतियों को उनके अधिकार व कानूनों की जानकारी देने के लिए थाना स्तर पर टीम गठित की गई है। टीम भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर महिलाओं व युवतियों को जागरूक कर रही है। इसी क्रम में रविवार को इकौना के भोजपुर, पटेल नगर, कोरी पुरवा में टीम ने चौपाल लगा कर महिलाओं को जागरूक किया। संवाद